RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 6
नई दिल्ली, बुधवार, 8 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# प्रदूषण से लोगों को मरने नहीं दे सकतेः कोर्ट

## शीर्ष न्यायालय का पंजाब, हरियाणा, उप्र, राजस्थान को पराली जलाने पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश, किया प्रश्न-सम-विषम योजना क्या पहले सफल हुई

● राज्यों द्वारा एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने पर कड़ा रुख अपनाते हुए पीठ ने कहा, हमेशा राजनीतिक लड़ाई नहीं हो सकती

**एजेंसी।** नई दिल्ली





जलाई गई पराली से फैल रहा प्रदूषण फाइल फोटो

**दिल्ली** एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के बीच उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को फसल अवशेष (पराली) जलाने पर तत्काल रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि वह प्रदूषण की वजह से लोगों को मरता नहीं छोड़ सकता।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने कहा, मुझे अफसोस है, यह पूरी तरह से लोगों के स्वास्थ्य की हत्या है। इसके अलावा मेरे पास कोई शब्द नहीं है। न्यायमूर्ति कौल मामले की सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया भी इस पीठ के सदस्य हैं। राज्यों द्वारा एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने पर कड़ा रुख अपनाते हुए पीठ ने कहा, हमेशा राजनीतिक लड़ाई नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी दिल्ली सरकार द्वारा दीवाली के एक दिन बाद यानी 13 नवंबर से सम-विषम यातायात योजना लागू करने की घोषणा किए जाने के एक दिन बाद की। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिवाली के बाद प्रदूषण बढ़ने की आशंका के मद्देनजर यह व्यवस्था लागू कर रही है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए, पीठ ने पराली जलाने, वाहन प्रदूषण और खुले में कचरा जलाने जैसे मुद्दों पर गौर किया। शीर्ष अदालत ने 1985 में वायु प्रदूषण को लेकर पर्यावरणविद एम. सी. मेहता द्वारा दाखिल याचिका पर संज्ञान लिया है और जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पराली जलाने का मुद्दा उठा। धान की फसल की कटाई के बाद बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पीठ ने कहा, यह चिंता का विषय है...पराली जलाने की घटनाएं रुक नहीं रहीं।

राज्यों ने फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की ? पीठ ने कहा कि दिल्ली साल-दर-साल इस स्थिति से नहीं जूझ सकती। पंजाब की ओर से पेश अधिवक्ता ने दावा किया कि पिछले साल के मुकाबले पराली जलाने की घटनाओं में 40 फीसदी की कमी आई है। इस पर पीठ ने अधिवक्ता से कहा, हम ये सब रोकना चाहते हैं। हमें इसकी परवाह नहीं है कि आप यह कैसे करते हैं। यह आपका काम है कि इसे कैसे करना है। यह रुकनी चाहिए। आपको इसे रोकना ही होगा, चाहे बलपूर्वक कार्रवाई से, कभी प्रोत्साहन से, कभी अन्य कार्रवाई से, लेकिन आपको इसे रोकना ही होगा। शीर्ष अदालत ने प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के कारण लोगों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा, हम, इसके (प्रदूषण) कारण लोगों को मरने नहीं दे सकते। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली के निवासी साल-दर-साल इस समय स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, क्योंकि समस्या का समाधान नहीं खोजा जा सका है। पीठ ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि शहर में कूड़े को खुले में न जलाया जाए। पीठ ने कहा, हम पंजाब की राज्य सरकार और इस मामले में दिल्ली से सटे अन्य सभी राज्यों यानी हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हैं कि वे सुनिश्चित करें कि पराली जलाने की घटनाएं तुरंत बंद हों।

पीठ ने मुख्य सचिव की समग्र निगरानी में संबंधित थाना प्रभारियों (एसएचओ) को फसल अवशेष जलाने से रोकने की जिम्मेदारी दी। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि वह नहीं कह रही है कि फसलों के अवशेष जलाने से ही प्रदूषण हो रहा है लेकिन साल की इस अवधि में इसकी उल्लेखनीय हिस्सेदारी है। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार के वकील से सवाल किया कि क्या सम-विषम योजना तब सफल हुई थी जब इसे पहले लागू किया गया था। पीठ ने कहा, यह सब दिखाने के लिए किया गया है, यही दिक्कत है। अदालत की यह टिप्पणी दिल्ली सरकार द्वारा दिवाली के एक दिन बाद 13 नवंबर से कार के लिए सम-विषम योजना लागू करने के फैसले की घोषणा करने के एक ( शेष पेज 9 )

# जहरीली हवा पर शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर

● आप और भाजपा में नोकझोंक, मंगलवार को पंजाब में 1515, हरियाणा में 26 और यूपी में 167 स्थानों पर जली पराली

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



धुंध की चादर में लिपटी राजधानी दिल्ली। फोटोः रंजन डिमरी

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंचने के साथ केजरीवाल की आप सरकार और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल की भाजपा सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। दोनों दल इस चिंताजनक हालात के लिए एक दूसरे पर उंगली उठा रहे हैं। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 29 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच पंजाब में 20,978, हरियाणा में 1605, उत्तर प्रदेश में 1439, दिल्ली में 3 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं।

वहीं मंगलवार को पंजाब में 1515, हरियाणा में 26 और यूपी में 167 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं। लगातार पांच दिनों तक वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी के बाद दिल्ली में प्रदूषण का स्तर मंगलवार सुबह थोड़ा कम होने के बावजूद बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 395 रहा, जो सोमवार को दर्ज किए गए 421 से मामूली रूप से कम है। पड़ोसी राज्य हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी खतरनाक वायु गुणवत्ता की सूचना है। आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने दिल्ली में वायु प्रदूषण से पैदा हुए गंभीर हालात के लिए हरियाणा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में पिछले साल के मुकाबले 50 से 60 फीसदी कम पराली जलाई गई, अभी जो पराली जल रही है वह 500 किलोमीटर की दूरी पर है, जबकि हरियाणा में सिर्फ 100 किलोमीटर दूर पराली जल रही है। कक्कड़ ने हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर से 2014 के बाद प्रदूषण से निपटने के लिए अपने राज्य में किए उपाय के बारे में पूछते हुए सवाल उठाया। उन्होंने कहा है कि हरियाणा की ज्यादातर फैक्ट्रियां दिल्ली-एनसीआर में हैं, वहां से भी प्रदूषण दिल्ली आ रहा है। जबकि पराली का समाधान अब तक खट्टर सरकार नहीं कर पाई है, हरियाणा की भाजपा सरकार केवल पराली जलाने पर किसानों पर एफआईआर दर्ज करना जानती है।

आप प्रवक्ता ने राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के लिए हरियाणा की बड़ी भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली के लोग पड़ोसी राज्य से आने वाले प्रदूषण को क्यों बर्दाश्त करें। हरियाणा सरकार को प्रदूषण संबंधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लगातार फंड मिलता रहा है। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 का हवाला देते हुए यह भी दावा किया कि दिल्ली में वायु प्रदूषण 31 फीसदी कम हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में केंद्र सरकार ने माना कि दिल्ली में हवा की गुणवत्ता पिछले आठ ( शेष पेज 9 )

# छत्तीसगढ़ में विस चुनाव का पहला चरण हुआ पूरा

● 20 सीटों के लिए 71 फीसदी मतदान, मिजोरम में विधानसभा चुनावों में 77 प्रतिशत वोटिंग

● छत्तीसगढ़ में रमन सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख और सांसद दीपक बैज तथा तीन मंत्रियों का भाग्य ईवीएम में बंद हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/रायपुर/आइज़वाल



छत्तीसगढ़ में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में वोट डालने के लिए मतदान केंद्र बाहर कतार में खड़ी महिला मतदाता।


**नक्सली** हिंसा की खबरों और बहिष्कार के आह्वान के बीच मंगलवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 20 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए लगभग 71 प्रतिशत का अनंतिम मतदान दर्ज किया गया, जबकि एकल चरण मिजोरम विधानसभा चुनाव 77 प्रतिशत से अधिक के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

8.57 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वोटों की गिनती अन्य राज्यों के साथ 3 दिसंबर को की जाएगी, जहां इस महीने अलग-अलग अंतराल पर चुनाव होने हैं। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख और सांसद दीपक बैज और भूपेश बघेल कैबिनेट के कम से कम तीन मंत्रियों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। शेष 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए दूसरे चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर और कांकेर जिलों से हिंसा की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने कहा कि सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जबकि मतदान के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग क्षेत्र वर्चस्व अभियानों के दौरान उसी जिले में टोंडामरका शिविर के पास एक आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ कमांडो घायल हो गए। पुलिस ने बताया, नारायणपुर, बीजापुर और कांकेर जिलों में भी नक्सलियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी हुई। हालांकि, उन घटनाओं में ( शेष पेज 9 )

# सोशल मीडिया मंच 24 घंटे में हटाए छेड़छाड़ की गई तस्वीरें : सरकार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर छेड़छाड़ की गई तस्वीरों को हटाने के लिए कहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का काट-छांट किया गया (डीप फेक) वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा है। नेटिज़न्स का दावा है कि वीडियो से छेड़छाड़ की गई है और वास्तविक वीडियो ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला का है। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, आईटी नियमों के उपबंध और सोशल मीडिया कंपनियों के दायित्वों का हवाला देते हुए सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को एक परामर्श जारी किया गया है। परामर्श के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को उस सामग्री को हटाने या अक्षम करने के लिए ( शेष पेज 9 )






**विश्व कप क्रिकेट**

- **परिणामः** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया
- **आजः** इंग्लैड और नीदरलैंड

## क्विक न्यूज

### भारत ने प्रलय मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया

**बालासोर।** भारत ने ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) प्रलय का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देशों चीन एवं पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमाओं पर रक्षा जरूरतों के मद्देनजर इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब नौ बजकर 50 मिनट पर प्रक्षेपित की गई मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि समुद्र तट के पास कई उपकरणों ने इसके प्रक्षेपण पथ पर नजर रखी।

# बंद होने के कगार पर थी केरल के राज्यपाल की रसोई

● प्रदेश सरकार पर राजभवन के खर्चे के भुगतान में देरी का आरोप, इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के चलते आरिफ मोहम्मद खान खिलाफ प्रतिशोध के रूप में देखा जा रहा

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि



राजभवन के पास प्रदर्शन करते लोग

'**चींटियां** आग खा रही हैं' केरल में इस्तेमाल की जाने वाली एक आम कहावत है। इसका शाब्दिक अर्थ यह है कि निचले तबके के लोग शक्तिशाली लोगों को शर्मिंदा करने की कोशिश करते हैं। यह राज्य में हुआ है और यह उस स्तर पर पहुंच गया है जब केरल के प्रथम नागरिक के लिए राजभवन की रसोई बंद होने के कगार पर थी और इसके चलते राज्यपाल को पास के रेस्तरां से भोजन खरीदना पड़ता।

राजभवन के एक सूत्र ने पायनियर को बताया कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पास के भोजनालयों से अपना भोजन ऑर्डर करने के कगार पर थे, जब माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने राजभवन के लिए निधि का एक हिस्सा जारी किया। अगर सरकार ने इसे मंजूरी नहीं दी होती तो हमने ऐसा परिदृश्य देखा होता कि राज्यपाल को होटलों से खरीदारी करनी पड़ी। राजभवन की रसोई बंद होने के अलावा राज्य ने राज्यपाल की आधिकारिक कार सहित आधा दर्जन वाहनों को ( शेष पेज 9 )

# सिग्नल पर इंजन बंद करें वाहन चालक: ट्रैफिक पुलिस

## फायर सर्विस ने सड़कों पर किया छिड़काव, प्रदूषण प्रमाण पत्र साथ रखने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए नोएडा पुलिस ने गाइड लाइन जारी की है। इसका पालन करना होगा। अन्यथा आपको जुर्माना भरना पड़ेगा साथ ही आपका वाहन सीज भी किया जा सकता है। ये नियम ग्रेप-4 लागू होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट की ओर से जारी किए गए है जिसमें कहा गया है कि ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े होते ही वाहनों को बंद करे और कम दूरी के लिए साइकिल से जाए।



नोएडा में डीजल से चलने वाले ट्रैक्टर को जब्त करते पुलिस वाले।

मंगलवार को नोएडा में एयर क्वालिटी इंडेक्स-350 के आसपास रिकार्ड किया गया। गौतमबुद्ध नगर में प्रदूषण से निपटने के लिए अब फायर विभाग भी इसमें शामिल हो गया है।

नोएडा के फायर सर्विस की 12 यूनिटों ने 50 स्थानों पर जल छिड़काव किया। उन्होंने अपनी गाड़ियों से सड़क और ग्रीन बेल्ट में वाटर स्प्रिंकल किया। जिससे धूल को दबाया जा सके। बता दो नोएडा-ग्रेटर नोएडा में ग्रेप-4 लागू हो गया है।

यहां एक्यूआई 450 तक पहुंच गया है। इसके चलते कई प्रतिबंध भी लगाए गए है। जिसमें ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े होते ही वाहनों को बंद करे और कम दूरी के लिए साइकिल से जाए। ग्रेप-4 लागू होते ही नोएडा पुलिस कमिश्नर की ओर से भी गाइड लाइन जारी कर दी गई है। इसके तहत बीएस.3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एनएमवीएस वाहन नहीं चलेंगे। जरुरी सामन को छोड़कर कोई भी ट्रक दिल्ली में प्रवेश नहीं करेगा।

स्वच्छ पर्यावरण प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालक प्रदूषण प्रमाण.पत्र अपडेट रखना सुनिश्चित करे। वाहनों का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र अनिवार्य है।

### ग्रेटर नोएडा बना सबसे प्रदूषित शहर

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मंगलवार को वायु प्रदूषण मे मामूली सुधार हुआ है, लेकिन ग्रेटर नोएडा अभी भी देश का सबसे दूषित शहर बना हुआ है। यहां की एक्यूआई 442 दर्ज की गई है। वायु प्रदूषण की वजह से लोगों काफी परेशानी हो रही है। आंखों में जलन हो रही है। एनसीआर गैस चैंबर के रूप में तब्दील हो चुका है।

ग्रेटर नोएडा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सबसे दूषित शहर रही। यहां की एक्यूआई 442 दर्ज की गई है जो की बेहद ही खतरनाक स्थिति में है। लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। आंखों में जलन हो रही है। दमा, खांसी, सांस, हृदय रोग और टीवी के मरीजों की हालत और नाजुक है। एनसीआर में सुबह से धुंध छाई हुई है।

## गाजियाबाद व नोएडा में नौवीं तक की कक्षाएं बंद करने के निर्देश

**नोएडा।** गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के जिला प्रशासन ने विद्यालयों को नर्सरी से नौवीं तक की कक्षाएं बुधवार से 10 अक्टूबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति काफी खतरनाक बनी हुई है तथा वायु गुणवत्ता काफी बुरी स्थिति में है। उन्होंने बताया कि इस बात को ध्यान में रखते हुए नर्सरी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों में 10 नवंबर तक की छुट्टी की गई है। उन्होंने कहा है कि विद्यालय इस दौरान ऑनलाइन क्लास चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी बोर्ड के विद्यालय बंद रहेंगे, और जो विद्यालय आदेश का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बीएस-4 और बीएस-3 वाहनों के खिलाफ अभियान

**नोएडा।** *नोएडा में भी पेट्रोल की बीएस-3 और डीजल की बीएस-4 इंजन वाली गाड़ियों को चलाने पर यातायात विभाग ने रोक लगा दी है। ट्रैफिक पुलिस की साथी में विभिन्न जगहों पर चेकिंग कर रही है। दर्जनों वाहनों के चालान ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त यातायात अनिल. यादव ने बताया कि एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पांच नवंबर को ग्रैप-4 लागू की गई। एनसीआर में खराब वायु गुणवत्ता के कारण आमजन के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में अब नोएडा में भी पेट्रोल की बीएस.3 और डीजल की बीएस.4 इंजन वाली* गाडियों को चलाने पर रोक लगी है।

## संक्षिप्त समाचार



डीपीएस के वार्षिक समारोह में नाटिका का मंचन करते छात्र-छात्रा।

### डीपीएस के वार्षिक समारोह में मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**गाजियाबाद।** डीपीएस इंदिरापुरम के वार्षिक समारोह छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन समारोह में 'अशोक-एहसास से आगाज तक' का मंचन किया गया जिसमें महान सम्राट अशोक के जीवन और यात्रा को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12वीं के 1100 से अधिक छात्र, 100 गायक मंडली के सदस्य, 100 से अधिक थिएटर उत्साही और 20 मनमोहक प्रदर्शन करने वाले शामिल थे। इस अवसर पर पद्म भूषण वीके शुंगलू उपाध्यक्ष- डीपीएस सोसाइटी, सेवानिवृत्त आईएएस और भारत के पूर्व नियंत्रक महालेखा परीक्षक (सीएजी), अभिषेक बंसल (ईडी पैसिफिक समूह), कुरियाकोस ( प्रिंसिपल- सेंट थॉमस स्कूल), और डॉ. जोसेफ इमैनुएल (निदेशक- शैक्षणिक सीबीएसई) अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रिया जॉन ने कहा कि वार्षिक समारोह हमारे छात्रों की उल्लेखनीय प्रतिभा और समर्पण का एक प्रमाण है।

### पेट्रोल पंप कर्मियों से 9.56 लाख की लूट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से मंगलवार को दिनदहाड़े 9.56 लाख रुपए लूट लिए। वो ये कैश जमा करने के लिए बैंक जा रहे थे। बैंक के बाहर बदमाश बाइक पर आए और रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। डीसीपी शुभम पटेल मौके पर पहुंच गए हैं। वे पीड़ित से बातचीत कर रहे हैं। वहीं पुलिस की एक टीम घटनास्थल के आसपास सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर रही है। इंदिरापुरम क्षेत्र में काला पत्थर के पास पेट्रोल पंप है। यहां तैनात कर्मचारी अजब सिंह सोमवार का कैश एक बैग में रखकर उसे स्टेट बैंक ऑफइंडिया में जमा कराने जा रहा था। नीति खंड चौकी क्षेत्र में ये बैंक है। जैसे ही वो बैंक के सामने पहुंचा तो एक बाइक पर कुछ बदमाश आए। वो नकाबपोश थे। उन्होंने गन पॉइंट पर अजब सिंह को लिया और बैग छीनकर बड़े आराम से भाग निकले। पीड़ित कर्मचारी ने शोर मचाया, तब तक बदमाश जा चुके थे। बैंककर्मी अजब सिंह ने बताया, बैग में 9 लाख 56 हजार 580 रुपए रखे हुए थे। मैं गाड़ी से उतरा ही था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर बैग छीनकर ले गए। अजब सिंह के साथ पेट्रोल पंप के दूसरे कर्मचारी दीपक कुमार भी साथ थे। उन्होंने बताया, हम बाइक से बैंक जा रहे थे। बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर रहे थे। तभी एक बाइक पर दो बदमाश आए और बैग छीनकर ले गए। मैं बाइक चला रहा था और बैग अजब सिंह के पास था।

### कॉलेज में जय श्रीराम का नारा लगाने पर विवाद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना वेव सिटी इलाके में सुंदरदीप कॉलेज में जय श्री राम का नारा लगाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। नारा लगाने को लेकर छात्रों और गार्ड में बहस होने लगी। किसी तहर से मामले को शांत कराया गया। हालांकि अभी किसी तरफ से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर कार्रवाई होगी। बता दें कि मुताबिक सोमवार को इस कॉलेज में फ्रेशर पार्टी थी। इसके बाद ऑडिटोरियम से बाहर निकलते हुए छात्र जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। वहां मौजूद गार्ड ने उनको ऐसा करने से रोका। विवेक यादव के मुताबिक गार्ड ने उनसे कहा कि जो नारे लगाने हैं वह कॉलेज परिसर से बाहर जाकर लगाएं, कॉलेज में लगाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद बताया जा रहा है कि छात्र और गार्ड के बीच नोकझोंक भी हुई। फिलहाल कॉलेज की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### टायर की हवा चेक कर रहे हेल्पर को कुचला

**नोएडा।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक के टायर की हवा चेक कर रहे हेल्पर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हेल्पर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थाना दादरी प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को शाहपुर गांव के पास ईस्टर्न पेरिफेरल पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति के दुर्घटना में मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचरनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान पंजाब निवासी बलजीत सिंह पुत्र गुरु बक्श सिंह के रूप में हुई। बलजीत सिंह ट्रक का हेल्पर था और वह शाहपुर गांव के पास पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक को खड़ा कर टायर की हवा चेक कर रहा था।अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल हुए बलजीत से मौके पर एकदम तोड़ दिया था।

# एल्विश यादव मामले पर वन मंत्री ने कहा- कोई भी कानून से ऊपर नहीं

- रेव पार्टियों में सांपों के जहर के संदिग्ध मामले को लेकर नामजद केस है दर्ज



एल्विश यादव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मंत्री अरुण सक्सेना ने यूट्यूबर एल्विश यादव से संबंधित मामले की जांच को लेकर कहा कि कोई भी हस्ती कानून से ऊपर नहीं है और इस प्रकरण में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के विजेता यादव, रेव पार्टियों में सांपों के जहर के इस्तेमाल के संदिग्ध मामले को लेकर नोएडा पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद लोगों में से एक हैं।

इस मामले के बारे में पूछे जाने पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सक्सेना ने कहा, कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। कोई भी हस्ती, चाहे वह कितनी भी बड़ी हो, कानून से ऊपर नहीं है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन नवंबर को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में यादव की कथित भूमिका की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार पार्टी के आयोजन स्थल बैंक्वेट हॉल से पांच कोबरा समेत नौ सांप बरामद किए गए थे जबकि सांप का 20 मिलीलीटर संदिग्ध जहर भी जब्त किया गया था। स्थानीय सेक्टर 49 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके प्रभारी उप-निरीक्षक को हटा दिया गया है। यह मामला नोएडा के दूसरे पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# गाजियाबाद नगर निगम का बजट पेश, कई प्रस्ताव पास

- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 350 नई गाड़ियां खरीदने को लेकर लगी मोहर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



नगर निगम कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुनीता दयाल ने की। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा की यह तीसरी कार्यकारिणी बैठक थी। बैठक में चालू वित्त वर्ष का बजट पेश किया गया।

इसके अलावा कई अन्य प्रस्ताव भी सदन में पेश किए गए। बैठक में नगर निगम की गाड़ियों के लिए नंदग्राम में एक डीजल पेट्रोल पम्प, दिवाली तक स्ट्रीट लाइट लगवाने और नई डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन की गाड़ियां खरीदने के निर्णय हुआ। बैठक में प्रस्ताव आय में 1562.53 करोड का बजट रखा गया जिसमें विक्रय प्रस्ताव 116.34 करोड का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिउए 350 नई गाड़ियां खरीदने को लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा निगम की गाड़ियों के लिए डीजल के लिए निगम नंदग्राम में अपना पम्प खोलेगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके बाद सीएनजी पंप भी बनाया जाएगा। इसके साथ ही दीवाली तक शहर में छह हजार खराब स्ट्रीट लाइटों को बदला जाएगा। जहां लाइट नहीं हैं वहां लाइट उपलब्ध कराई जाएंगी। इसको लेकर कार्यकारिणी में सहमति बन गई है। कार्यकारिणी की बैठक यह तीसरी बैठक है जिसमें पूरक बजट पेश किया गया।

इसके अलावा वसुधरा, मोहननगर, कविनगर जोन के कुल 19 विकास के कार्यों के प्रस्ताव पेश किए गए। इनके अलावा अलग अलग प्रस्तावों के कुल 14 प्रस्ताव पेश किए गए। इनमें दो प्रस्ताव पूर्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक के पुष्टि के प्रस्ताव पेश हुए। यह बैठक 28 जुलाई और आठ अगस्त को हुई थी। इनके अलावा राजनगर एक्सटेंशन में जीडीए के बने सीवरट्रीटमेंट प्लांट के रखरखाव के लिए पैसा रिलीज करने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव में कहा गया कि एनके जी इन्फ्रास्ट्रक्चर

# डायल 112: महिला कर्मचारी हड़ताल पर गई

- स्थायी नौकरी व वेतन बढ़ोत्तरी को लेकर कर्मियों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने में पुलिस की रीड बन चुके डायल-112 के तीनों जोन में तैनात हजारों महिला संवाद अधिकारियों के द्वारा हड़ताल पर जाने की घोषणा के बाद जहां शासन से लेकर प्रदेश के सभी जनपदों/कमिश्नरेट सिस्टम की स्थिति नाजुक होती दिखाई देने लगी है।

वहीं हड़ताल का खामियाजा आमजनों को भी उठाना पड़ रहा है। बता दे कि स्थायी नौकरी, पे स्केल में बढ़ोत्तरी और अन्य सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए डायल 112 लखनऊ जोन में तैनात संवाद अधिकारियों/महिला संविदाकर्मियों ने हड़ताल शुरू करके कंट्रोलरूम के बाहर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

लखनऊ के अलावा प्रयागराज व गाजियाबाद जोन में भी डायल 112 में तैनात संवाद अधिकारियों ने हड़ताल शुरू कर दी तो शासन व कमिश्नरेट सिस्टम से लेकर सूबे के सभी जनपदों के कप्तानों के होश उड़ गये। जिसके बाद शासन स्तर से लेकर तीनों जोन के आला अफसरों ने हड़ताल पर जाने वाली संवाद अधिकारियों की मनुहार करके उन्हें काम पर लौटने के लिये समझाना शुरू कर दिया। हड़ताल करने वाले संवाद अधिकारियों ने अपनी सभी मांगे पूरी होने तक काम ना करने का अल्टीमेटम आला अधिकारियों को दे दिया।

गाजियाबाद जोन में भी डायल 112 में तैनात सैंकड़ों महिला संविदाकर्मियों ने न केवल हड़ताल जारी रखी बल्कि वो सभी कंट्रोलरूम के मेन गेट पर धरना प्रदर्शन भी करती रही। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस के आला अफसर हड़ताली संवाद अधिकारियों को समझाने का प्रयास कर रहे थे। बता दें कि डायल 112 के तीनों जोन में रोजाना 75 हजार से लेकर 80 हजार कॉल रिसीव की जाती हैं।

## ड्रेस कोड के बिना पहुंची 15 छात्राओं को गिन्नी देवी कॉलेज ने लौटाया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय में ड्रेस कोड विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिना ड्रेस पहनकर पहुंची 15 छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश नहीं मिला। इससे नाराज छात्राओं ने जमकर हंगामा किया।

गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय में ड्रेस कोड बदलने का माला तूल पकड़ता जा रहा है। ड्रेस कोड बदलने की मांग को लेकर छात्राएं दो बार कॉलेज परिसर में हंगामा कर चुकी हैं।

इसके अलावा कॉलेज के कई शिक्षिकाओं ने भी प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। महिला महाविद्यालय में अब ड्रेस में आने वाली छात्राओं को ही प्रवेश दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 15 छात्राएं बिना ड्रेस के कॉलेज में पहुंची।


**बिक्री सूचना**

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामलों में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण |
|---|---|
| आईसीआईसीआई बैंक लि. बनाम पीरू एवं अन्य सीएनआर सं. डीएलसीटी01-009006-2021 (सीएस(सीओएमएम) सं. : 2395/21) | वाहन नंबर - यूपी37एटी3643 मेक तथा माडल - टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा 1512 विनिर्माण वर्ष - 2019 |

नीलामी की तिथि एवं समय : 17 नवम्बर, 2023 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक
नीलामी का प्रकार : ऑनलाइन नीलामी
नीलामी पोर्टल नाम एवं यूआरएल लिंक : कार ट्रेड और
https://www.cartradeexchange.com
सम्पर्क व्यक्ति :- संतोष बलबंतराय (9163343439)/
अंकित सोनी (9324948920)

**बिक्री की शर्तें**

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने स्वयं के हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति का निरीक्षण और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सफल बोलीदाता को बिक्री राशि पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/ आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा स्वीकृति की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 228ए, एजेसी बोस रोड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, कोलकाता-700020 पधार सकते हैं।

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9 10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली 110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई मेल : camaccommercial@gmail.com
वेबसाइट : www.camaccommercial.com
30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रूपए लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त 30 09 2023 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 09 2023 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 09 2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 03 2023 लेखापरीक्षित |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 45.12 | 104.60 | 38.13 | 343.41 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 17.55 | (38.60) | (42.97) | 140.65 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 17.55 | (38.60) | (513.07) | (329.45) |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | 17.77 | (37.86) | (503.69) | (329.25) |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | (2,148.77) | (1,050.94) | 13,697.62 | 14,976.80 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | | 1,73,162.50 |
| 8. | रू. 10/ प्रत्येक के शेयर पर प्रति शेयर अर्जन 1. मूल (रू.) | 2.01 | (4.29) | (57.06) | (37.30) |
| | 2. तनुकृत (रू.) | 2.01 | (4.29) | (57.06) | (37.30) |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 07 नवम्बर, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 07 नवम्बर, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./
(मोनिका सराफ )
निदेशक
डीआईएन : 07503642
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 07-11-2023

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह-कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह-कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। सपंत्ति के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है :

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित कुमार शर्मा/ सुदेश शर्मा/ LBMRT00001452478 | पुराना मकान नंबर 103/1 बी, नया मकान नंबर-1110, इंद्रा नगर ब्रह्मपुरी, एक्सटेंशन दिल्ली रोड, मेरठ-250002, उत्तर प्रदेश/ नवंबर 04, 2023 | फरवरी 29, 2016 रु. 6,35,999/- | मेरठ/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।
दिनांक : नवंबर 08, 2023
स्थान : गाज़ियाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
प्रतिभूत लेनदार

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता- 700020, सीआईएन नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुमार करण टोप्पो/ लोलास टोप्पो/ ओमेगा यूनिस टोप्पो/एच-6 फर्स्ट फ्लोर ,सेल टैक्स कॉलोनी शंकर नगर, रायपुर रायपुर- 492001 LBRPR00005321685/ LBRPR00006167037/ LBRPR00005634998 | प्लॉट नंबर एच.आई.जी. डीलक्स 79, अंडर 17 एच.आई.जी. की योजना। डुप्लेक्स सेल्फ फाइनेंस स्कीम संत कबीर नगर, सोनडोंगरी रायपुर सर्कल, रायपुर डिवीजन, रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। (क्षेत्रफल 216 वर्ग मीटर) सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 04.11.2023 | जून 22, 2023 रु. 38,51,829/- | रायपुर/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक : नवंबर 08, 2023
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सार्वजनिक सूचना**

हम मैसर्स सुलतान इंटरनेशनल, पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या बी-0174/डीईएल/पीईआर/1000/5/8873/2012 दिनांक 12/11/2012 इमिग्रेशन अधिनियम 1983 के तहत हम ने अपने विदेशी जनशक्ति भर्ती व्यवसाय को बंद कर दिया है जो 04.04.2020 से प्रभावी होगा।
ऐसी स्थिति में यदि कंपनी या मालिक/प्रबंध भागीदार/प्रबंध निदेशक के खिलाफ कोई दावा है, तो इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर उस की शिकायत की जा सकती है। शिकायत की प्रतियां उत्प्रवासी संरक्षक जनरल, विदेश मंत्रालय, अकबर भवन, सत्य मार्ग, चाण्क्यपुरी, नई दिल्ली-110021 को भी भेजी जा सकती हैं।
श्री शुएबुल्लाह
प्रोपराइटर
1/1बी, तीसरी मंजिल, हेतराम हाउस, भरत नगर, एनएफसी, नई दिल्ली-65

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री बिरजू सिंह पुत्र श्री जुगो सिंह निवासी बी-471, मेट्रो विहार, होलंबी कलां, फेस-1, उत्तरी जिला, दिल्ली-110082 ने अपने बेटे श्री विकाश कुमार पुत्र श्री बिरजू सिंह (आधार कार्ड नंबर: 470430371790) निवासी बी-517, मेट्रो विहार, होलंबी कलां, फेज-1, उत्तरी जिला, दिल्ली-110082 से सभी रिश्ते तोड/समाप्त कर दिए हैं और उसके दुर्व्यवहार तथा अननुपालन के कारण अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल/अन्-अंगीकृत कर दिया है। भविष्य में यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त विवर्जित व्यक्ति के साथ व्यवहार/लेन-देन करता है, तो वह अपने जोखिम और खर्च पर करेगा और मेरा मुवक्किल इसके लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
अमर एडवोकेट
नामांकन संख्या: डी/10884/21
ई-मेल: adv.amardelhi@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Shankar Sahani is in process to purchase the Plot land area measuring 50 sq. yards pertaining to Khasra No. 255 and 256 Situated at Village Sihani Pargana Loni Tehsil & District Ghaziabad Uttar Pradesh (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Kusum, Mayank Kumar and Rukmani Devi, they inherited the property after the death of manoj kumar, who acquired the said property vide Sale Deed dated 29.09.2014 executed by Smt. Meenakshi (Doc No. 8233)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

ICICI Bank
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा, गुजरात-390007
कार्पोरेट/शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051

**सार्वजनिक सूचना — वित्तीय आस्ति की बिक्री**

बैंक, वित्तीय आस्तियों की बिक्री के विषय में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("दि बैंक") की नीति के निबन्धनों में और नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप, एतदद्वारा इच्छुक आस्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (एआरसी)/प्रतिभूतिकरण कम्पनी (एससी)/गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी/वित्तीय संस्थानों से एक अनार्जक आस्ति ("वित्तीय आस्ति") नीचे-वर्णित नियम एवं शर्तों पर क्रय करने हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

| सुरक्षित मूल्य | बिक्री का स्वरूप | न्यूनतम बिड वृद्धि |
|---|---|---|
| रू. 266.5 मिलियन | 100 प्रतिशत नकद में | रू. 1.0 मिलियन |

| क्र. सं. | गतिविधि | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ईओआई का प्रस्तुतीकरण | 15 नवम्बर, 2023, अधिकतम अप. 5.00 बजे तक |
| 2 | अ प्रकटीकरण अनुबंध ("एनडीए") का निष्पादन (यदि आईसीआईसीआई बैंक के साथ पहले निष्पादित नहीं किया गया है) | 18 नवम्बर, 2023, अधिकतम अप. 5.00 बजे तक |
| 3 | प्रस्ताव दस्तावेज का निर्गमन प्रारंभिक जानकारी ज्ञापन ("पीआईएम") सहित | 18 नवम्बर, 2023 |
| 4 | सम्यक् जांच हेतु डेटा रूम में प्रवेश | 02 दिसम्बर, 2023 तक |
| 5 | बिड फार्म जमा करना | 06 दिसम्बर, 2023, अधिकतम अप. 5.00 बजे तक |
| 6 | ई-बिडिंग की प्रक्रिया | 08 दिसम्बर, 2023, अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक बिक्री के समापन तक 5 मिनट के स्वत: विस्तारों के साथ |

उपरोक्त वित्तीय आस्ति की बिक्री "जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार", "जो भी है वहां है आधार" तथा "कोई उपाय नहीं आधार" पर है।
इच्छुक क्रेताओं को अपनी ईओआई ई मेल द्वारा jignesh.shelani@icicibank.com को अथवा vijayc.kumar@icicibank.com को तथा/अथवा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुंबई-400051 को 15 नवम्बर, 2023 के अप. 5.00 बजे से पहले प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है। बैंक किसी भी कारणवश ईओआई प्राप्त नहीं होने लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक क्रेताओं से, नीलामी प्रक्रिया में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए, उनके द्वारा बैंक को भेजे गए संचार की स्थिति का पता लगाने का प्रयास करने की आशा की जाती है।
ई-नीलामी ऊपर तालिका के अनुसार सुरक्षित मूल्य पर प्रस्ताव दस्तावेज के नियम एवं शर्तो पर संचालित की जाएगी, जो इच्छुक क्रेताओं के साथ उनके द्वारा बैंक के साथ अ प्रकटीकरण अनुबंध ("एनडीए") निष्पादित किए जाने पर साझा किए जाएंगे।
डेटा रूम में प्रवेश, सम्यक्-जांच, नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा/अथवा ईओआई/बिड के प्रस्तुतीकरण के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री जगदीश शेलानी (+91 75748 21846) अथवा श्री विजय कुमार (+91 98208 03292) सम्पर्क करें।
तिथि : 08 नवम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# उपराज्यपाल ने सम-विषम योजना पर उठाए सवाल

## एलजी ने दिल्ली सरकार पर लोगों को गुमराह करने और झूठ बोलने का लगाया आरोप

● कहा- इससे संबंधित फाइल से स्पष्ट पता चलता है कि इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल कार्यालय ने बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर दिल्ली सरकार की ओर से लाए गए सम-विषम योजना पर सवाल उठाए हैं। एलजी कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने बिना मंजूरी के सुर्खियां बटोरने के लिए सम-विषय योजना घोषित की है।

आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऑड-ईवन योजना के मामले में दिल्ली वालों को गुमराह किया है और झूठ बोला है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़ी फाइल से स्पष्ट होता है कि इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों के अनुसार दिवाली के बाद वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा सोमवार को घोषित की गई बहुचर्चित सम-विषम योजना और कुछ नहीं बल्कि वायु प्रदूषण के कारण राजधानी में जारी गंभीर संकट से लोगों और अदालत का ध्यान भटकाने और उन्हें गुमराह करने की एक कोशिश है।

इससे संबंधित फाइल को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि ग्रैप-चारा के तहत किए गए उपायों के रूप में सम-विषम योजना को लागू करने के निर्णय को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था। इसके बाद, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय ने गोपाल राय द्वारा प्रस्तावित वाहनों के सम-विषम के फैसले को स्थगित रखने के फैसले को अपनी मंजूरी दे दी। फाइल के पैरा 158.2 में प्रस्तावित था 11वीं कक्षा तक की सभी कक्षाओं के लिए ऑफ लाइन कक्षाएं स्थगित कर दी जाएंगी और कक्षाएं ऑनलाइन चलेंगकी। सभी सार्वजनिक, नगरपालिका और निजी कार्यालय 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ काम करेंगे। सभी कॉलेज, शैक्षिक संस्थान और गैर-आपातकालीन व्यावसायिक गतिविधियां बंद रहेंगी।

पंजीकरण नंबरों के आधार पर वाहन ऑड-ईवेन अनुसार चलेंगे। पर्यावरण मंत्री और मुख्यमंत्री ने वाहनों के ऑड-ईवेन के आधार पर चलने के अलावा अन्य सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

मंत्री गोपाल राय चाहते थे कि कार्यान्वयन पर निर्णय विशेषज्ञों की सलाह के बाद लिया जाए। बाद में फाइल को उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए उपराज्यपाल सचिवालय भेजा गया था। उपराज्यपाल सचिवालय ने जानबूझकर की गई गलत बयानबाजी की तरफ ध्यान आकर्षित कर इसे मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है।

### सचिवालय से मुख्यमंत्री को भेजा गया नोट

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फाइल देख कर इच्छा जताई है कि मुख्यमंत्री को इस महत्वपूर्ण फाइल को निपटाने में बरती गई उदासीनता और लापरवाही के बारे में अवगत कराया जाए।

जैसा कि फाइल में दर्शाया गया है कि स्कूलों को बंद करना, वाहनों का ऑड-ईवेन के आधार पर संचालन करने समेत वाहनों पर प्रतिबंध आदि, वायु गुणवत्ता सूचकांक के खराब से गंभीर श्रेणी की ओर बढ़ने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा निर्धारित अनिवार्य ग्रैप एसओपी का हिस्सा थे। अक्टूबर के अंत से एक्यूआई बढ़ता रहा और पड़ोसी राज्यों, विशेषकर पंजाब से निकलने वाले धुएं के कारण 2 नवंबर से चरम पर पहुंच गया।

आखिरकार 3 नवंबर को फाइल दोबारा मंत्री के समक्ष पेश की गई और उसी दिन यह फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंच गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने फाइल पर लिखा कि सीएम दिल्ली से बाहर हैं और इस संबंध में प्रस्ताव 3 नवंबर को मुख्यमंत्री को दिखाए गए हैं और उन्होंने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इसके अगले दिन यानी 4 नवंबर को फाइल फिर उपराज्यपाल सचिवालय भेजी गई, जबकि ग्रैप चार के तहत कार्रवाई के कार्यान्वयन के आदेश के बारे में सार्वजनिक घोषणाएं पहले ही मीडिया में की जा चुकी थीं, और आदेश 5 नवंबर को ही जारी किया गया था। उपराज्यपाल ने सरकार के इस रवैये पर भी अपनी चिंता व्यक्त की है। जैसा कि ऊपर उल्लेखित देरी से दिखाई देती है, सांसों पर संकट जैसे गंभीर मुद्दे पर, जो देश की राजधानी को वर्ष 2016 से लगातार प्रभावित कर रहा है, कोई बदलाव नहीं हुआ है और अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।



राजधानी में पांच दिन बाद वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार देखने को मिला पर दमघोंटू हवा से कोई राहत नहीं मिली। फोटो: रंजन डिमरी।

### पांच दिन बाद एक्यूआई में मामूली सुधार, दमघोंटू हवा से राहत नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का औसत वायुगुणवत्ता सूचकांक 404 रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी मेंरखा जाता है। जबकि सोमवार को यह सूचकांक 421 अंक था। मौसम में हुए बदलावों के चलते दिल्ली का औसत वायुगुणवत्ता सूचकांक मंगलवार को 400 के अंक से नीचे आ गया। हालांकि, हवा अभी भी बेहद खराब श्रेणी में है। लेकिन, दो दिन पहले की तुलना में कुछ राहत मिली है। 21 अक्तूबर के बाद से एक दिन भी दिल्ली की हवा साफ-सुथरी नहीं रही। जबकि, बीते चार दिन दिल्ली वालों के लिए सबसेज्यादा खराब बीते हैं। इस दौरान लगातार ही वायुगुणवत्ता सूचकांक 400 के अंक से ऊपर रहा। हालांकि, हवा की दिशा मेंबदलाव, हवा की गति में थोड़ी तेजी आनेऔर दिन भर खिली धूप के चलतेप्रदूषण के स्तर में थोड़ा सुधार हुआ है।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों, सुझावों को योजना में करेंगे शामिल : राय



● शीर्ष अदालत ने वायु प्रदूषण मामले की सुनवाई करते हुए पराली जलाने, वाहन प्रदूषण और खुले में कचरा जलाने जैसे मुद्दों पर जोर दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को कहा कि सरकार सम-विषम (ऑड-ईवन) कार योजना के विवरण को अंतिम रूप देने में उच्चतम न्यायालय के प्रदूषण रोकथाम संबंधी निर्देशों को शामिल करेगी।

शीर्ष अदालत ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए, पराली जलाने, वाहन प्रदूषण और खुले में कचरा जलाने जैसे मुद्दों पर जोर दिया। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच मंत्री ने सोमवार को घोषणा की कि प्रदूषण से निपटने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 13-20 नवंबर तक सम-विषम योजना लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के आदेशों और सुझावों को शामिल करेंगे तथा इसके अनुसार सम-विषम कार्यक्रम की योजना बनाएंगे। राय ने कहा कि उन्होंने सम-विषम योजना की तैयारियों पर चर्चा के लिए परिवहन और पर्यावरण विभाग तथा यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा, उन्हें शीर्ष अदालत की टिप्पणियों के बारे में भी पता चला, इसलिए हमने अदालत के निर्देशों का अध्ययन करने और सम-विषम पर इसके सुझावों के अनुसार आगे बढ़ने का फैसला किया है।

राय ने कहा कि दिल्ली में पराली जलाने की बहुत कम घटनाएं होती हैं और सरकार ने इसे नियंत्रित रखने के लिए जैव-अपघटक के मुफ्त छिड़काव की व्यवस्था की है। वायु प्रदूषण संकट से निपटने के लिए संबंधित सभी राज्यों के प्रयासों और सहयोग की जरूरत है।

## प्रदूषण का हो स्थायी समाधान, ऑनलाइन पढ़ाई प्रभावी नहीं : अभिभावक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदूषण के कारण दिल्ली के स्कूलों के एक बार फिर बंद होने के बीच कई अभिभावकों ने कहा है कि ऑनलाइन पढ़ाई कक्षा में उपस्थित होकर पढ़ाई करने जितना प्रभावी नहीं होती है और उन्होंने सरकार से प्रदूषण का स्थाई समाधान खोजने का आग्रह किया है। कुछ अभिभावकों ने ऑनलाइन कक्षाओं के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की कमी पर अफसोस जताया, वहीं अन्य ने सुझाव दिया कि छात्रों को आनलाइन शिक्षा में अचानक होने वाले बदलाव से बचने के लिए वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में गिरावट शुरू होने पर पहले से तय उपायों के बारे में पूर्व में ही सूचित किया जाना चाहिए। दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे के पिता अजीत मिश्र ने मीडिया से बातचीत में बताया उन्हें उपेक्षित किया गया है। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है और इसके समाधान के लिए कुछ भी नहीं किया गया है। ऑनलाइन कक्षाएं कोई समाधान नहीं हैं क्योंकि ऐसे कई छात्र हैं जिनके पास ऑनलाइन सीखने के लिए आवश्यक उपकरणों की कमी है। दिल्ली छावनी में स्थित केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले छठी कक्षा के छात्र के अभिभावक राज कुमार कनौजिया ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा, वर्ग में उपस्थित होकर चलने वाली कक्षाओं के समान नहीं है, क्योंकि नियमित स्कूल के दिनों के विपरीत, जब बच्चों को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित किया जाता है, तो केवल एक से दो कक्षाएं ही आयोजित की जाती हैं।

## लेनदेन को लेकर स्विस महिला की हत्या की आशंका



मृतका का फाइल फोटो

● मृतका नीना बर्जर पर सिंह का सात लाख रुपए बकाया था : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पिछले महीने स्विट्जरलैंड की जिस महिला का शव बरामद हुआ था, उसकी हत्या का संभावित मुख्य कारण वित्तीय विवाद है। पुलिस ने इस मामले के आरोपी 33 वर्षीय गुरप्रीत सिंह के घर से चार हथियार जब्त किए जाने के बाद उस पर शस्त्र अधिनियम के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी आठवीं कक्षा तक पढ़ा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नीना बर्जर पर सिंह का सात लाख रुपए बकाया था और विभिन्न एटीएम से पैसे निकालने के बर्जर के प्रयास तकनीकी कारणों से निष्फल हो गए क्योंकि उसका बैंक खाता स्विट्जरलैंड में था। लगभग 30 वर्षीय बर्जर का क्षत-विक्षत शव 20 अक्टूबर को तिलक नगर में एक नगर निगम स्कूल की दीवार के पास मिला था। उसके हाथ-पैर धातु की जंजीरों से बंधे थे, जिन पर ताला लगा था।

बर्जर का शव मिलने के एक दिन बाद रत्न व्यापारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था और पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद रविवार को उसे तिहाड़ जेल भेज दिया गया था। इससे पहले सिंह ने खुलासा किया था कि बर्जर ने उसके विवाह प्रस्ताव को ठुकरा दिया था, इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान और बर्जर के मोबाइल फोन से प्राप्त चैट संदेश के आधार पर हत्या का कारण वित्तीय विवाद प्रतीत होता है। फोन पर हुई बातचीत के अनुसार सिंह ने बर्जर से कई बार पैसे वापस मांगे थे। हत्या से पहले बर्जर ने विभिन्न एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया था।

### महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की 27 वर्षीय कांस्टेबल ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के शास्त्री नगर में अपने किराए के मकान में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि कांस्टेबल प्रीति के मकान मालिक कपिल गुप्ता ने सोमवार रात 10 बजकर 17 मिनट पर घटना के बारे में सूचना दी। गुप्ता ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने प्रीति का अंदर से बंद कमरा खोला, तो उन्हें वह दुपट्टे से लटकी हुई मिलीं जिसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस उसे अस्पताल में प्रीति को मृत घोषित कर दिया गया।

## सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड पर 24 को सजा पर हो सकती है बहस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की 2008 में हुई हत्या के मामले में दिल्ली की अदालत में 24 नवंबर को दोषी करार दिए गए आरोपियों की सजा पर बहस होने की संभावना है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) रवींद्र कुमार पांडेय को सजा को लेकर मंगलवार को सुनवाई करनी थी लेकिन उन्होंने सुनवाई इसलिए स्थगित कर दी क्योंकि दोषियों द्वारा जमा हलफनामों के सत्यापन का कार्य पूरा नहीं हुआ था।



हालांकि, न्यायाधीश ने परिवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा दाखिल सजा पूर्व रिपोर्ट को अदालत के रिकॉर्ड पर दर्ज कर लिया।

न्यायाधीश ने 18 अक्टूबर को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा-302 और मकोका के प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया था।

### योजना लागू होने पर सफर महंगा होगा : लवली

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि प्रदूषण के चलते दिल्ली की हालत दयनीय हो गई है। लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। हालात ऐसे हो गए है कि इस वर्ष भी दिल्ली गैस चैम्बर बन गई है।

अरविंदर लवली ने कहा कि इस बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। केन्द्र चुनावी रोटियां सेक रहा है।

वहीं आप सरकार लोगों को गुमराह कर रही है। लवली ने दोनों पार्टियों से अनुरोध किया है कि वे राजनीति छोड़ मिल बैठकर कोई रास्ता निकालें ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## दक्षिणी दिल्ली में 40 किलो पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार

पीटीएस। नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके से 40 किलोग्राम पटाखे जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को बापू पार्क इलाके के पास दो बड़े बैग ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर रोका। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान शंभू नाथ गुप्ता (48) के कब्जे से 40 किलोग्राम पटाखे बरामद किए और उसे गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। दिल्ली सरकार ने सर्दी में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए। जनवरी 2024 तक शहर में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रखा है।

# नगर निगम कर्मियों को भी मिलेगा दिवाली बोनस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● केजरीवाल ने एमसीडी की अपने अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस देने के फैसले की सराहना की

नगर निगम अपने कर्मचारियों को दीवाली का तोहफा देने का ऐलान किया है। एमसीडी ग्रुप बी अराजपत्रित, ग्रुप सी और ग्रुप डी के सभी कर्मचारियों को दिवाली पर बोनस देने का फैसला किया है। 6 हजार 900 का बोनस दिया जाएगा।

डेली वेजर एम्प्लोयी (जिन्होंने पिछले 3 साल में 240 दिन काम किया) उनको भी बोनस मिलेगा। इनको 1184 रुपये का बोनस मिलेगा। महापौर शैली ओबेरॉय ने कहा कि निगम कर्मियों को बोनस देने में करीब 62 करोड़ रुपये खर्च करेगा। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम की ओर से अपने अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस देने के फैसले की प्रशंसा की और कहा कि वह व्यवस्था को धीरे-धीरे दुरुस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि एमसीडी शहर में अच्छा काम कर रही है। उन्होंने तीन विभिन्न श्रेणी के अपने अराजपत्रित कर्मचारियों और दिहाड़ी कामगारों को दिवाली बोनस देने के एमसीडी के निर्णय की तारीफ की। बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के हालिया कदम का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, हम सफाई कर्मचारियों को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा कि सभी एमसीडी कर्मचारियों को अब समय पर वेतन मिल रहा है, जबकि पहले कर्मचारियों को धरने और विरोध प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ता था। उन्होंने कहा कि 14 साल बाद हाल ही में एमसीडी कर्मचारियों को समय पर वेतन मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली क्रिकेट हब ने जीता हरि चंद मेमोरियल खिताब



नई दिल्ली। एसएच स्पोर्ट्स प्लेयर ऑफ द मैच मयंक 3/22 आकाश शर्मा 61 रन और निखिल मलिक 50 और कृष्णा बजूर्ड 3/23 की मदद से दिल्ली क्रिकेट हब ने सुपर स्टार क्लब को 7 विकेट से हराकर 17वें हरि चंद मेमोरियल बीएस स्पोर्ट्स यू 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में खिताब जीता। दिल्ली क्रिकेट हब ने 30 ओवर में 161/3 अक्षय 61 रन निखिल मलिक 50 निर्भय डागर 2/28 चलते दिल्ली हब 7 विकेट से जीत लिया। मुख्य अतिथि सुरिंदर खन्ना, अनिल पासी, डॉ. बलजीत सिंह जोबन अध्यक्ष हरि चंद ट्रस्ट, राकेश कौशल, हरविंदर राना, कमल वाधवा ने पुरस्कार वितरण किया।

### गड्ढे में गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क इलाके में एक निर्माण स्थल पर 32 साल का एक व्यक्ति एक गड्ढे में गिर गया जिससे उसके पेट में लोहे का सरिया घुस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को सहारनपुर राजमार्ग निर्माण स्थल के पास हुई। पीड़ित की सर्जरी करनी पड़ी और अब उसकी हालत स्थिर है। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा, सोमवार शाम 7.21 बजे हमें सूचना मिली कि एक व्यक्ति राजमार्ग स्तंभ के निर्माण के लिए बनाए गए गड्ढे में गिर गया है और लोहे की सरिया उसके शरीर में घुस गई है। घायल की सैयद कामेल के तौर पर हुई। उसके शरीर में लोहे का सरिया घुसा हुआ था। सरिए का एक हिस्सा काटा गया और घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया।

### शराब कंपनी के निदेशक ने मांगी जमानत

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अभियोजन का सामना कर रहे एक शराब कंपनी के निदेशक अमित अरोड़ा ने मंगलवार को उच्च न्यायालय से बेटी की चिकित्सीय स्थिति के आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया। शराब कंपनी बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अरोड़ा ने कहा कि उनकी बेटी का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और उसे परिवार के सदस्यों, खासकर माता-पिता द्वारा नियमित देखरेख की जरूरत है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अरोड़ा और प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया। ईडी के अधिवक्ता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्य उसकी बेटी की देखभाल के लिए वहां हैं और इस आधार पर उसे रिहा करने की जरूरत नहीं है।

# नेट जीरो इंडिया का लक्ष्य नागरिक सहयोग से होगा पूरा : जावडेकर

● डीयू कुलपति ने कहा, प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर के चार करोड़ लोग प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपस्थित लोगों को संबोधित करते डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह।

सांसद और पूर्व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि 2070 तक प्रधानमंत्री के नेट ज़ीरो इंडिया का लक्ष्य नागरिक सहयोग से पूरा होगा।

जावडेकर ने यह बात दिल्ली विश्वविद्यालय में यू-75 नेशनल मूवमेंट ऑफ नेट-जीरो यूनिवर्सिटी कैंपस कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अपने वीडियो संदेश में कही। जावडेकर ने कहा कि यू-75 अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए है कि विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसर नेट ज़ीरो या कार्बन न्यूट्रल बन जाएं। यह पहल बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल कैम्पस को कार्बन तटस्थ बनाएगी, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के लाइफ मिशन के अनुरूप विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का महत्व भी बताएगी।

संयुक्त राष्ट्र के पूर्व यूएसजी एरिक सोल्हेम और एआईसीटीई की सलाहकार ममता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि वर्तमान में यह विषय बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज पूरा एनसीआर गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। करीब चार करोड़ लोग बुरी तरह से प्रभावित हैं। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय और इसके सभी कॉलेजों को भी जीरो लिक्विड डिस्चार्ज कैम्पस बनाना होगा तभी नेट जीरो कैम्पस को और आगे बढ़ाया जा सकता है।

डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता ने सभी अतिथियों और भागीदारों का धन्यवाद ज्ञपित किया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिण परिसर के निदेशक प्रो. श्री प्रकाश सिंह, डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नावली आदि मौजूद थे।

## अंग्रेजी विभाग ने विवाद के बीच पीएचडी का शुल्क कम किया

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अंग्रेजी विभाग ने छात्रों और शिक्षकों की ओर से हो रही आलोचना के बीच पीएचडी पाठ्यक्रम के बढ़े हुए शुल्क में कटौती की है। विभाग ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में घोषणा की कि शुल्क 23,968 रुपए से घटाकर 17,118 रुपए कर दिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि छात्रों द्वारा किए जा चुके किसी भी अतिरिक्त भुगतान को अगले भुगतान के समय समायोजित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है, विश्वविद्यालय के निर्णय के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2023-34 से दाखिला लेने वाले पीएचडी छात्रों के लिए संशोधित शुल्क 17,118 रुपए होगा।

घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) के एक पदाधिकारी ने कहा कि शुल्क वृद्धि को आंशिक रूप से वापस लेने का निर्णय संतोषजनक नहीं है।

## विमान यात्रियों को अतिरिक्त जांच से गुजरना पड़ेगा

● आईजीआई पर 30 नबंबर तक आगंतुक प्रवेश टिकट जारी होना बंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के हवाई अड्डों से एअर इंडिया के विमानों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त जांच से होकर गुजरना पड़ेगा और बढ़ते खतरे के मद्देनजर दिल्ली हवाईअड्डे पर 30 नवंबर तक आगंतुक प्रवेश टिकट जारी करना बंद कर दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, अस्थाई हवाई अड्डा प्रवेश पास के अलावा इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए)की टर्मिनल इमारत में आगुंतकों का प्रवेश 30 नवंबर तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने सोमवार को इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। आईजीआईए और पंजाब में हवाई अड्डों पर एअर इंडिया की उड़ानों के लिए सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक किया जाएगा। आमतौर पर इसे विमान में सवार होने से पहले यात्रियों और उनके हाथ में मौजूद सामान की जांच के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह प्राथमिक सुरक्षा जांच के अतिरिक्त होता है। हालांकि एअर इंडिया की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आई है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर अस्थाई प्रवेश पास के साथ-साथ सरकारी पदाधिकारियों के परिचालन उद्देश्यों में छूट दी जाएगी यह प्रतिबंध 30 नवंबर तक जारी रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, एक अलगाववादी समूह ने लोगों को 19 नवंबर को एयर इंडिया के विमानों में यात्रा नहीं करने को कहा है।



# गुरुग्राम के बुढेड़ा गांव के पास टूटी नहर, 50 एकड़ फसल डूबी

## दोपहर 12 बजे तक दुरुस्त करने में जुटी रही टीम

### तेज बहाव के कारण कर्मचारियों करनी पड़ी मशक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मंगलवार** की सुबह 6 बजे बुढ़ेड़ा गांव में नहर टूट गई। इस कारण गांव के पास करीब 50 एकड़ गेहूं व सरसों की फसल पानी में डूब गई। सूचना पाकर नहर विभाग की टीम मौके पर पहुंची और टूटी नहर को दुरुस्त करना शुरू किया। पानी के तेज बहाव के कारण टूटी नहर पर बांध बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहर 12 बजे तक कर्मचारी नहर को सही करने में जुटे थे।


गुरुग्राम के गांव बुढेड़ा में टूटी नहर।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 6 बजे सैर पर नहर की तरफ गए कुछ ग्रामीणों ने खेतों में पानी भरा देखा। कुछ दूरी पर आगे जाकर देखा तो करीब 100 फुट की नहर टूटी हुई थी। इसी कारण से नहर के साथ गेहूं व सरसों की फसल पानी से लबालब हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नहर विभाग की टीम को दी बताया जा रहा है कि करीब 8 बजे नहर विभाग से टीम मौके पर पहुंची।

तब तक क्षेत्र में करीब 50 एकड़ फसल पानी में डूब चुकी थी। टीम ने नहर के बांध को दुरुस्त करना शुरू किया। पानी के तेज बहाव के कारण यह काम आसान नहीं था। कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने भी बांध को सही करने में सहयोग किया। बुढेड़ा निवासी सन्नी शर्मा ने बताया कि नहर पूरी तरह से कंडम हो चुकी है। पहले नहर पक्की बनाई गई थी। अब नहर की दीवारें खराब हो चुकी हैं। कोई मजबूती नहीं है। नहर को मिट्टी लगाकर ही काम चलाया जा रहा है। कई बाहर नहर टूटने का खतरा पैदा हुआ है। फिर भी नहर पर कुछ काम नहीं हो रहा। समाचार लिखे जाने तक नहर को दुरुस्त करने के लिए नहर विभाग के कर्मचारी मशक्कत कर रहे थे।

## डीएचबीवीएन देगा कर्मचारियों को 2000 रुपए का गिफ्ट

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सी और डी-श्रेणी के सभी कर्मचारियों को दिपावली त्योहार के उपलक्ष्य में टोकन गिफ्ट मिलेगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि बिजली वितरण निगम ने 2000 रुपये का दिवाली टोकन उपहार देने का फैसला किया है। दिवाली-2023 टोकन उपहार का भुगतान कर्मचारियों के सीधे बैंक खातों में किया जाएगा, जो एक नवंबर 2023 तक सेवा में हैं।

उन्होंने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के लगभग 16000 कर्मचारियों को यह दीवाली टोकन गिफ्ट की राशि दी जाएगी। इसमें बिजली निगम के सभी सी और डी श्रेणी के रेगुलर और अनुबंधित, एचकेआरएनएल के माध्यम से लगे हुए कर्मचारी, कॉन्ट्रैक्ट बेस, पार्ट टाइम, डीसी रेट के सभी ऑन रोल कर्मचारियों को शामिल किया गया है। वित्त निदेशक रतन कुमार वर्मा ने बताया कि इस बारे सभी डीडीओ एवं कार्यकारी अभियंता को यह सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि सभी पात्र कर्मचारियों को दिवाली टोकन उपहार का भुगतान दिवाली से पहले ही जारी कर दिया जाए।

# दीपावली पर मिट्टी के दीयों का उपयोग करके लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दें : गोयल

### नवीन गोयल ने सदर बाजार में दुकानदारों, व्यापारियों को भेंट किए मिट्टी के दीये

**पायनियर समाचरार सेवा।** गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने के लिए मंगलवार को सदर बाजार क्षेत्र में दुकानदारों को मिट्टी के दीये वितरित करके दीपावली की राम-राम दी। मंगलवार को यह अभियान सदर बाजार के प्रधान, अमरनाथ रोशन लाल फर्म के संचालक रोशन लाल गर्ग (पिंटू) की अध्यक्षता में चलाया गया।


गुरुग्राम के सदर बाजार में दुकानदारों को मिट्टी के दीये बांटते नवीन गोयल।

अभियान में भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, एडवोकेट अभय जैन, साक्षी गारमेंट्स से अजय गोयल, अरूण अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर रोटरी, गजेंद्र गुप्ता, बिजेंद्र गर्ग, प्रिंस मंगला, यमन गर्ग, संचित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, वंश अग्रवाल, रवि सिंगला, रोहित बोहरा, लोकेश मंगला, मनीष जैन, सोहन लाल बिद्ध, चेतना गुप्ता, बिन्नू गृहिणी स्टोर वाले, नितिन, मनोज गुप्ता, सचिन जैन, सतीश जैन, अनुज चावल वाला समेत पूरे सदर बाजार के व्यापारियों, दुकानदारों ने दीवाली पर मिट्टी के दीयों के इस्तेमाल का वायदा किया। साथ ही स्वयं भी इसके प्रचार-प्रसार की बात कही।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि दीपावली पर मिट्टी के दीयों का उपयोग करके लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दें। इससे हमारे स्थानीय लोगों को रोजगार तो मिलेगा ही, साथ में पर्यावरण में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी मिट्टी के दीये की पहचान बरकरार रखने के कारण कुम्भकारों की आजीविका में बढ़ोतरी होने की उम्मीद बन गई है।

नवीन गोयल ने दुकानदारों, व्यापारियों से आग्रह किया कि अपने घरों पर शत-प्रतिशत मिट्टी के दीये ही जलाना सुनिश्चित करें। यह हम अपने बेहतर कल के लिए करेंगे। हमें निजी तौर पर इसका लाभ होगा। घरों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी। दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि वे हर साल मिट्टी के दीयों से ही दीवाली पर घरों को रोशन करेंगे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के अंडर-19 में दूसरे स्थान पर रही गुरुग्राम की टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

**पंचकूला** में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंडर-19 और अंडर-17 लड़कियों की क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुग्राम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। अंडर-19 में गुरुग्राम की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया और अंडर -17 टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोच आरती ने बताया कि अंडर 19 टीम की कप्तान राजश्री यादव हैं और अंडर 17 टीम की कप्तानी तेजस्विनी यादव कर रही हैं। दोनों टीमों में बहुत शानदार प्रदर्शन किया।


क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता गुरुग्राम की टीम।

अंडर 17 में पहला मुकाबला भिवानी और गुरुग्राम के बीच हुआ। इसमें गुरुग्राम ने भिवानी टीम को 45 रन पर आल आउट कर दिया। दूसरे मुकाबले में 69 रन पर फतेहाबाद को आल आउट कर दिया। तीसरे मुकाबले में गुरुग्राम को रोहतक टीम ने हराया। चौथे मुकाबले में सिरसा की टीम को 41 रनों से हराकर गुरुग्राम टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। टीम में दिव्यांशी, मंजिनी पाटिल, तन्नू, प्रिया, हर्ष, चिंकी, इशिका, दीक्षा और डोली शामिल हुईं। अंडर-19 में पहला मुकाबला महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम के बीच हुआ जिसमें गुरुग्राम को जीत मिली। दूसरे मुकाबले में गुरुग्राम ने फरीदाबाद को 65 रनों से हराया। सेमीफाइनल में मुकाबले में गुरुग्राम ने कैथल टीम को हराया। फाइनल मुकाबले में जींद की टीम के साथ हुए कड़े मुकाबले में गुरुग्राम को 18 रनों से हार मिली। इस टीम में वंशिका, मंजिनी पाटिल, प्रिया, काजल, रिंकी और सिमरन ने भाग लिया।

# ऑटो चालक संघ ने राज्यपाल को सौंपा 15 सूत्रीय ज्ञापन

### राज्यपाल ने मांगों पर विचार करने का दिया आश्वासनन

**पयनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हरियाणा** ऑटो चालक संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात करके 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री रवि शंकर अलूरी, हरियाणा ऑटो चालक संघ के उपाध्यक्ष सुनील राघव, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, हरियाणा ऑटो चालक संघ के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल दास, पश्चिम बंगाल से गौतम दास, श्रीनगर से मोहम्मद जावेद और मौहम्मद यूनीस, दिल्ली से आशाराम भी शामिल हुए। प्रतिनिधिमंडल ने शॉल ओढ़ाकर राज्यपाल का अभिनंदन किया।


गुरुग्राम में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को मांग पत्र सौंपते यूनियन के पदाधिकारी।

राज्यपाल ने 15 सूत्रीय मांग पत्र विस्तार से चर्चा की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जल्द ही चंडीगढ़ में ट्रांसपोर्ट विभाग के सचिव के साथ बैठक करेंगे। सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान सरकार के माध्यम से करवाने का आश्वासन दिया। योगेश शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गुरुग्राम में जिन ऑटो चालकों ने अपना नया ऑटो खरीदे हैं। उनका रजिस्ट्रेशन आज तक आरटीओ विभाग ने नहीं किया है। जिससे सैंकड़ों ऑटो चालको और उनके परिवारजनों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्यपाल से मांग रखी कि हरियाणा प्रांत में प्राइवेट ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के कल्याण के लिए कल्याण बोर्ड/ड्राईवर आयोग की स्थापना की जाए।

प्राइवेट ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के श्रमिकों के लिए 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन की व्यवस्था की जाए। प्रांत में कार्यरत ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से जुड़े सभी श्रमिकों को ईएसआई के दायरे में शामिल किया जाए। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सभी प्राईवेट ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को शामिल किया जाए, ताकि वह और अपने परिवार का पांच लाख तक का ईलाज अच्छे अस्पताल में करा सकें। पिछले दिनों हरियाणा सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा सभी वाहनों पर लगने वाले जुर्माने/चालानों की राशि को 5 से 10 गुणा तक बढ़ा दिया है। जिसको तुरंत निर्धारित राशि लागू की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा आज तक किसी भी ऑटो चालक को एनसीआर का परमिट जारी नहीं किया गया है। दिल्ली सरकार एवं उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपने प्रदेशों में कार्यरत ऑटो चालकों के लिए एनसीआर परमिट जारी किया हुआ है। उन्होंने बताया कि ऐप बेस्ट ऑनलाइन कम्पनियों के द्वारा किये जा रहे वाहन चालकों एवं मालिकों के शोषण को तुरंत बंद कराया जाए। गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित प्रांत के बड़े शहरों में ऑटो और टैक्सी के लिए स्थाई स्टैंड बनाकर दिये जाए।

# वर्क -लाइफ बैलेंस, फिटनेस और फाइनेंशियल सेफ्टी हैं मिलेनियल्स के लिए जीवन के बड़े लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**अग्रणी** निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज लाइफ इंडिया के 'लाइफ गोल्स प्रीपेयर्डनेस सर्वे 2023' के मिलेनियल एडिशनके नतीजे पेश किए हैं। सर्वे से खुलासा हुआ है कि मिलेनियल्स या सहस्त्राब्दी पीढ़ी वर्क-लाइफ बेलेंस, मेंटली और फिजिकली फिटनेस के साथ ट्रैवल पर जोर दे रहे हैं। यात्रा का रोमांच उनके शीर्ष जीवन लक्ष्य के रूप में शामिल है। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि जीवनशैली के लक्ष्यों के साथ-साथ, परिवार और बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सुरक्षा भी मिलेनियल्स की शीर्ष प्राथमिकताओं में है।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर चंद्रमोहन मेहरा ने कहा कि 'मिलेनियल्स एक कार्य-जीवन संतुलन और समग्र खुशहाली भरा जीवन जीने की आकांक्षाओं से भरे हुए हैं। वे इनके साथ—साथ कई अन्य जीवन लक्ष्यों को प्रात्त करने की कोशिश में हैं। यह उत्साहजनक है कि वे अपने लक्ष्यों को सुरक्षित करने और पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में जीवन बीमा के महत्व को पहचानते हैं। सर्वे से यह भी स्पष्ट हुआ है कि उनके पास प्रचुर मात्रा में जानकारी होने के बावजूद, वे स्वीकार करते हैं कि अपने कई जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनके पास दीर्घकालिक वित्तीय योजना नहीं है। हमें विश्वास है कि डिजिटल आधारित आसान अनुभव के साथ हमारे लचीले और विशेष प्रोडक्ट सॉल्यूशन मिलेनियल्स के लिए काफी मददगार साबित होंगे।'

बजाज आलियांज लाइफ इंडिया के 'लाइफ गोल्स प्रीपेयर्डनेस सर्वे 2023' में भारत के मिलेनियल्स के लक्ष्यों को टटोला गया है। सर्वेक्षण में 40 से अधिक जीवन लक्ष्य रखे गए और यह जानने की कोशिश की गई कि भारतीय इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खुद को कैसे तैयार कर रहे हैं। सर्वेक्षण का मिलेनियल वर्जन बदलती जीवनशैली और मिलेनियल्स के बीच संबंध को तलाशता है। सर्वेक्षण में 85 प्रतिशत मिलेनियल्स ने वर्क-लाइफ बैलेंस, स्वास्थ्य और यात्रा संबंधी जीवन लक्ष्यों के प्रति रूझान दिखाया। इसके अलावा, परिवार और बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सुरक्षा शीर्ष 10 लक्ष्यों में से एक है।

# भारत में लीडिंग पंप और वाल्व निर्माता में से एक, केएसबी लिमिटेड ने पिछले वर्ष की तुलना में तीसरे तिमाही में 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कंपनी** के अनुसार: इस तिमाही में 5,637 मिलियन रुपए की सेल्स वैल्यू हासिल किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 31 फीसदी अधिक है। 2023 की 3 तिमाही में सेल्स वैल्यू 16,446 मिलियन रुपए है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 27 फीसदी अधिक है। वाल्व विभाग ने वाईटीडी 2023 में अब तक का सबसे अधिक ऑर्डर इनटेक 3173 मिलियन रुपए दर्ज किया।

न्यूक्लियर बिजनेस – न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से ऑक्सलरी पंपों के लिए 551 मिलियन रुपए का ऑर्डर प्राप्त हुआ। यूपी और हरियाणा सरकार से क्रमश: 278 मिलियन रुपए और 12 मिलियन रुपए का एलओए (ऑर्डर ऐक्सेप्टन्स) प्रात्त हुआ, पीएम-कुसुम योजना के तहत। एक्सपोर्ट बिजनेस – टेक्निमोंट एसपीए, इटली से 205 मिलियन रुपए का एक्सपोर्ट ऑर्डर और एलपीजी एक्सट्रेक्शन और तेल रिफाइनरी प्रोजेक्ट्स के लिए काइनेटिक्स टेक्नोलॉजी एसपीए ग्रीक से 149 मिलियन रुपए का ऑर्डर। रक्षा क्षेत्र में बीबीएम एकॉस्टिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से 28.5 मिलियन रुपए (शिप) का बड़ा ऑर्डर और रक्षा मंत्रालय, भारतीय नौसेना से 6.1 मिलियन रुपए (पनडुब्बी) का स्वदेशीकरण यूनिट का ऑर्डर।

बिजनेस हाइलाइट्स

(All amounts in INR million)

| Particulars | Q3 – 2023 (Jul'23-Sept'23) | Q3 – 2022 (Jul'22 - Sept'22) | Jan'23-Sept'23 | Jan'22-Sept'22 |
|---|---|---|---|---|
| Sales | 5,637 | 4,313 | 16,446 | 12,974 |
| Expenses | 4,934 | 3,772 | 14,319 | 11,275 |
| Operating Profit | 703 | 541 | 2,127 | 1,699 |
| OPM % | 12% | 13% | 13% | 13% |
| Other Income | 84 | 106 | 298 | 367 |
| Interest | 20 | 13 | 37 | 56 |
| Depreciation | 123 | 117 | 360 | 333 |
| PBT | 644 | 517 | 2,028 | 1,697 |
| Net Profit | 481 | 378 | 1,518 | 1,251 |

तीसरी तिमाही के प्रदर्शन के बारे में केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट, फ़ारूख भथेना ने कहा, ''2023 के तीसरी तिमाही में, केएसबी ने साल दर साल 31 फीसदी की शानदार सेल्स ग्रोथ हासिल की और पिछले वर्ष की तुलना में पिछली तीन तिमाही में बिक्री में 27 फीसदी की क्यूमिलेटिव ग्रोथ देखी गई। इस अवधि के दौरान हमारा परफॉर्मेंस बेहद शानदार था, जिसमें कई महत्वपूर्ण विकास भी हुए। हम इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो कि 2023 की तीसरे तिमाही में एक मजबूत ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। हम डिमांड के स्थिति के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि हमारे एक्सपोर्ट बिजनेस में लगातार ऊपर की ओर रुझान देखा जा रहा है, जो ग्लोबल बाजार में हमारी पोजिशन को मजबूत करेगा।

# एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर दीवाली मनाएं : सुंदरलाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गांव** सिकंदरपुर बढा के शहीद सूबेदार पार्थ सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में मंगलवार को दीवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष सुंदरलाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन परफटी कंपनी द्वारा किया गया था।


गुरुग्राम के राजकीय उच्च विद्यालय में दीवाली मिलन कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते सरपंच सुंदर लाल यादव।


कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों पर फोकस करते हुए कहा कि दीवाली त्योहार को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। यह खुशियों का त्योहार है। इस त्योहार को आपके आसपास रहने वाले सगे संबंधियों के साथ मिलकर खुशियां बांटकर मनाएं। उन्होंने कहा कि वह परफटी कंपनी का धन्यवाद करते हैं जो उनके गांव के सरकारी स्कूल में बच्चों के साथ त्यौहार मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि परफटी कंपनी के अधिकारियों ने गांव के सरकारी स्कूल में कई कार्य कराए हैं। इसके लिए वह उनका धन्यवाद करते हैं। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिता आयोजित की गई। इनमें विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता और दीपक सजाने के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# ऑर्गेनिक हार्वेस्ट की कलर कॉस्मेटिक्स कैटिगरी में एंट्री, पहली मेकअप रेंज को किया लॉन्च

### ब्रांड एंबेसडर के तौर पर नज़र आईं अभिनेत्री निम्रत कौर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के एक प्रमुख प्रमाणित ऑर्गेनिक ब्यूटी ब्रांड 'ऑर्गेनिक हार्वेस्ट' ने एक नई मेकअप लाइन के लॉन्च के साथ कलर कॉस्मेटिक कैटिगरी में एंट्री की, जिसमें प्रमाणित ऑर्गेनिक इनग्रेडिएंट्स के साथ सावधानीपूर्वक तैयार किए गए सौंदर्य प्रसाधन प्रस्तुत करने का दावा किया गया है। टॉक्सिन फ्री फॉर्मूलेशन मुहैया कराने की अपनी विरासत को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ऐसे सौंदर्य प्रसाधन प्रस्तुत करके मेकअप को एक नई ऊंचाई देता है, जो त्वचा के स्वास्थ्य और पर्यावरण कल्याण दोनों को प्राथमिकता देते हैं और जो पर्यावरण के अनुकूल व सुरक्षित सौंदर्य की बढ़ती मांग के अनुरूप हैं।




कैमिकल्स के इस्तेमाल से बने सौंदर्य उत्पादों के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में समझदार उपभोक्ताओं में बढ़ती चिंता के समाधान के तौर पर ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ने स्वच्छ, टिकाऊ और परिणामदायी मेकअप प्रोडक्ट्स की एक रेंज लांच की है जो त्वचा के स्वास्थ्य से समझौता किए बिना सौंदर्य प्रसाधनों को एक नये नज़रिये के साथ पेश करते हैं। अभिनेत्री व ब्रांड एंबेसडर निम्रत कौर के साथ एक आकर्षक डिजिटल वीडियो कैम्पेन के साथ ऑर्गेनिक हार्वेस्ट ने अत्याधुनिक सौंदर्य तक़नीक के साथ प्रकृति के बेहतरीन इनग्रेडिएंट्स के मेल से मेकअप के एक बिल्कुल नए और नैतिक दृष्टिकोण को पेश करके सौंदर्य उद्योग में क्रांति ला दी है।

लॉन्च पर बोलते हुए, गुड ब्रांड्स कंपनी के सीईओ सुखलीन अनेजा ने कहा, ''ऑर्गेनिक हार्वेस्ट की पहली मेकअप रेंज के लॉन्च के साथ ऑर्गेनिक हार्वेस्ट में हम स्वच्छ, नैतिक और टिकाऊ सौंदर्य के विज़न को साकार करने की दिशा में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं। ऑर्गेनिक हार्वेस्ट के संस्थापक राहुल अग्रवाल ने मेकअप में ब्रांड के विस्तार के लिए अपना उत्साह जताते हुए कहा, ''हम स्वच्छ और ऑर्गेनिक सौंदर्य के प्रति अपनी कमिटमेंट को बढ़ाते हुए ऑर्गेनिक हार्वेस्ट की पहली मेकअप रेंज को पेश करके बेहद रोमांचित हैं। हमारा मक़सद हमेशा सौंदर्य को एक नया आयाम देना रहा है । ब्रांड एंबेसडर अभिनेत्री निम्रत कौर ने कहा, ''कुछ समय से ऑर्गेनिक हार्वेस्ट के साथ जुड़ी होने के कारण यह मेकअप रेंज सौंदर्य उद्योग में ज़्यादा टिकाऊ भविष्य की दिशा में एक रोमांचक और सकारात्मक कदम के रूप में नज़र आती है।

# फोन पे ने धनतेरस व दिवाली के अवसर पर 24K डिजिटल गोल्ड पर रोमांचक कैश बैक ऑफर की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फोन पे** ने आज धनतेरस और दिवाली 2023 के त्योहारी के अवसर पर 24 कैरेट सोने पर रोमांचक कैश बैक ऑफर की घोषणा की है। फोन पे से कम से कम 1000 रुपये का डिजिटल सोना खरीदने वाल ग्राहक को 3000 रुपये तक की गारंटीड कैशबैक* का लाभ उठा सकते हैं। यह ऑफर 9 नवंबर से 12 नवंबर, 2023 तक सभी एक बार लेनदेन (प्रति यूजर एक बार) के लिए मान्य है।

भारत में 19,000+ पोस्टल कोड के 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने फोनपे प्लेटफॉर्म पर पारदर्शी कीमतों पर उच्च शुद्धता वाला 24 कैरेट सोना खरीदा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन पे प्रमुख डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म है जो अग्रणी और विश्वसनीय भागीदारों से 99.99 प्रतिशत शुद्धता-प्रमाणित 24 कैरेट डिजिटल सोना प्रदान करता है। ग्राहक शून्य मेकिंग शुल्क के साथ डिजिटल रूप से प्रमाणित 24 कैरेट सोना खरीद सकते हैं, और नि:शुल्क* स्टोरेज के लिए बीमाकृत बैंक-ग्रेड गोल्ड लॉकर का उपयोग करके लाभ उठा सकते हैं। फोन पे पर डिजिटल सोना खरीदने के कुछ अन्य लाभों में 24*7 घर बैठे खरीदारी की सुविधा शामिल है। ग्राहक अपने स्टोर किए गए सोने को किसी भी समय बेचने का विकल्प चुन सकते हैं, और पैसा 48 घंटों के भीतर उनके बैंक खातों में जमा हो जाएगा। ग्राहकों के पास अपनी पसंद की किसी भी राशि के लिए डिजिटल गोल्ड में निवेश करने की सुविधा भी है। एक-बार के खरीद के अलावा, फोन पे प्रत्येक भारतीय को डिजिटल रूप से सोने में निवेश करने का अधिकार देता है ताकि ग्राहकों को व्यवस्थित रूप से दीर्घकालिक निवेश करने में मदद मिल सके।

यह ऑफर 9 से 12 नवंबर, तक न्यूनतम 1000 रुपए का डिजिटल सोना खरीदते समय फोन पे पर सभी एक बार के लेनदेन के लिए मान्य है।

# डाबर आंवला ने कैंसर से पीड़ित महिलाओं को कॉन्फीडेंस देने के लिए 'गिफ्ट हेयर, गिफ्ट कॉन्फीडेंस' कैंपेन को किया सपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**डाबर** इंडिया लिमिटेड की ओर से दुनिया के नंबर 1 हेयर ऑयल ब्रांड डाबर आंवला ने एक अनूठे कैंपेन 'गिफ्ट हेयर, गिफ्ट कॉन्फीडेन्स' के लिए चेरियन फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। समाज में कैंसर से जुड़ी गलत अवधारणाओं को दूर करना और महिलाओं को कैंसर के जल्दी निदान के बारे में जागरुक बनाना इस कैंपेन का मुख्य उद्देश्य है।



इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड में हेयर केयर के मार्केटिंग हैड अंकुर कुमार ने कहा, ''डाबर आंवला हमेशा से महिलाओं को सशक्त बनाने और समुदायों को सहयोग प्रदान करने के लिए प्रयासरत रहा है। कैंसर के उपचार की वजह से बाल चले जाना महिलाओं के लिए बेहद दर्दनाक अनुभव होता है। हम इन महिलाओं को सपोर्ट करना चाहते हैं ताकि वे फिर से अपने आप को खूबसूरत और कॉन्फीडेंट महसूस करें। हमारा मानना है कि असली बालों से बनी विग दान में देकर हम इन महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और उन्हें बेहतर महसूस करने में मदद कर सकते हैं।''

इस कैंपेन के तहत डाबर आंवला सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली; अरिग्नार अन्ना मैमोरियल कैंसर हॉस्पिटल एंड रीसर्च इंस्टीट्यूट, कांचीपुरम; गुजरात कैंसर एण्ड रीसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद; और चितरंजन नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट, कोलकाता के कैंसर मरीज़ों को विग्स दान में देगा। गिफ्ट हेयर, गिफ्ट कॉन्फीडेंस की कैंपेन हैड सारा बेंजामिन चेरियन ने कहा, ''चेरियन फाउंडेशन अपने कैंपेन गिफ्ट हेयर, गिफ्ट कॉन्फीडेंस के माध्यम से कैंसर से जूझ रहे ज़रूरतमंद महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को सशक्त बनाना चाहता है। गिफ्ट हेयर, गिफ्ट कॉन्फीडेंस के 10वें साल के उपलक्ष्य में हमने उन अस्पतालों को 10,000 विग्स दान में देने का फैसला लिया है। हम डाबर इंडिया के प्रति आभारी हैं जिन्होंने 150 विग्स दान में देकर इस पहल की शुरूआत की है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में भी हम डाबर जैसे कॉर्पोरेट्स की मदद से इस तरह के परोपकारी प्रयासों को जारी रख सकेंगे।'

# सेक्टर-21 में सात करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण होगा

## पलवल शहरवासियों को सड़कों पर खड़े वाहनों से राहत मिलेगी



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सेक्टर**-21 ट्रांसपोर्ट नगर वासियों को बेहतर सड़कों की सुविधा देने के लिए हुडा विभाग की तरफ से सात करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। सड़कों का निर्माण दिल्ली-मथुरा रोड से शुरू होकर रेलवे लाइन तक करवाया जाएगा। सड़कों के निर्माण के बाद सेक्टर में निर्माण कार्य में तेजी आएगी। उसके बाद पलवल शहर में सड़कों पर खड़े होने वाले ट्रक, ट्रैक्टर, कैंटर, टेंकर आदि ट्रांसपोर्ट नगर में ही सुविधा से खड़े हो सकेंगे। पलवल शहर में वाहनों की आवाजाही तेज गति से हो सकेगी।


पलवल सेक्टर-21 ट्रांसपोर्ट नगर में हुडा विभाग द्वारा सात करोड़ की लागत से सड़क बनाने का कार्य शुरू करवाया जाएगा। सड़कों का निर्माण तारकोल मिक्स कंकरीट से किया जाएगा। सड़कों के निर्माण के बाद शहर के ट्रांसपोर्टरों को बड़ी राहत मिलेगी। सड़कों के निर्माण के बाद वे अपने सभी प्रकार के वाहनों को यहां खड़े कर सकेंगे। सड़कों के बनने के बाद सेक्टर में निर्माण कार्यों में गति आएगी। सभी प्रकार के वाहनों के यहां पर शिफ्ट होने के बाद ट्रांसपोर्टर के वाहन सभी प्रकार से सुरक्षित होंगे। शहर की सड़कों पर खड़े वाहनों में कई बार चोरी हो जाती थी। सड़कों के निर्माण के बाद ट्रांसपोर्टर अपने सामान से लदे वाहनों को यहां पर खाली करके आगे शहर के दूसरे कोनों में भिजवा सकेंगे। वहीं व्यापारी भी अपने सामान को सेक्टर-21 में भेजकर वहां से आगे लदवा सकेंगे। जिससे शहर का माल गोदाम मार्ग, रेलवे मार्ग, पुराना जीटी रोड, सोहना मार्ग, हथीन मार्ग, नूंह मार्ग, न्यू कॉलोनी मार्ग, अलावलपुर मार्ग वाहनों से पूरी तरह से साफ होंगे। जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

> पलवल के ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कें बनने के बाद ट्रांसपोर्टर अपने वाहनों को यहां पर शिफ्ट कर सकेंगे। जिससे शहर की सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी।
> -यशपाल सिंह, स्थानीय ट्रांसपोर्टर

> ट्रांसपोर्ट नगर में सड़कें बनने के बाद यहां शहर में लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा। जिससे शहर के एक कोने से दूसरे कोने में लोग आसानी से आ जा सकेंगे।
> -ओमसिंह, शहर निवासी

> पलवल के सेक्टर 21 में सड़कों के टेंडर आदि का कार्य पूरा हो चुका है। जल्द ही सात करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।
> -मेहरचंद, कनिष्ठ अभियंता

# एसडी कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**स्थानीय** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में भौतिकी एसोसिएशन के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें रवि रिवारिया, सहायक प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, होडल मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के हमारे जीवन में होने वाले उपयोगों एवं दुरुपयोगों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने की व मंच संचालन डॉ. जितेंद्र ने किया। भौतिकी विभाग मुखिया डॉ. पूनम पाहूजा ने भी विज्ञान की उपयोगिता पर अपने विचार रखते हुए आए हुए मुख्यवक्ता का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगेश, मानिकचंद और दिनेश ने विशेष योगदान दिया।

# रेलवे लाइन के साथ वार्ड-14 में बनेगा बाईपास

## विधायक ने चार करोड़ से अधिक की सड़क का किया शिलान्यास



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** दीपक मंगला ने वार्ड नंबर-14 की न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी में लगभग चार करोड़ 62 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल भी मौजूद रहे।

विधायक ने कहा कि यह मार्ग रेलवे लाइन के समीप बसी सल्लागढ़, आदर्श कॉलोनी, न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, राजपूत मोहल्ला से होते हुए ओमेक्स तक एक बाईपास का कार्य करेगी। यह सड़क किठवाड़ी पुल के नीचे से सीधा ओमेक्स तक चला जाता है, जिसके कुछ हिस्से का निर्माण पहले हो चुका है और अब न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी से लेकर हाईवे तक इसको जोड़ दिया जाएगा, जो आगे ओमेक्स जाने वाली रजवाहे वाली सड़क से मिल जाएगा। लगभग चार करोड़ 62 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क की लंबाई एक किलोमीटर 800 मीटर तथा चौड़ाई छह मीटर है। नगर परिषद की ओर से इस मार्ग को अगले छह महीने में बनाकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस मार्ग के एक ओर गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण भी करवाया जाएगा। रेलवे लाइन से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग तक भंगूरी रजवाहे के साथ-साथ इस सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। दीपक मंगला ने कहा कि यह यहां बसी कई कॉलोनियों के लोगों की पुरानी मांग थी, जिसे सरकार ने मंजूर करके कॉलोनी वासियों को दीपावली के तोहफे के रूप में दिया है।

### क्षेत्र का विकास करवाने में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी : दीपक मंगला

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। पलवल विधानसभा क्षेत्र का विकास करवाने में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। सभी विकास कार्यों के पूरे होने पर पलवल विधानसभा का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देगा। शिलान्यास कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने विधायक दीपक मंगला के साथ-साथ नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल सहित सभी अतिथियों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरेंद्र तेवतिया, पलवल मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, पार्षद देवेंद्र तंवर, जितेंद्र जाखड़, जितेंद्र तेवतिया, तेजपाल तेवतिया, रविंद्र खेडी, यशपाल कमरावली, विवेक नंबरदार, गुरवाडी के पूर्व सरपंच जगत सिंह, प्रवीण ग्रोवर, नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता जीतराम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कार ने दो साल की बच्ची को कुचला

## अन्य दुर्घटना में अज्ञात वहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नेशनल** हाईवे पर डबचिक के निकट सीएनजी पंप पर गाड़ी में सीएनजी डलवाते समय गाड़ी से नीचे उतरी दो वर्ष की बच्ची को कार चालक ने कुचल दिया। जिससे मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक बच्ची के पिता की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, इनायतपुर गांव निवासी खालिद ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने परिवार के साथ अपने भाई सलमान की गाड़ी में परिवार सहित तिरवाड़ा जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाईवे पर होडल स्थित सीएनजी पंप पर अपनी ईको गाड़ी में सीएनजी डलवाने लगे तो परिवार के सभी सदस्य गाड़ी से नीचे उतार दिए। इसी दौरान उसकी दो वर्षीय बेटी सहनुमा पंप पर खड़ी हुई तो एक चालक कार को लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसकी बेटी को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद उसकी बेटी के सिर को गाड़ी के टायर से कुचल दिया। जिससे मौके पर ही बच्ची की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पंप पर पुलिस पहुंच गई और बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया। होडल थाना पुलिस ने खालिद की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

वहीं दूसरी तरफ पलवल-नूंह रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल सैर कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना प्रभारी मुकेश के अनुसार, किशोरपुर गांव निवासी राजबीर ने दी शिकायत में कहा है कि उसके ताऊ का बेटा लीलू घर से सैर करने के लिए पलवल-नूंह रोड पर निकला था। सुबह जब दौड़ लगाने वाले युवक व दूधिया वहां से गुजर रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति मृत पड़ा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना महेशपुर के अड्डे पर दुकानदारों को दी।

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा राज्य स्तरीय ऑनलाइन/ऑफलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. केशवदेव शर्मा, प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्या, संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिता कौशिक, डॉ. अमरवती ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्य के अनेक महाविद्यालयों से छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि ने भाषा व संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा की शुद्ध शब्दावली का ज्ञान अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में ऑनलाइन व ऑफलाइन में प्रथम सुमन व नेहा आर्य महिला महाविद्यालय अंबाला, द्वितीय स्थान भारती व जाह्नवी एसडी कॉलेज, तृतीय स्थान पिंकी व श्वेता अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ रहे। प्राचार्या ने विजेता छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया।

# बच्चे करेंगे अमृतसर व कुरुक्षेत्र के दर्शनीय स्थलों का अवलोकन



## 50-50 छात्र व छात्राओं को किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा विभाग के सौजन्य से पूरे प्रदेश में कक्षा ग्यारहवीं के कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण हेतु अमृतसर अटारी बॉर्डर, जलियांवाला बाग, जंग ए आजादी तथा कुरुक्षेत्र के विभिन्न दार्शनिक स्थलों का अवलोकन कराया जा रहा है।

जिला पलवल से कक्षा 11वीं कला एवं वाणिज्य संकाय के 50 छात्र व 50 छात्राओं को दर्शनीय स्थल पर लेकर जाने वाले वाहन को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं दी और बच्चों से आह्वान किया कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस शैक्षणिक भ्रमण के महत्व को समझकर अपने ज्ञान का वर्धन करें।

जिला गणित विशेषज्ञ सुखराम ने बताया कि यह टूर आठ नवंबर तक रहेगा। इसमें विद्यार्थी चार दिन में अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, जंगे आजादी एवं कुरुक्षेत्र के विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर डीपीसी सुखबीर तंवर, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, प्रधानाचार्य राकेश कुमार, जिला विज्ञान विशेषज्ञ राजेश कुमार, नरेश कुमार, नंदकिशोर, प्रीतम, महेंद्र चौहान, दिनेश सैनी, पिंकी देवी, श्वेता, मीनाक्षी, चंद्रिका एवं दीपमाला उपस्थित रहे।

# केसीएम स्कूल बंचारी में मैथ्स मेनिया गणित प्रतियोगिता हुई



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**केसीएम** पब्लिक स्कूल बंचारी में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन लिए समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए मैथ्स मेनिया सप्ताह का आयोजन किया गया। कक्षा दूसरी से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैथ्स मेनिया सप्ताह में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जैसे डोमिनो टेबल्स, क्रॉसवर्ड, टेलिंग टाइम, पैन-पेपर टैस्ट, हैंड्स ऑन एक्टिविटी बेस्ड ऑन बेसिक मैथमेटिक्स तथा अंत में गणित प्रश्नोत्तरी सभा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच राउंड रखे गए। जिसमें पहले राउंड में डोमिनो टेबल, दूसरे राउंड में वैदिक मैथ्स के प्रश्न, तीसरे राउंड में रीजनिंग के प्रश्न बजर राउंड द्वारा पूछे गए जिस टीम ने पहले बजर बजाई तथा निर्धारित समय में सही उत्तर दिया, उस टीम को उस प्रश्न के अंक मिले तथा चौथे राउंड में कैलकुलेशन और पांचवें राउंड में रैपिड फायर रखा गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों को 30 सेकेंड का टाइम दिया गया और जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अधिक से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिए गए। इस प्रतियोगिता में श्रोता विद्यार्थियों ने भी रुचि दिखाई। इस प्रतियोगिता में 18 टीम बनाई गई। हर टीम में दो-दो विद्यार्थियों को रखा गया। विजेता रही टीम को स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देवदत्त भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने बधाई दी और भविष्य में इसी प्रकार परिश्रम करते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया तथा सभी विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि गणित हमें यह शिक्षा देता है कि हर समस्या का समाधान है।

# तीन नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने सेक्टर-8 एरिया व बस स्टैंड बल्लभगढ़ एरिया से तीन नाबालिग बच्चों को लावारिस अवस्था में घूमते हुए रेस्क्यू किया है। जिसमें बच्चों की उम्र 12 वर्ष, आठ वर्ष, वर्ष छह है। तीनों बच्चो का नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। तीनों बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है। परिजनों ने क्राइम ब्रांच का धन्यवाद किया।

# एसपीएस इंटरनेशनल में दूसरे दिन हुए शानदार मुकाबले

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**एसपीएस** इंटरनेशनल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। प्रतियोगिता में तैराकी, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो और योग के दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले। विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों में असीमित प्रतिभाएं छुपी हुई हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामने लाकर और तराशा जा सकता है, ताकि भविष्य में यही विद्यार्थी न केवल अपने क्षेत्र का बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश का भी नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसपीएस इंटरनेशनल प्रतिवर्ष तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन करवाता है, जिसमें पलवल एवं आसपास के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने बताया कि एसपीएस इंटरनेशनल की इस स्पोर्ट्स में स्कूली खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है तथा उन्होंने स्पोर्ट्स मीट को तुलना एक मिनी ओलंपिक से की। साथ ही उन्होंने कहा कि अब वो दिन भी दूर नहीं जब हमारे पलवल के बच्चे ओलंपिक में ज्यादा से ज्यादा पदक लाकर न केवल अपने जिले का, बल्कि अपने देश का नाम भी रोशन करेंगे।

19 गर्ल्स वालीबॉल के मुकाबले में डीपीएस बल्लभगढ़ एवं आदर्श विद्या मंदिर स्कूल कोसी के छात्र फाइनल में पहुंचे। वहीं खो-खो में तीन राउंड जीतने के बाद एसपीएस इंटरनेशनल एवं त्यागी मॉडर्न स्कूल होडल की टीम फाइनल में पहुंची। रिले रेस में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर एसपीएस इंटरनेशनल की टीम ने कब्जा जमाया, वहीं तीसरे स्थान पर मॉडर्न स्कूल फरीदाबाद रहा। लड़कों की रिले रेस में मॉडर्न स्कूल फरीदाबाद पहले स्थान पर, दूसरे स्थान पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल फरीदाबाद एवं तीसरे स्थान पर एसएनडी स्कूल रहा। लड़कों की-19 की रिले रेस के फाइनल मुकाबले में कुल सात स्कूल पहुंचे हैं, जिसका फाइनल मुकाबला आज होगा। योग, कबड्डी और तैराकी में भी कमाल के मुकाबले देखे गए। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन आठ नवंबर को होगा, जिसके माध्यम से एसपीएसआई कप के असल हकदार का फैसला होगा। ज्ञात रहे की इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण एसपीएसआई कप के लिए ही तीन दिन तक सभी खिलाड़ी एसपीएस के मैदान में अपना पसीना बहा रहे हैं।

# स्थापना दिवस पर किया जागरूकता रैली का आयोजन




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**भारत** स्काउट एंड गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला इकाई द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को उपमंडल अधिकारी होडल रणवीर सिंह तथा नगर परिषद होडल की अध्यक्ष ईद्रेश, खंड शिक्षा अधिकारी किरण बाला तथा विद्यालय प्रबंधक ज्ञानचंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर बाबरी मोड़ स्थित एचजीएम गुरुकुलम विद्यालय से रवाना किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया संस्था द्वारा चार से सात नवंबर तक जिला स्तरीय जंबूरी, तृतीय सोपान कैंप का आयोजन एचजीएम गुरुकुलम में किया गया है। इसके अंतर्गत लोगों को पर्यावरण प्रदूषण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता के विषय में विभिन्न प्रकार के स्लोगनों के माध्यम से जागरूक करते हुए एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 500 स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने भाग लेकर पसीना बहाया।

# किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है : उपमा अरोड़ा

## पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल




**हरियाणा** राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निर्देशन तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष एवं उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय पलवल कैंप में पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में जिला के विभिन्न विद्यालयों के सैंकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

शिविर का शुभारंभ जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने रेडक्रॉस झंडा फहराते हुए रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी ड्यूना की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है। जिस देश का युवा जागरुक, सुदृढ़ एवं शक्तिशाली होगा, वहां देश तरक्की करेगा। रेडक्रॉस सोसाइटी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य, सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता, भेदभाव रहित, सार्वभौमिकता, स्वतंत्र, निष्पक्षता, तटस्थता, एकता, स्वैच्छिक सेवाभाव से तत्पर आमजन में जागरूकता के भाव जगाती है।

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के सचिव वाजिद अली ने मुख्य अतिथि का स्वागत व्यक्त करते हुए दिन-प्रतिदिन शिविर की गतिविधियों के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रेडक्रॉस इतिहास, जूनियर रेडक्रॉस इतिहास की विस्तृत जानकारी दी।

### नशा विरोधी जागरूकता अभियान से जुड़ने के लिए शपथ दिलाई

**जिला** प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने मंच संचालन किया तथा उपस्थित प्रतिभागियों को नशा विरोधी जागरूकता अभियान से जुड़ने के लिए, शपथ दिलाई। राजकीय उच्च विद्यालय पलवल कैंप के मुख्य अध्यापक नवल किशोर ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद व्यक्त किया। नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सभी प्रतिभागियों को रेडक्रॉस के चिन्ह के प्रयोग, दुरुपयोग के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि इस चिन्ह का प्रयोग रेडक्रॉस गतिविधियों से जुड़ा समाज, स्वयंसेवक एवं आर्मी मेडिकल कोर कर सकती है। बाकी अन्य विभाग अपने निर्धारित चिन्ह का प्रयोग करें। समाजसेवी विक्रम सिंह यात्री ने सभी को स्वयंसेवक की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर के प्रथम दिन के सफल आयोजन में विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के लेखाकार अंजली भयाना, भोजपाल सहरावत, हेमवती, नितिन कुमार, सूर्यकांत, हरवंश आदि का अहम योगदान रहा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 नवंबर, 2023



## विधानसभा चुनाव
### पहला चरण

**विधानसभा** चुनावों के पहले चरण में 7 नवंबर को मतदान हुआ। ये 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले अंतिम विधानसभा चुनाव हैं। 2023 का पुरुष क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल कुछ दिनों बाद है, पर राष्ट्र के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण 2024 के लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल शुरू हो गया है। पांच राज्य विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने मिजोरम के सभी निर्वाचन क्षेत्रों तथा छत्तीसगढ़ की 90 सीटों में से पहले चरण वाली 20 सीटों के लिए मतदान किया। विधानसभा चुनाव वाले मिजोरम, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में से तीन हिंदी हृदय प्रदेश के बड़े राज्य हैं जो लोकसभा चुनाव पर काफी प्रभाव डालेंगे। खासकर यदि चुनावों के बीच 6 महीने से कम का अंतर हो तो राज्यों के चुनाव आम चुनाव पर सीधा प्रभाव डालते हैं। मनोवैज्ञानिकों व चुनाव विश्लेषकों के अनुसार राज्य विधानसभा और आम चुनाव निकट होने की स्थिति में मतदाता आमतौर से एक ही पार्टी का चुनाव करते हैं। हालांकि, सभी लोग अनुमान लगा रहे हैं कि 2024 आम चुनाव के पहले होने वाले राज्य चुनाव किस दिशा में जाएंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भूपेश बघेल अपनी सत्ता बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चुनाव के समय आमतौर से बांटी जाने वाली अनेक 'खैरातों' के साथ उन्होंने अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर जाति सर्वेक्षण कराने की घोषणा की है। राज्य के लिए भाजपा का घोषणापत्र केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया। इसमें भी अनेक वादे किए गए हैं। मजेदार बात है कि दोनों घोषणापत्र एक-दूसरे की नकल लगते हैं। वर्तमान समय में बघेल अनेक विवादों में फंसे हैं और उनको 'सत्ता-विरोधी लहर' से भी निपटना है जिससे उनकी संभावनायें प्रभावित होती हैं।



छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में 7 व 17 नवंबर को हैं, जबकि वोटों की गिनती इस दौर में चुनाव वाली चार विधानसभाओं के साथ 3 दिसंबर को होगी।
मिजोरम इस जाड़े में चुनाव कराने वाला पूर्वोत्तर का एकमात्र राज्य है। मणिपुर में नस्ली तनाव व हिंसा के बाद मतदाताओं की भावनाओं व अन्य चीजों का अनुमान लगाना कठिन है। इस बार मिजो नेशनल फ्रंट-एमएनएफ व भाजपा के बीच चुनाव-पूर्व गठबंधन नहीं है। हालांकि, सत्तारूढ़ एमएनएफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग में शामिल है, पर उसने राज्य में भाजपा के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन नहीं किया है। निवर्तमान मिजोरम विधानसभा में केवल एक विधायक होने के बावजूद भाजपा राज्य में अगली सरकार बनाना चाहती है। भाजपा ने यह काफी सीमा तक स्पष्ट कर दिया है कि यदि राज्य में त्रिशंकु जनादेश आता है तो वह सरकार बनाने के लिए राजग के घटक व सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट-एमएनएफ अथवा विपक्षी पार्टी जोराम पीपुल्स मूवमेंट-जेडपीएम के साथ गठबंधन कर सकती है। लेकिन इसका खुलासा 3 दिसंबर को ही मतों की गिनती के साथ होगा कि स्थानीय जनता ने किसे पसंद किया है। हालांकि, मतदान के पहले छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों ने बस्तर क्षेत्र में चुनाव बहिष्कार संबंधी पोस्टर लगाए थे तथा हिंसा की छिटपुट घटनायें हुई थीं, पर सुरक्षा बलों व निर्वाचन आयोग की चौकसी से छत्तीसगढ़ में पहले चरण के तथा मिजोरम में चुनाव आमतौर से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। वैसे भी अब देश की अधिकांश जनता किसी प्रकार के भटकाव में आने वाली नहीं है तथा उसका देश में लोकतंत्र व चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास दिन पर दिन मजबूत होता जा रहा है। फिलहाल सबकी नजरें 3 दिसंबर पर लगी रहेंगी जब जनता का जनादेश सबके सामने आएगा।

# जाति गणना और सामाजिक विकास

हमारे जैसे परिवर्तनशील देश में जाति आंकड़ों पर आधारित नीतिगत निर्णय बेहतरी के लिए सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकते हैं।




आईसी मल्होत्रा · संदीप चाचरा

**जाति** उन्मूलन के डा. अंबेडकर के आह्वान ने न केवल उच्च जातियों के वर्चस्व को चुनौती दी, बल्कि उसने आर्थिक विकास तथा सामाजिक विकास को व्यापक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उनकी विरासत के आधार पर स्वर्गीय कांशीराम ने 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा दिया। इस नारे ने सामाजिक समानता का महत्व उजागर किया ताकि समावेशी व प्रतिनिधिक प्रशासन स्थापित किया जा सके जो समाज की विविधतापूर्ण संरचना का द्योतक हो। पटना उच्च न्यायालय द्वारा बिहार सरकार के जाति सर्वेक्षण के फैसले को उचित ठहराया तथा सर्वोच्च न्यायालय ने 2 अक्टूबर, 2023 को इसके प्रकाशन पर रोक नहीं लगाई। इसके बाद राज्य सरकार ने 'बिहार जाति आधारित गणना, 2023' के नतीजे जारी कर दिए। संयोग से यह कांशीराम की 17वीं पुण्य तिथि के एक सप्ताह पहले आया। जाति-आधारित डेटा सार्वजनिक करने पर काफी हिचक रही है। यह सामाजिक-आर्थिक व जाति गणना, 2011 तथा कर्नाटक के सामाजिक-आर्थिक सर्वे रिपोर्ट, 2015 से स्पष्ट है। ओडिशा ने भी जाति-आधारित सूचनायें मई, 2023 में एकत्र की थीं, पर इस रिपोर्ट को आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया।

बिहार सर्वेक्षण के बाद महाराष्ट्र, असम और राजस्थान ने जाति सर्वेक्षणों में दिलचस्पी दिखाई है। समय-समय पर राजनीतिक पार्टियों और सिविल सोसाइटी ने सामाजिक-आर्थिक जाति सर्वेक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। अनेक आंकड़ों व विश्लेषणों से स्पष्ट है कि हालिया दशकों में हुई प्रगति को देखते हुए 'सकारात्मक कार्रवाई' की जरूरत है। कुछ वंचित जातियों ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की है, जबकि अन्य ऐसा नहीं कर सकी हैं। इस प्रक्रिया में समाज के कुछ हिस्सों को अनदेखा किया गया है।

भारतीय उप-महाद्वीप में कुछ सामाजिक समूहों की भूमि तक समान पहुंच नहीं रही है। जाति व्यवस्था विकसित होने पर कुछ जातियों के पास जमीन नहीं थी। 'अवर्ण' या 'अति-शूद्र' समूहों को ज्योतिराव फुले ने 19वीं शताब्दी के अंत में 'दलित' कहा जिसे 1970 के दशक में इन समूहों ने स्वीकार किया। भारतीय संविधान ने इनको अनुसूचित जातियों-एससी के रूप में वर्गीकृत किया। जाति व्यवस्था से बाहर आदिवासी समूहों की जमीनों और जंगलों तक पहुंच थी। संविधान में इनकी पहचान अनुसूचित जनजातियों-एसटी के रूप में हुई है। किसानों और कारीगरों को संविधान में सामाजिक व शैक्षिक पिछड़े वर्गों के रूप में पहचाना गया। भारत सरकार ने इनको सामूहिक रूप से अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी का नाम दिया। ग्रामीण भारत के 2019 के सर्वेक्षण के अनुसार एसटी के केवल 14 प्रतिशत तथा एससी के केवल 16 प्रतिशत के पास अपनी जमीनें थीं।



भारत में अनुसूचित जाति के लोग बहुआयामी गरीबी के दूसरे सबसे बड़े शिकार थे और इसके बाद एसटी का स्थान आता है। वैश्विक गरीबी सूचकांक, 2021 के अनुसार भारत में 28.3 करोड़ एससी जनसंख्या के 33.3 प्रतिशत गरीबी में जीवन बिता रहे थे। ओबीसी श्रेणी में शामिल विभिन्न उप-समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है।

यह काम गणना से ही संभव है। सेंटर फार मानीटरिंग इकोनोमी के अनुसार, 2016-2017 के बाद से ओबीसी व एससी की श्रमबल सहभागिता दरों में काफी कमी आई है। इससे स्पष्ट है कि ओबीसी व एससी की रोजगार दर में कमी आई है। नेशनल सैंपल सर्वे 2011-12 के अनुसार एससी की संख्या कैजुअल कामगारों में अधिक है। देश में अनौपचारिक कार्यबल में 32 प्रतिशत एससी थे जो उनकी 16 प्रतिशत जनसंख्या के दूनी है। इसके साथ ही एससी को सामान्य जातियों की तुलना में कम दिन काम मिलता है।

इसके साथ ही वंचित वर्गों के कल्याण के लिए फंडों का दूसरी जगह प्रयोग कर लिया जाता है। हाल ही में बिहार सरकार ने 2018-19 में एससी-एसटी स्कालरशिप के लिए निर्धारित 8,800 करोड़ का प्रयोग सड़कें, मेडिकल कालेज व सरकारी इमारतें बनाने में कर लिया। इन आंकड़ों से हाशियाकृत समुदायों के लिए विशिष्ट सरकारी हस्तक्षेपों की आवश्यकता उजागर होती है। बिहार सरकार द्वारा इन समूहों का डेटा जारी करना सामाजिक न्याय की दिशा में पहला कदम है।

राजनीतिक रणनीतियां तय करने में वोटबैंक राजनीति से इनकार नहीं किया जा सकता है। समान रूप से प्रभावी नीतियां व समाज कल्याण कार्यक्रम बनाने में डेटा-संचालित व प्रमाण-आधारित दृष्टिकोण अपनाना भी जरूरी है। राज्य को 'जातीय पहचान' मजबूत करने से बचते हुए संसाधन आबंटन व समान अवसर देने का लक्ष्य सामने रखना चाहिए। जाति गणना से नीतिगत निर्णयों पर ध्यान जाता है जो सामाजिक न्याय मजबूत करने का काम कर सकते हैं। इससे समाज को प्रभावित करने वाले विभाजक राजनीतिक व धार्मिक विमर्श पर भी ध्यान जाता है। वास्तविक व अद्यतन डेटा से ऐसे 'गलत प्रतिनिधित्व' व 'पूर्वाग्रहों' को दूर करने में भी सहायता मिल सकती है जिनमें बांग्लादेश से बड़ी संख्या में मुस्लिमों के बिहार आने की अवधारणा भी शामिल है।

सर्वेक्षण से स्पष्ट हुआ है कि 2011 की जनगणना के बाद मुस्लिम जनसंख्या में मामूली 1 प्रतिशत वृद्धि हुई है। 'जाति उन्मूलन' की इस यात्रा में स्पष्ट राजनीतिक इच्छाशक्ति व समग्र एजेंडे की जरूरत है जो प्रमाण-आधारित सकारात्मक कार्रवाई को केन्द्र में रखे। भारत में घुमंतू आदिवासियों व अ-वर्गीकृत आदिवासियों-एनटीडीएनटी के लिए भी ऐसी ही गणना की जरूरत है। भारत में एनटीडीएनटी सर्वे की मांग लंबे समय से जारी है। इसके लिए गठित आयोग यह सुनिश्चित कर सकता है कि हर समुदाय को सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक क्षेत्र में समुचित हिस्सेदारी मिले। डेटा की उपलब्धता से कल्याणकारी नीतियां बनाने तथा इनके लिए समुचित बजट व लक्षित हस्तक्षेप बनाने में सहायता मिलेगी जिससे प्रत्येक हाशियाकृत समूह की विशिष्ट सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं को संबोधित किया जा सकेगा।

जाति गणना पर पुनः जोर देने से 'समानुपातिक प्रतिनिधित्व' के पैरोकारों को बल मिलेगा और यह सामाजिक न्याय व प्रगति की दिशा में एक कदम है। इन अवधारणाओं को समुचित कल्याणकारी नीतियों से समर्थन मिलना चाहिए। इसके साथ ही एक जीवन्त सामाजिक संवाद विकसित होना चाहिए जो जातियों के विस्तृत विवरण उजागर कर सके। ये नीतियां सटीक व समग्र जाति-आधारित डेटा का आधार हैं। इनमें सामाजिक-आर्थिक खाइयां पाटने की क्षमता है जो अनेक पीढ़ियों से समाज में चली आ रही हैं। विभिन्न जातीय समूहों के समक्ष उपस्थित विभिन्न चुनौतियों को समझ कर नीति निर्माता हाशियाकृत समुदायों को ऊपर उठाने की सटीक रणनीतियां बनाते हुए यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि कोई पीछे न छूटने पाए। इसके साथ ही जाति-गणना से एक सटीक सूचनाओं पर आधारित सामाजिक संवाद विकसित हो सकता है जिससे जाति से जुड़े पूर्वाग्रहों, अंधविश्वासों और गलत धारणाओं से मुक्ति पाने में सहायता मिल सकती है। बदलते हुए भारत में जहां शिक्षा और तकनीक समानीकरण शक्ति के रूप में काम करती हैं, वहीं जाति-आधारित सकारात्मक कार्रवाई जातीय आंकड़ों से पुष्ट होगी।

इससे ज्यादा व्यापक संवाद, महत्वाकांक्षायें, स्वतंत्रता, अवसर व आवश्यकतायें ऐसे समाज के लिए सामने आ सकती हैं जहां नागरिकों को अनुचित रूप से विशिष्ट माना गया या उनको उनकी पहचानों में कैद कर दिया गया। जीवन्त क्रियाविधि का प्रयोग कर इस प्रयास से 'जेंडर न्याय' को भी आगे बढ़ाने में सहायता मिल सकती है। समाज में मौजूद विभिन्न श्रेणियों के लिए सामाजिक-आर्थिक डेटा की उपलब्धता से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी संवाद विकसित हो सकता है जो सामाजिक ऊंचनीच की गतिशीलताओं पर गहन विचार कर सामाजिक न्याय व समानता बढ़ाने में योगदान कर सकता है। इस प्रकार देशव्यापी जाति-गणना 'जाति उन्मूलन' की दिशा में अच्छा कदम हो सकता है।

# रोगाणुओं में बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता

> "जैसे-जैसे एंटीबायोटिक्स और अन्य रोगाणुरोधी दवाओं की प्रभावशीलता कम हो रही है, हमारे सामने गंभीर चुनौती बढ़ती जा रही है।"



संगीता शर्मा
(लेखिका, प्रोफेसर हैं)

**आज** की तेजी से भागती दुनिया में, जहां चिकित्सा प्रगति का जश्न मनाया जाता है, वहां रोगाणुरोधी दवाओं का प्रतिरोध (एएमआर) का एक मूक खतरा मौजूद है जो लगातार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे एंटीबायोटिक्स और अन्य रोगाणुरोधी दवाओं की प्रभावशीलता कम हो रही है, हम अपने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए बढ़ती एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम इस स्थिति की गंभीरता को समझें और सामूहिक कार्रवाई करें।

भारत संक्रामक रोगों के एक महत्वपूर्ण बोझ का सामना कर रहा है और 2010 से 2020 तक 47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वैश्विक एंटीबायोटिक खपत में दूसरे स्थान पर है। एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग और दुरुपयोग एएमआर के विकास के लिए एक प्रमुख चालक है। मरीजों द्वारा निःशुल्क ओवर-द-काउंटर उपलब्धता और स्व-दवा इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। एंटीबायोटिक्स सामाजिक दवाएं हैं, जो अन्य दवाओं से अलग हैं, क्योंकि उनका दुरुपयोग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि एएमआर के बढ़ते वैश्विक खतरे में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और समाज को प्रभावित करता है। जिम्मेदार एंटीबायोटिक उपयोग, समझ, निवारक उपायों और स्वास्थ्य देखभाल दक्षता को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रोगी और सार्वजनिक भागीदारी महत्वपूर्ण है।

पशुपालन, जलीय कृषि और कृषि में अत्यधिक उपयोग से समस्या और गंभीर हो जाती है। मनुष्यों, जानवरों और पर्यावरण के बीच प्रयासों को एकीकृत करना महत्वपूर्ण है। जिम्मेदार खेती, नीति वकालत, उचित भोजन प्रबंधन, टिकाऊ प्रथाओं और जागरूकता के लिए सार्वजनिक समर्थन रोगाणुरोधी उपयोग को कम करने में मदद कर सकता है। आइए हम इस लड़ाई में हाथ मिलाएं, जागरूकता बढ़ाएं और एंटीबायोटिक दवाओं की प्रभावशीलता को संरक्षित करने के लिए कार्रवाई करें, जो हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण चिकित्सा संसाधन है।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध क्या है? रोगाणुरोधी प्रतिरोध तब होता है जब बैक्टीरिया, वायरस, कवक और परजीवी विकसित होते हैं और उन्हें मारने के लिए डिज़ाइन की गई दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं। मनुष्यों और जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग और अत्यधिक उपयोग, खराब संक्रमण की रोकथाम, और साफ पानी और स्वच्छता की कमी, ये सभी एएमआर की चिंताजनक वृद्धि में योगदान करते हैं।

जब हम एंटीबायोटिक युग के बाद की ओर बढ़ रहे हैं तो हमें चिंतित क्यों होना चाहिए? एएमआर भेदभाव नहीं करता और कोई सीमा नहीं जानता। यह किसी भी देश में, किसी भी उम्र में, किसी को भी प्रभावित करता है। जैसे-जैसे एएमआर बढ़ता जा रहा है, प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं की संख्या कम होती जा रही है। यदि एएमआर पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया, तो हम एंटीबायोटिक के बाद के युग में प्रवेश कर सकते हैं, जहां मामूली संक्रमण भी घातक हो सकता है, जिसका इलाज एक बार एंटीबायोटिक दवाओं से किया जा सकता है, जिससे लंबी बीमारी हो सकती है, स्वास्थ्य देखभाल की लागत बढ़ सकती है और दूसरों में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

एएमआर के खिलाफ लड़ाई में शिक्षा हमारा सबसे शक्तिशाली उपकरण है। सूचित व्यक्ति, समुदाय और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता विवेकपूर्ण विकल्प चुन सकते हैं, विवेकपूर्ण एंटीबायोटिक उपयोग को बढ़ावा दे सकते हैं। डब्ल्यूएचओ, दिल्ली सरकार और ईसीएचओ इंडिया द्वारा समर्थित डीएसपीआरयूडी स्कूल अभियान रास्ता रोशन करते हैं। 2019 में 1000 से अधिक दिल्ली स्कूलों के 600,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। महामारी को अपनाते हुए, 2020 का ऑनलाइन अभियान 3,500 शिक्षकों और 350,000 छात्रों तक पहुंचा। 2022 में, एक केंद्रित ऑनलाइन अभियान में 180 शिक्षक शामिल थे, जिसमें सूक्ष्मजीवों, एएमआर, स्वच्छता और एक-स्वास्थ्य प्रथाओं पर जोर दिया गया था। ये प्रयास समुदायों को सशक्त बनाते हैं और एक जिम्मेदार पीढ़ी को आकार देते हैं जो जिम्मेदार रोगाणुरोधी उपयोग के महत्व को समझते हैं। दृढ़ संकल्प के साथ शिक्षा परिवर्तन लाती है।

समुदाय, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, नीति निर्माता और व्यक्ति सभी एएमआर से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एंटीबायोटिक दवाओं का उचित उपयोग, स्वास्थ्य देखभाल सलाह का पालन करना और कृषि और दवा उद्योगों से जिम्मेदार प्रथाओं की मांग करना आवश्यक कदम हैं।

ऐसी दुनिया में जहां एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है, विश्व एएमआर जागरूकता सप्ताह व्यक्तियों, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, नीति निर्माताओं और समुदायों को प्रभावकारिता को संरक्षित करने के साझा लक्ष्य में एकजुट होने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। रोगाणुरोधी दवाओं का सामुदायिक सशक्तिकरण और जिम्मेदार उपयोग के विषय को अपनाकर, हम सामूहिक रूप से एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं जहां रोगाणुरोधी प्रभावी रहेंगे, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित दुनिया सुनिश्चित करेंगे।

आंदोलन में शामिल हों: 18-24 नवंबर, 2023 तक होने वाला आगामी डब्लूएएडब्लू,व एएमआरसे निपटने के हमारे वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण महत्व रखता है। इस वर्ष की थीम, समुदायों को सशक्त बनाना, जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना, एएमआर पर अंकुश लगाने में स्थानीय भागीदारी और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। आइए एएमआर के खिलाफ एकजुट हों। खुद को और अपने समुदाय को शिक्षित करके हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख सकते हैं। साथ मिलकर, हम रोगाणुरोधी दवाओं की प्रभावशीलता को संरक्षित कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि जब हमें उनकी आवश्यकता हो, वे काम करें।

प्रचार कीजिये। हमारे एंटीबायोटिक्स बचाएं। हमारे भविष्य की रक्षा करें।

## आप की बात

### पराली जलाने की समस्या

**देश की राजधानी** में कुछ वर्षों से कभी प्राकृतिक तो कभी पराली जलाने के कारण वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। राजनीति से ऊपर उठकर प्रदूषण मुक्ति अभियान चलाने से दिल्ली वाले ही नहीं आसपास के प्रदेशों को भी राहत मिल सकती है। पराली जलाने से दिल्ली व आसपास प्रदूषण रोकने के लिए सरकारी तंत्र को संसाधन जुटाने के साथ तकनीकी प्रयास करने चाहिए। पराली जलाने वाले किसानों का कहना है कि उनको मजबूरी में यह काम करना पड़ना है क्योंकि जल्दी से अगली फसल बोने के लिए पराली जलाने से सहज, सस्ता और सुगम कोई रास्ता नहीं है। पिछले सालों में इस समस्या के समाधान के अनेक दावे जरूर किए गए हैं और कुछ सकारात्मक खबरों को मीडिया में स्थान मिला है। लेकिन ऐसा सर्व-स्वीकार्य हल बहुत दूर है जिसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसान खुशी-शुशी स्वीकार करें। पराली की समस्या से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर वैज्ञानिक-किसान-नीति निर्माता सहयोग की आवश्यकता है, उसका घोर अभाव देखने में आता है। राजनेता सोचते हैं कि जाड़ा बीतने के बाद समस्या समाप्त हो जाएगी, ऐसे में संभवतः किसी गंभीर व स्थाई प्रयास की जरूरत उनकी प्राथमिकता में नहीं है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### परिश्रम की संस्कृति

**हमारे देश** में सदियों से परिश्रम को ही पूजा माना गया है। कृषि कार्य में लगे देश के अधिकांश लोग 12 घंटे से अधिक कठोर परिश्रम करते रहे हैं। इसके उलट सफेदपोश नौकरियों में ज्यादा शारीरिक परिश्रम की जरूरत नहीं रही। आरामतलबी को देखते हुए आज युवाओं का बड़ा हिस्सा सरकारी नौकरियों के पीछे दौड़ रहा है। अब कठोर परिश्रम करना ज्यादातर लोग पसंद नहीं करते हैं। सरकारी कार्यालयों में काम के घंटे नियत है। लेकिन इसके बावजूद अनेक कर्मचारी ईमानदारी से काम नहीं करते। यदि भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है तो सबको कठोर परिश्रम का प्रण लेना होगा। जब व्यापारी और निजी कंपनी वाले अधिक समय तक कार्य करके अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में केन्द्र तथा राज्य सरकारों को सरकारी कार्यालयों में तकनीक के अधिकतम प्रयोग के साथ समयबद्ध कार्य-संस्कृति विकसित करने की जरूरत है। बहुत से लोगों के लिए सरकारी नौकरी का अर्थ लापरवाही, हरामखोरी और रिश्वतखोरी बन गया है। इसे समाप्त कर सरकारी नौकरियों के सभी क्षेत्रों में परिश्रम की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### ब्रिटेन की राजनीति

**ब्रिटेन** की कन्सर्वेटिव पार्टी के 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लगता है अब दिन पूरे हो गए हैं। इस पार्टी से अब न देश संभल रहा न ही पार्टी। ब्रेक्सिट को लेकर जो सब्जबाग ब्रिटिश जनता को दिखाए गए थे वो सब एक-एक करके धराशायी होते गए। लोगों की जिंदगी खुशहाल होने के स्थान पर उनका जीना दूभर होता गया। अर्थव्यवस्था के मामले में देश मंदी के चंगुल में फंसा हुआ है। सरकार के पास पैसा नहीं है कि वह सार्वजनिक क्षेत्र के कमर्चारियों को संतुष्ट कर सके जो न्यायोचित वेतन बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप शिक्षकों से लेकर रेलवे कर्मचारियों और डॉक्टरों से लेकर ड्राइवरों तक अनेक क्षेत्रों के कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए। शायद इसी कारण पिछले ढाई वर्षों में हुए सभी उपचुनावों में कन्सर्वेटिव पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले 5 वर्षों में देश में 4 प्रधानमंत्री आ चुके हैं और अब भारतीय मूल के ऋषि सुनक प्रधानमंत्री हैं। ब्रिटेन की राजनीति आज जिस उथलपुथल की शिकार है उसमें कंजरवेटिव की प्रतिद्वंद्वी लेबर पार्टी भी फिलहाल कोई स्पष्ट वैकल्पिक राजनीतिक दिशा नहीं दे पा रही है।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### क्रिकेटरों की सफलता

**भारत** ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी हार दी और विश्व कप में लगातार 8 मैच जीते। यह रनों के हिसाब से वनडे क्रिकेट इतिहास में दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी हार है। भारत की ओर से शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन ने विश्व कप खेलने वाली सभी टीमों को जैसे डरा दिया है। भारत के खिलाफ अब तक एक भी टीम जीत के करीब नहीं पहुंची। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका भी उसका ठीक से मुकाबाल नहीं कर सकीं। विराट कोहली ने अपना जन्मदिन महत्वपूर्ण शतक के साथ मनाया और अपना 49वां वनडे शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर के शतक की बराबरी कर ली। इसी प्रकार शमी वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। भारत के इस शानदार प्रदर्शन से पूरे देश की जनता प्रसन्न है। उम्मीद है कि यदि यही शानदार प्रदर्शन जारी रहा तो इस बार वह विश्व कप विजेता बनेगा। भारतीय खेल प्रशासकों ने अफगानिस्तानी क्रिकेटरों के प्रशिक्षण में भी उल्लेखनीय व प्रशंसनीय सहयोग दिया है।

– **तौकीर रहमानी,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# बगैर मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ होगा एक्शन, लगेगा एक लाख तक का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● बेसिक शिक्षा निदेशालय ने 22 नवंबर तक सभी जिलों से मांगी अभियान की रिपोर्ट

**उत्तर** प्रदेश में बिना मान्यता प्राप्त चल रहे विद्यालयों पर योगी सरकार सख्त एक्शन लेने जा रही है। इसके लिए पूरे प्रदेश में सघन अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जो विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त या मान्यता रद होने के बाद भी संचालित होते पाए जाएंगे उन पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दंड के साथ ही एक लाख रुपए तक जुर्माने का प्राविधान है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही 22 नवंबर तक सभी जनपदों से अभियान के तहत की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य सरकार द्वारा परिषदीय प्राथमिक, जूनियर हाईस्कूल, सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, मान्यता प्राप्त प्रारंभिक एवं जूनियर हाईस्कूल संचालित किए जा रहे हैं। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम में स्पष्ट रूप से प्राविधान किया गया है कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। संयुक्त शिक्षा निदेशक (बेसिक) गणेश कुमार ने इस संबंध में सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉकों में सघन अभियान चलाएं और यदि कोई विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त संचालित हो रहा है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। इसके साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से इस आशय का प्रमाण पत्र निदेशालय को उपलब्ध कराने को भी कहा है कि उनके ब्लॉक में कोई भी विद्यालय बिना मान्यता प्राप्त किए संचालित नहीं हो रहा है और जिन विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए उसकी विद्यालयवार सूची 22 नवंबर तक निदेशक बेसिक शिक्षा को उपलब्ध कराएं। निर्देश में ये भी कहा गया है कि बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल न तो स्थापित किया जा सकता है और न ही संचालित किया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति बिना मान्यता प्राप्त किए कोई स्कूल संचालित करता है तो उसके विरुद्ध एक लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में प्रत्येक दिन के हिसाब से दस हजार रुपए तक का जुर्माना देय होगा। इस अधिनियम के प्राविधानों को राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली-2011 प्रख्यापित करते हुए लागू किया जा चुका है।



सीएम योगी से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर भारत स्काउट एंड गाइड्स के 73वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्काउट बच्चों ने भेंट की

# कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मार्केट व आईटी समेत कई सेक्टर्स में बढ़ा यूपी का दबदबा

● 40 प्रतिशत मोबाइल हेडसेट्स का भी उत्पादक बना उत्तर प्रदेश

● हैंडलूम सेक्टर में भी तीसरा सबसे बड़ा राज्य बनकर उभरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने की सीएम योगी की कवायद अब रंग दिखाने लगी है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार की नीतियां धरातल पर असर दिखाने लगी हैं। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में देश में बनने वाले 40 प्रतिशत मोबाइल हेडसेट्स का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। वहीं, मोबाइल कॉम्पोनेंट्स में उत्तर प्रदेश के रुतबे की क्या स्थिति है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के कुल 55 प्रतिशत मोबाइल कॉम्पोनेंट्स का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश में हो रहा है। ये एक बानगी भर है, वास्तवकिता में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स मार्केट में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल मुकाम रखता है और इसी कारण वह देश में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। इतना ही नहीं, देश में सबसे तेजी से विकसित हो रहे आईटी के हब के तौर पर भी उत्तर प्रदेश न केवल देश बल्कि दुनिया भर में अपनी छाप छोड़ रहा है। ये सारी उपलब्धियां सीएम योगी के विजन और कमिटमेंट को दर्शाती हैं, जिस पर इनवेस्ट इंडिया के हालिया आंकड़ों ने मुहर लगा दी है। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स व इंडस्ट्री के अंतर्गत इनवेस्ट इंडिया एक एजेंसी के तौर पर कार्य करता हैए जिसका मुख्य उद्देश्य नेशनल इनवेस्टमेंट प्रमोशन व फेसिलिटेशन को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं को सही दिशा देने के लिए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने जो काम किए हैं उसका असर देश-दुनिया में दिखने लगा है। इनवेस्ट इंडिया के आंकड़ों के अनुसारए प्रदेश की जनसंख्या ब्राजील के बराबर है, मगर राज्य में पीएम और सीएम के विजन का सही क्रियान्वयन उत्तर प्रदेश की दशा और दिशा में व्यापक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोर सेक्टर्स का चयन किया गया है, जिनमें पॉलिसी निर्धारण, रियायतें, लैंड अलॉटमेंट समेत तमाम प्रक्रियाओं के जरिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा दिया जा रहा है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश के हर सेक्टर में औद्योगिक व व्यापारिक गतिविधियों को सकारात्मक दिशा मिली है। प्रदेश अब न केवल खाद्यान्न के मामले में अव्वल है, बल्कि कई सेक्टर्स में अपनी धाक जमा रहा है। इनवेस्ट इंडिया के आंकड़ों के अनुसारए उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन व मैनुफैक्चरिंग (ईएसडीएम) सेक्टर से जुड़ी 196 कंपनियां कार्यरत हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 30 स्पेशल इकॉनमिक जोन व 40 आईटी व आईटीईएस पार्क हैं, जो प्रदेश की पहचान देश के नए आईटी हब के तौर पर विकसित कर रहे हैं। योगी सरकार की नीतियों के कारण नोएडा व ग्रेटर नोएडा में रिसर्च व डेवलपमेंट सेंटर्स का विकास हुआ है।

इसी प्रकार, सेमीकंडक्टर्स को लेकर शोध कर रही कंपनियों की भी इन क्षेत्रों में दिल्ली से नजदीकी के कारण व्यपक उपस्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे बड़े रोड नेटवर्क वाले राज्य के रूप में पहचान बना रहा है। मेरठ, मुरादाबाद, कन्नौज, कानपुर, आगरा, वाराणसी, भदोही व लखनऊ प्रदेश के मुख्य व्यापारिक केंद्रों के तौर पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं। खाद्यान्न की दिशा में तो उत्तर प्रदेश पहले से ही अग्रणी है मगर अब देश में फूड प्रोडक्शन के लिहाज से 8 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादों का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में तीसरे व फ्रोजन मीट उत्पादन में पहले पायदान पर है। 15 एग्रो व फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर्स व 4 एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट जोन के कारण उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी लगातार तरक्की कर रहा है। इसके अतिरिक्तए हैंडलूम सेक्टर में भी उत्तर प्रदेश देश में तीसरे पायदान पर काबिज है।

# प्रदेश के 29 से ज्यादा जिलों में विकास कार्यों को रफ्तार देगी सरकार

● पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत कुल 407 विकास कार्यों को किया जाएगा पूर्ण

● 198.93 करोड़ रुपए के बजट में से पहली किस्त के तौर पर 153.17 करोड़ रुपए हुए जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के समेकित विकास के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश की सड़कों के कायाकल्प को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के स्टेट व नेशनल हाइवे पर मरम्मत व दुरुस्तीकरण के कार्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों पर भी मरम्मत का कार्य जारी हैं। इस क्रम में, प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई थी जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में गांवों व ब्लॉकों को जिले मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़कों को प्रमुखता दी गई थी। ऐसे में, योगी सरकार ने अब पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत प्रदेश के 29 से ज्यादा जिलों में चिह्नित कुल 407 विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इस क्रम में कुल 198.93 करोड़ रुपए में से 153.17 करोड़ रुपए की धनराशि को पहली किस्त के तौर पर प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। लोक निर्माण विभाग ने इस क्रम में तैयारियां भी शुरू कर दी हैं और सभी लक्षित विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने की कवायद शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिन 29 से ज्यादा जिलों में विकास कार्यों के रूप में संपर्क मार्गों के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है उनमें गोण्डा, बहराइच, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या, जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, मथुरा, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई व वाराणसी प्रमुख हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के जिन जिलों में संपर्क मार्गों के निर्माण, मरम्मत व दुरुस्तीकरण के कार्यों को पूर्ण किया जाना है उनमें जौनपुर प्रमुख है। जौनपुर के शाहगंज, मुंगराबादशाहपुर, मछलीशहर व मल्हनी में संपर्क मार्गों के दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। वहीं, गाजीपुर के जखनियां तथा चंदौली के मुगलसराय व सकलडीहा में निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इसी प्रकार, श्रावस्ती व बलरामपुर में भी संपर्क मार्गों से संबंधित विभिन्न निर्माण व मरम्मत कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

इसी प्रकार, प्रतापगढ़ के विश्वनाथगंज व कुण्डा, सुल्तानपुर के इसौली, बाराबंकी के हैदरगढ़, फतेहपुर में खागा व हुसैनपुर तथा प्रयागराज के करछना, हण्डिया, सोरांव व फूलपुर जैसे इलाकों में भी संपर्क मार्गों के निर्माण व मरम्मत कार्यों को सुनिश्चित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित सभी निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूल बुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। प्रमुख अभियंता (विकास) इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करेंगे।

# स्ट्रीट वेंडर्स की आय बढ़ाने को प्रदेश भर में लगाए जाएंगे दीपावली मेले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● तीन दिवसीय दीपावली मेले का किया जाएगा आयोजन राज्य शहरी आजीविका मिशन ने जारी की एसओपी

**प्रदेश** के स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्वयं सहायता समूहों की अतिरिक्त आय बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत हर साल की तरह इस बार भी प्रदेश के सभी 75 जिलों में दीपावली के अवसर पर 9 से 11 नवंबर तक तीन दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन कराने निर्णय लिया है, जहां एक स्थान पर स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादों की बिक्री की जाएगी। यह तीन दिवसीय मेला पीएम स्वनिधि के तहत लगाया जाएगा। इसको लेकर राज्य शहरी आजीविका मिशन की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आम जनमानस को त्योहार से संबंधित उत्पादों को एक स्थान पर उपलब्ध कराने के साथ रेहड़ी-पटरी, खोमचे और स्वयं सहायता समूह की अतिरिक्त आय बढ़ाने के लिए इस बार भी दीपावली मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर एसओपी जारी कर दी गई है। ऐसे में राज्य शहरी आजीविका मिशन की ओर से पीएम स्वनिधि के नोडल ऑफिसर, परियोजना निदेशक, सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर और डूडा आदि को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसओपी में सभी जिलाधिकारियों को खुले मैदान में मेले का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए हैं, जहां पर पार्किंग के साथ फूड स्टॉल, झूले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पर्याप्त जगह हो। मेले स्थल पर बिजली, पानी,साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मेले के आयोजन से पहले शहर के मुख्य बाजार और वेंडिंग जोन में माइक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मेले के लिए जनपद स्तर पर मुख्य नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा, जो नगर निकाय स्तरीय नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। मेले को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा, जो मेले के कार्यों की टाइमलाइन तैयार करेगी। मेले में स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ उनके परिवार के लिए चिकित्सा शिविर भी लगाया जाएगाए जहां चिकित्सीय सलाह के साथ दवा भी दी जाएगी।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका, अरदास में लिया हिस्सा



● नदवा में हसनी नदवी मौलाना जाफर मसूद हसनी नदवी व अन्य उलेमाओं से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9:30 बजे राजधानी के यहियागंज स्थित गुरुद्वारा पहुंचे, जहां पर उन्होंने गुरु ग्रन्थ के साहब के समक्ष मत्था टेका एवं अरदास में हिस्सा लिया। अरदास के उपरान्त गुरुद्वारे के ग्रन्थी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को सरोपा देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश कुमार सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि तद्पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दारुल उलूम नदवतुल उलामा (नदवा कॉलेज, डालीगंज) पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने वहां के प्रेसिडेंट सैय्यद मोहम्मद बिलाल हसनी नदवी और मौलाना जाफर मसूद हसनी नदवी जी एवं अन्य उलेमाओं से मुलाकात कर सामाजिक मुद्दों विशेषकर अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर चर्चा कर उनकी राय ली। अजय राय ने देश के हालात, शिक्षा, की सोचनीय स्थिति पर अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समय पं. जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, स्व. राजीव गांधी, से लेकर नरसिम्हा राव तथा मनमोहन सिंह से लेकर अब तक सिर्फ तीन सिद्धान्तों पर चली है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, रमेश मिश्रा, सरदार रंजीत सिंह, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, राजेश सिंह काली, अमित त्यागी, पूर्व पार्षद केके शुक्ला मौजूद रहे।

# पूर्व जिला जज शमशाद अहमद कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए मंगलवार को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व जिला जज व चेयरमैन समीक्षा समिति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, एवं चेयरमैन संचालन समिति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर जनाब शमशाद अहमद ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर अजय राय ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शमशाद अहमद स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग लगातार कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।



भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगांहों से देख रही है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, शाहनवाज आलम, पूर्व राज्यमंत्री डॉ. सीपी राय, डॉ. शहजाद आलम, नितान्त सिंह, सुशील तिवारी, अयूब सिद्दीकी, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# यूपी में पहली बार होगा वनटांगिया ग्राम महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● धनतेरस से एक दिन पहले वनटांगिया ग्राम के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से कराया जाएगा लाभान्वित

**वनटांगिया** समुदाय को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने अब रोशनी के पर्व दीपावली पर इस समुदाय के जीवन में रोशनी और खुशियां पहुंचाने के लिए अनूठी पहल की है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार वनटांगिया ग्राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्वस में जहां एक ओर धनतेरस से एक दिन पहले वनटांगिया ग्राम में जाकर समुदाय के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएगा तो वहीं दूसरी ओर दीपावली के उपलक्ष्य में उन्हें पोषण किट, वस्त्र, मिठाई तथा अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। समाज के इस पिछड़े समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में यह बड़ा कदम साबित होगा।

वनटांगिया ग्राम महोत्सव का आयोजन आगामी 9 नवंबर को गोण्डा के विकासखण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम रामगढ़ में किया जा रहा है। इस आयोजन पर ग्राम रामगढ़ व महेशपुर के निवासियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें दीपावली के उपलक्ष्य में पोषण किट, वस्त्र तथा अन्य खाद्य सामग्री वितरित की जाएगी। साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, कृषि विभाग, महिला कल्याण एवं बाल पुष्टाहार आदि विभागों की ओर से स्टॉल लगातर ग्रामवासियों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प की भी व्यवस्था कराई गई है। इसमें, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ नेत्र परीक्षण की व्यवस्था होगी। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि महोत्सव में वनटांगिया समुदाय से जुड़े पात्र लोगों को पेंशन, आवास, शौचालय, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड सहित अन्य शासकीय योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन कराने की भी व्यवस्था की गई है। कैंप सुबह 10 बजे से क्रियाशील होंगे। और दोपहर 3 बजे ग्रामवासियों के साथ संवाद एवं सामग्री का वितरण करते हुए प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वनटांगिया समुदाय सीएम योगी आदित्यनाथ के दिल के बेहद करीब है। आजादी के दशकों बाद भी अपनी पहचान से वंचित इस समुदाय को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही संवैधानिक अधिकार देने की पहल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद ही वनटांगिया गांवों की तस्वीर ही बदल डाली। मई 2018 में गोण्डा के वनटांगिया गांवों को राजस्व ग्राम घोषित किया। तब जाकर सरकार की तमाम सुविधाओं का लाभ इनके पास पहुंचना शुरू हुआ। सीएम योगी खुद हर साल वनटांगिया गांव में जाकर दीपावली का त्योहार मनाते हैं।

# यूपी के पांच चिकित्सा संस्थानों में लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के पांच अस्पतालों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होगी। इसका मकसद कार्यालय के सभी पत्र, पत्रावली, फाइल का डिजिटलाइजेशन करना है। फाइल व पत्रावलियों को तलाशना आसान होगा। कामकाज में पारदर्शिता बढ़ेगी। फाइलों के गायब होने की आशंका कम होगी। कम समय में फाइलें खोजी जा सकेंगी। अभी सचिवालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पांच अस्पतालों में ई-हॉस्पिटल प्रणाली लागू करने के लिए धनराशि अवमुक्त करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि परदर्शिता लाने के लिए सचिवालय की भांति प्रदेश के पांच मेडिकल संस्थानों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जाएगी। इसके लिए 7134. 90 लाख रुपये के बजट की व्यवस्था है।

# बस दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लागू होगी सुरक्षित चालन प्रोत्साहन योजना

● प्रदेश सरकार ने पहली जनवरी 2024 से योजना लागू करने का लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** निगम की बसों द्वारा घटित हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के लिए योगी सरकार चालकों के लिए 'सुरक्षित चालन प्रोत्साहन योजना' शुरू करने जा रही है। परिवहन बोर्ड की बैठक में इसे 1 जनवरीए 2024 से लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे चालकों में सुरक्षित बस संचालन को बढ़ावा मिलेगा।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि निगम में दुर्घटनाओं के फलस्वरूप एक बड़ी धनराशि जनधन की क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाती है तथा बस के क्षतिग्रस्त हो जाने से संचालन प्रभावित होता है। इससे राजस्व की भी हानि होती है। चालकों को इस प्रोत्साहन योजना का लाभ तभी मिलेगा जब एक कैलेण्डर वर्ष अर्थात 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक की अवधि में चालकों ने कम से कम 264 दिन ड्यूटी तथा 66000 किमी. बस का संचालन किया हो।



एक कैलेण्डर वर्ष में निर्धारित अर्हता एवं दुर्घटना रहित संचालन करने पर 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि एक मुश्त अगले वर्ष जनवरी माह में चालकों को दी जाएगी। . यदि किसी चालक द्वारा कैलेण्डर वर्ष में निर्धारित कार्य दिवस अथवा किमी. पूरे नहीं किए जाते हैं तो उस वर्ष की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। इस दौरान यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो उस वर्ष के लिए चालक प्रोत्साहन योजना से वंचित होगा। दुर्घटना का अभिप्राय ऐसी बस दुर्घटना से होगा जिसमें बस के विरुद्ध दुर्घटना कारित किए जाने के फलस्वरूप जान की हानि अथवा घायल होने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई हो या जिसमें 10 हजार रुपए से अधिक की क्षति बस में हुई हो।

# 1400 मिलियन वर्ष पुराना जीवाष्म पार्क यूनेस्को की सूची में होगा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पार्क के आसपास होगा बुनियादी सुविधाओं का विकासः जयवीर सिंह

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद सोनभद्र में अमेरिका के एलोस्टोन पार्क के बाद एशिया का सबसे बड़े एवं प्राचीन सलखन जीवाष्म पार्क के समीप स्थित जीवाष्म पार्क को पर्यटन विभाग युनेस्को की सूची में दर्ज कराने का निर्णय लिया है। यह फासिल्स पार्क लगभग 1400 मिलियन वर्ष पूराना होने का अनुमान है। इसे देखने के लिए पूरी दुनिया से जीवाष्म वैज्ञानिक एवं पर्यटक वर्ष भर आते रहते हैं। इस स्थान पर पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं विकसित करने का फैसला लिया गया है। यह जानकारी मंगलवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश को पर्यटन के मामले में विश्व मानचित्र पर स्थापित किया जाए। इसी को देखते हुए जीवाष्म पार्क को दुनिया के सामने पेश करने के लिए यूनेस्को की सूची में स्थान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल में ही विभाग की टीम ने बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइन्सेज के निदेशक डॉ. एमजी ठक्कर के साथ इस पार्क का भ्रमण किया था। जनपद सोनभद्र में बहुत सी प्राकृतिक संरचनाएं मौजूद हैं। पर्यटकों एवं जीवाष्म प्रेमियों को देखने के लिए कई दर्शनीय स्थल भी हैं। इसलिए इसके आसपास पर्यटन विकास किया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पृथ्वी पर किसी समय जीवित रहने वाले अति प्राचीन जीवों के संरक्षित अवशेषों या उनके द्वारा चट्टानों में छोड़ी गई छापों को जो पृथ्वी की सतहों या चट्टानों की परतों में सुरक्षित पाये जाते हैं उन्हें जीवाष्म या फासिल्स कहते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के जीवाश्मों के निरीक्षण से पता चलता है कि पृथ्वी पर अलग-अलग कालखण्ड में भिन्न-भिन्न श्रेणी के जीव जन्तु हुए हैं। इनसे विभिन्न प्रकार की आकृतियां बनती हैं जो वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण का विषय होती हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 8 नवंबर 2023



# आपदा से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी

**● पूरे मनोयोग से आपदा का प्राप्त करे प्रशिक्षणः रेनू**

**लखीमपुर खीरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में नगर के डीएस कॉलेज में जिले के 457 ग्राम प्रधानों एवं सचिवो को भूकंपए अग्निकांड, हवाई हमला, अतिवृष्टि, सांप के काटने तथा अन्य आपदाओं से निपटने के लिए ट्रेनिंग दी गई। आपदा मित्र अंकित कुमार राज ने भी प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक एसडीएम रेनू मिश्रा ने प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण को प्राप्त किया जाए। डीएस कॉलेज में आपदा से बचाव के लिए जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन पंचायती राज विभाग के 457



ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवो ने आपदा प्रबंधन के गुर सीखे। शिक्षकों को नाव दुर्घटना, बेमौसमी बारिश, अग्निकांड, हवाई हमला, आंधी तूफान, अतिवृष्टि, सांप के काटने एवं भूकंप से बचाव को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि दामिनी ऐप के माध्यम से किस तरह आकाशीय बिजली गिरने से पहले इसकी जानकारी कैसे मिल सकती हैए इससे जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

मास्टर ट्रेनर ने जानकारी दी कि कैसे आपदा विपदा और जोखिम में लोगों की जान बचाई जा सकती है भूकंपए आगजनीएबाढ से होने वाली जन धन की हानि को कैसे कम कर सकते हैंए आग लगने पर फायर सेफ्टी सिलेंडर कैसे उपयोग करेंए घरेलू गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटना को कैसे कम किया जा सकता है। हर एक पहलू पर चर्चा करके अच्छे वातावरण में प्रशिक्षण दिया और गंभीर संवेदनशील विषय की गंभीरता को समझाने का प्रयास किया। आंधी तूफान एवं अतिवृष्ट से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय, नाव दुर्घटना, बाढ़ से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय, वज्रपात (आकाशीय बिजली), लू प्रकोप गर्म हवा से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय, सर्पदंश, अग्निकांड से बचाव एवं सुरक्षा उपाय, सड़क दुर्घटना, शीत लहर से बचाव, भूकंप से बचाव, सूखा पड़ने व भगदड़ रोकथाम के लिए क्या करें क्या ना करें।

# पराली जलाने वालों पर सख्ती, अब तक लगा 1.02 लाख का जुर्माना, हो जाएं सावधान

**लखीमपुर खीरी।** जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करके पराली के प्रबंधन की कार्यवाही कराने के साथ ही सख्ती भी कर रहा है। प्रशासन ने फसल अवशेष जलाने वालों पर सख्ती करते हुए एक लाख दो हजार 500 रुपये का अर्थ दंड लगाया और 05 कंबाइन मशीनों को सीज किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने पराली जलाने वाले किसानों से कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पराली न जलाएं, पराली जलाने से मानव स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। पशुओं के चारे की कमी हो जाती है।

उन्होंने जनपद के सभी कंबाइन हार्वेस्टर मालिकों को चेताया है कि कंबाइन मशीन के साथ स्ट्रारीपर अवश्य लगाकर ही कटाई करें अन्यथा कंबाइन सीज करते हुए आपके विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति का अर्थ दंड लगाया जाएगा। डीएम ने सभी लेखपालों व प्रधानों को अपने ग्राम पंचायत में फसल अवशेष जलाने वाले लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। किसान पराली को गौशालाओं में निराश्रित पशुओं के चारे के लिए दान कर दें। अधीन ग्राम पंचायत में पराली जलाई जाने पर लेखपालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीएम ने कृषि विभाग के कर्मचारियों को भी क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान से के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने बताया कि किसानों की ओर से लगातार पराली जलाने के मामले सामने आ रहे हैं। इससे खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। पराली जलाने वाले जिले के लोगो को का अर्थदंड लगाया गया है।

# बिजली उपभोक्ताओं को राहत, सरचार्ज में मिलेगी छूट आज से शुरू होगी एकमुश्त समाधान योजना

**लखीमपुर खीरी।** बिजली बिल के बकायदारों के लिए ओटीएस योजना लागू कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत बकायेदारों को राहत देते हुए बिल जमा करने का मौका दिया जाएगा। यह आठ नबंबर से 31 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगी। बिजली चोरी में पकड़े गए लोगोंए स्थाई रूप से कटे कनेक्शन वाले बकायेदारों और न्यायालय के लंबित मामले में भी समाधान योजना में शामिल किया जा सकेगा। उक्त जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। एकमुश्त समाधान योजना 2023 (ओटीएस) से घरेलू, वाणिज्यिक निजी संस्थान, औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ता लाभ ले सकते है। योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए 30 नवम्बर तक पंजीकरण राशि (31 अक्टूबर 2023 तक के मूल बकाये का 30 प्रतिशत) जमा करने वाले व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता किसी भी विभागीय खण्डध्उपखण्ड कार्यालयध् विभागीय कैश काउन्टर अथवा वेबसाइट के माध्यम से संपर्क कर सकता है।

संयोजन का प्रकरण न्यायालय में लम्बित होने पर भी योजना का लाभ उठाया जा सकता है। उपभोक्ताओं को घोषणा पत्र देना होगा कि यदि उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही किसी अदालत या किसी अन्य फोरम में लंबित है तो समाधान होने पर और पूर्ण भुगतान करने के बाद व्यक्ति द्वारा केस वापस ले लिया जायेगा। ओटीएस योजना में तीन.चार किश्तों में पैसा जमा करने की छूट मिलेंगी। यदि भार 01 किलोवाट है तब उपभोक्ता एकमुश्त अथवा 12 किश्तों में एवं यदि भार 01 किलोवाट से अधिक है तब एकमुश्त अथवा 06 किश्तों में बकाया जमा कर सकता है। निजी नलकूप के उपभोक्ताओं के लिये अधिभार की गणना 31.03.2023 तक के मूल बकाये पर की जायेगी तथा अन्य सभी उपभोक्ताओं के लिये यह गणना 31.10.2023 तक के बकाये पर की जायेगी ।

डीएम ने बताया कि बिल गलत आने पर बिल जमा नहीं कर पाने वाले उपभोक्ता सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता, एसडीओ कार्यालय अथवा सीएससी केन्द्रों पर जाकर अथवा स्वयं भी उप्र पा.का.लि. की वेबसाइट पर उपभोक्ता कार्नर/सेवा अनुरोध/बिल सुधार अनुरोध में जाकर स्वयं को रजिस्टर कर बिल संशोधन का अनुरोध दर्ज कर सकता है एवं संशोधित बिल वेबसाइट पर देख सकता है। बिल संशोधन के लिए क्षेत्रों/कार्यालयों/उपकेन्द्रों पर नियमित रूप से शिविरों का आयोजन किया जायेगा। ओटीएस का लाभ पंजीकरण की तिथि से मिलेगा। विद्युत चोरी के प्रकरणों में शमन शुल्क की धनराशि पर छूट नही मिलेगी। आरसी जारी होने पर भी योजना का लाभ मिलेगा।

# नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया जन सुनवाई दिवस

**लखीमपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। नगर क्षेत्र के जन सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं - शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन सामान्यः की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। 02 समस्यायें शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायें। नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से संबंधित समस्याओं को रख सकते है, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। छोटी दीपावली को स्वच्छ दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। स्वच्छ दीपावली शुभ दीपावली को और अधिक हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु नगर निगम टीम टीम द्वारा नगर क्षेत्र के हनुमतधाम स्थल पर छोटी दीपावली को स्वच्छ दीपोत्सव के रूप में मनाया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में शान्ति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्यौहरों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों द्वारा अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की एवं दीपावली पर्व पर लगाई जाने वाली आतिशबाजी की दुकानों का स्थान एवं उनके भण्डारण तथा दिवाली पर बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थो को लेकर निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी आवश्यक प्रबन्ध समय से पूर्ण कर लिये जायें।



दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि आतिशबाजी का अवैध रूप से विक्रय अथवा भण्डारण करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। लाइसेंस जारी करते समय मानकों के आधार पर कड़ाई से परीक्षण किया जाये तथा सभी सम्बन्धित विभागों से आख्या अवश्य प्राप्त की जाये। आतिशबाजी के विक्रय हेतु चयनित स्थल पर अग्निशमन हेतु पर्याप्त प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। दुकाने लगाते समय यह सुनिश्चित किया जाये कि दुकान क आस-पास कोई हाइटेंशन लाइन अथवा ट्रांसफार्मर न हो। आतिशबाजी के विक्रय हेतु चयनित स्थल पर बालू की बोरी तथा पानी का टैंकर की व्यवस्था भी करने के निर्देश डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि आतिशबाजी की दुकाने कपड़े से न बनाई जाये,इस हेतु टिन शेड का प्रयोग किया जाये। दुकानों के बीच 2-3 मीटर का गैप हो । उन्होने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिये कि एलआईयू, थाना प्रभारियों, बीट कांस्टेबल एवं अन्य स्टाफ के माध्यम से व्यापक निगरानी करायी जाये एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। डीएम ने मोटरसाइकिल में हूटर लगाकर स्टंट करने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

डीएम ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि दीपावली के पर्व पर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्टाफ की उपस्थिति एवं समुचित उपचार का प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये। एम्बुलेंस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होने अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा को निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थो की व्यापक स्तर पर जांच कराते हुये सैम्पलिंग करायी जाये एवं अधोमानक पदार्थ विक्रय करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी तहसीलों में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विद्युत की निर्बाध आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि खराब स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराया जाये। नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता के व्यापक प्रबन्ध सुनिश्चित कराते हुये चूना छिड़काव, साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। छठ पूजा के दृष्टिगत भी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि खन्नौत नदी की सीढ़ियां ठीक कराते हुये गहरे पानी में जाने से रोकने हेतु डोरी लगाये जाने का प्रबन्ध सुनिश्चित करें द्य साथ ही छठ पूजा के दौरान गोताखोरों एवं नावो का भी प्रबन्ध रखा जाये।

## क्विक न्यूज

### महिला की संदिग्ध मौत, हत्या का लगाया आरोप

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत के बाद पिता ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।भोजीपुरा थाने के गांव हंसा निवासी अजय कुमार की 23 वर्षीय पत्नी ममता की बीती रात घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद शेरगढ़ के गांव रमपुरा निवासी मृतक के पिता श्रीपाल ने बताया कि उसने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व ममता का विवाह अजय कुमार से किया था जो अपने पिता दुर्गा प्रसाद के साथ राजमिस्त्री का काम करता है उसने कहा कि विवाह के समय उसने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन इसके बावजूद पति और ससुराल पक्ष के लोग उसकी बेटी ममता को कम दहेज लाने की बात कह कर प्रताड़ित करते थे पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ बुरी तरह मारपीट करता था कल शाम को भी उन्होंने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी, सूचना दुर्गा प्रसाद ने मायके वालों को दी और कहा कि ममता की मौत हो गई है जब मायके वाले मौके पर पहुंचे तो घर के सभी लोग फरार थे उसकी बेटी की लाश जमीन पर पड़ी थी उसकी गर्दन में चोट के निशान थे घटना की शिकायत पुलिस से की गई जिसे लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** काम से घर वापस लौटते समय मोटरसाइकिल सवार युवक को तेजी से आ रहे डीसीएम ट्रक ने टक्कर मार दी कई दिनों तक चले आज के बाद इसकी मौत हो गई लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।शाहजहांपुर के कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में निगोही रोड स्थित रोशन नगर निवासी शंकर लाल के बेटे सावरेन की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 2 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया की सोवरन एक निजी स्कूलों में माली का काम करता था और 2 अक्टूबर को मोटरसाइकिल से ड्यूटी पूरी होने के बाद घर वापस लौट रहा था लेकिन रास्ते में कस्तूरबा स्कूल के पास तेजी से आ रहे डीसीएस ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली गाड़ी और चालक को पड़कर घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस में घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी अस्पताल पहुंचे घरवाले उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां उसकी बीती रात मौत हो गई पुलिस में टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक को कब्जे में लेकर मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### लापता किशोरी के परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** घर से गई किशोरी काफी समय तक घर वापस नहीं आई तो परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के पश्चात कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी गोपीचंद पुत्र झम्मन लाल जाटव द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 5 नवंबर की देर शाम उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली गई। जब वह काफी समय तक घर वापस नहीं आई तो परिजनों द्वारा पास-पडोस में काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

### डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट

**शाहजहाँपुर।** डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली प्रांगण में स्पोटर्स मीट का उद्घाटन प्रबन्ध समिति के प्रबन्धक संजय कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ सदस्य आफाक अली, विद्यालय की प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा और उपप्रधानाचार्या डॉ. ज्योत्सना द्विवेदी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं रंग बिरंगे गुब्बारों को हवा में उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ शिक्षिका अंकिता गुप्ता द्वारा स्वागत गीत से किया गया। शालिनी अग्निहोत्री एवं हेड ब्वाय आयुष बाजपेयी, हेड गर्ल प्रगति मिश्रा के संयुक्त संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रबंधक महोदय ने अपने शब्दों में सभी बच्चों को बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया और स्पोर्टस मीट को प्रारम्भ कराया। प्रधानाचार्या उज्जवल मिश्रा ने प्रबन्धक का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि जब से इस विद्यालय की स्थापना हुई है तब से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिये प्रतिवर्ष स्पोर्टस मीट और कला एवं विज्ञान प्रदर्षनी का आयोजन किया जा रहा है। जिस तरह स्वस्थ्य मन के लिये शिक्षा आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ्य तन के लिये शारीरिक शिक्षा एवं खेल-कूद भी आवष्यक है, उन्होंने कहा कि जब तन एवं मन दोनों स्वस्थ्य होंगे तब पढ़ाई में भी बच्चों की रूचि बढेगी। व्यायाम शिक्षक पंकज सक्सेना, महजबी मन्सूरी एवं वन्दना सैनी के संयुक्त नेतृत्व में 50 मीटर रेस, टॉफी रेस, म्यूजिकल चेयर, बुक बैलेन्स एवं खो-खो में अनेक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अभिषेक सक्सेना, दिव्यांष मिश्रा, चेतना अवस्थी, सलमान अहमद खान, शैलजा मिश्रा, अनीता त्रिवेदी, रूचिर शर्मा, राहुल दीक्षित, संदीप तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# एलसीडी, अपाचे बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर महिला की गला दबाकर की हत्या

**बरेली।** दहेज लोभियों ने एलसीडी और अपाचे मोटरसाइकिल की मांग पूरी नही होने पर महिला की गला दबाकर हत्या कर दी थाना भोजीपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। थाना शेरगढ़ के गांव रम्पुरा निवासी मृतका के पिता श्रीपाल ने बताया ममता की शादी थाना भोजीपुरा क्षेत्र के गांव हँसा में दुर्गा प्रसाद के पुत्र अजय कुमार के साथ की थी अजय कुमार राजमिस्त्री का काम करता है शादी को डेढ़ वर्ष हुए है। शादी में हैसियत के हिसाब से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित सभी प्रकार का दहेज दिया था। शादी के 2 महीने बाद अजय कुमार अपाचे मोटरसाइकिल और एलसीडी की मांग करने लगे इसको लेकर अजय कुमार उसकी सास रमका देवी, ससुर दुर्गा प्रसाद आए दिन ममता को प्रताड़ित करते थे ममता लगातार ससुराल वालों की पिता से फोन पर शिकायत करती थी सोमवार को पति अजय कुमार , सास रमका देवी, ससुर दुर्गा प्रसाद ने ममता का गला दबाकर हत्या कर दी।

# नगर की सफाई व्यवस्था सशक्त करने का हो रहा गंभीर प्रयासः रईस अंसारी



**संडीला (हरदोई)।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन ने अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुद्रढ़ करने का गंभीर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में एचसीएल फाउंडेशन का सहयोग प्रशंसनीय है। नपाप कार्यालय में आयोजित एक समारोह में चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से चलने वाली अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना का शुभारंभ करने से पहले उपस्थित नपा कर्मियों एवं जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि नपाप अपने संसाधनों से हालांकि नगर की सफाई व्सवसथा को सुद्रढ़ बनाने की कोशिश कर रही है कथापि नगर के लगातार विस्तार के कारण यह सुविधाएं ना काफी हैं। अब एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से नगर की सफाई व्यवस्था और अवशिष्ट प्रबंधन को गति प्रदान करने में सहायता मिलेगी। अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने नगर पालिका के सफाईकर्मियों का आह्वान किया कि वे नगर की सफाई व्यवस्था को सुद्रढ़ करने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाएं। एचसीएल के ग्रुप ऑपरेशन हेड योगेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा चिह्नित किए गए नगर के पांच वॉर्डो में इस परियोजना का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से सदर ब्लॉक सभागार में 09 नवंबर को जनपदीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। इसमें संस्कृति में समूह लोक नृत्यए समूह लोकगीतए एकल लोक नृत्यए एकल लोक गीत, जीवन जीने का कौशल, कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, शब्दपांडित्य, फोटोग्राफी, विषयगत प्रतियोगिताएं विशिष्ट थीम, किसी भी सरकारी प्रविष्टि पर दी गई थीम सहित कई लोक विधाओं के प्रतिभागी शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी बलवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर जनपदीय युवा उत्सव आयोजित होंगे। जनपदीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने के लिए जनपद के कलाकारों को आमंत्रित कर एक दिवसीय जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु नवीनीकृत लोकगीत, लोकनृत्य की विधाओं में ग्रुप व एकल रूप में से मंचनए कहानी लेखन, पोस्टर बनानाए भाषण प्रतियोगिताए फोटोग्राफीए तथा प्रदेश को आवंटित थीम की प्रतियोगिताओं को सम्मिलित किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में आने वाले कलाकारों के भोजन, विकास खण्ड से जनपद तक आने व जाने का मार्ग.व्यय, निर्णायकों का मानदेय, कलाकारों हेतु पुरस्कार एवं अन्य अपरिहार्य विविध व्यय किए जायेंगे। मार्ग व्यय हेतु रेल की द्वितीय श्रेणीध्बस का किराया देय होगा। इस प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी कलाकारों को पुरस्कार भी दिया जाएगा। जनपद स्तर पर सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थानों, डीआईओएस तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी निजी संस्थाओं को भी पत्र भेजकर उनके यहाँ छिपी हुयी प्रतिभाओं को सामने लाने हेतु सम्बन्धित विधाओं में निपुण कलाकारों, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होए के विवरण ;बायोडाटाद्ध प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त कर कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा। प्रतिभागियों का नाम जनपद स्तर पर वही लिखा जायेगा। जो उनके हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में लिखा होगा। हाईस्कूल का प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में उनके बैंक डिटेल से नाम लिखा जाएगा। साथ ही साथ प्रतिभागी के आधार कार्ड की छाया प्रति भी प्राप्त की जाय।उक्त कार्यक्रम 09 नवंबर को ब्लॉक लखीमपुर सभागार में कराया जा रहा हैए जिसमें पूर्वान्ह 10 बजे तक उपस्थित होना होगा। कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शाहपुरा कोठीए लखीमपुर प्रतिभागी अपने समस्त अभिलेखों के साथ सूचना प्रस्तुत कर सकते हैं।

# यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों एवं चालकों को किया जागरूक

**● दो दर्जन से अधिक वाहनों के काटे चालान, लगाये रिफ्लेक्टर**

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**पुलिस** अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खॉन द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ तिर्वा कस्बा के डी एन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह के सहयोग से यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा हेलमेट और सीट बेल्ट धारण करनें की अपील करते हुये परिजनों को प्रेरित किया। वहीं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा तिर्वा कस्बे में चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें 26 वाहनों के चालान किए गए और एक वाहन कोतवाली तिर्वा में बिना परमिट पाए जाने पर निरूद्ध कर दिया गया।



तिर्वा एवं गुरसहायगंज में अभियान चलाती यातायात पुलिस।

उधर गुरसहायगंज में टीएसआई अरशद अली नें ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाये गये और 04 टैंपो व 01 मोटर साइकिल का फिटनेस/परमिट न होने की वजह से सीज कर कोतवाली में दाखिल किया गया। इस अभियान में आरक्षी यातायात संदीप कुमार, होमगार्ड धीरेंद्र कुमार, पीआरडी समरपाल आदि भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस को आत्मंथन की जरूरतः अभिषेक दीक्षित

**संडीला (हरदोई)।** सपा नेता अभिषेक दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस का वादाखिलाफी का सदैव से इतिहास रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस ने सपा को मध्य प्रदेश में धोखा दिया और महागठबंधन को नुकसान पहुंचाया। सपा नेता अभिषेक दीक्षित ने मीडियाकर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपना स्वार्थ सिद्ध करने के बाद सदैव वादा खिलाफी की है। यही कारण है कि मध्यप्रदेश में वादा करने के बाद कांग्रेस अपने वादे से मुकर गई। उन्होंनें कहा कि सपा ने सदैव कांग्रेस का सहयोग किया है। यही कारण है कि जब न्यूक्लियर डील के मुद्दे पर यूपीए की सरकार गिरने वाली थी तो समाजवादी पार्टी का समर्थन पत्र लेकर अखिलेश यादव ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पास पहुंचे थे। एक प्रश्न के उत्तर में उनका कहना था कि सपा उत्तर प्रदेश की 65 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। बाकी सीटें पार्टी अपने सहयोगियों को देने पर विचार कर रही है। इसी से कांग्रेस में खलबली मची हुई है। कांग्रेस में एक वर्ग तो ऐसा है जो उत्तर प्रदेश में 60 सीटों पर दावेदारी कर रहा है। इतिहास में अगर जाया जाए तो 2017 में संपन्न विधानसभा चुनाव में सपा ने बड़ा दिल दिखाते हुए कांग्रेस को 100 सीटें देने का काम किया था। इनमें से कितनी सीटें कांग्रेस जीत पाई यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंनें कहा कि अगर सपा राय बरेली और अमेठी में अपने प्रत्याशी उतार दे तो कांग्रेस के लिए यह दोनों सीटें जीतना भी असंभव हो जाएगा। दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी हैसियत से ज्यादा सीटें लेकर महागठबंधन को बिहार में नुकसान पहुंचाया। अन्यथा बिहार में पहले ही महागठबंधन की सरकार बन गई होती। इसलिए कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए और यह तय करना चाहिए कि देश और प्रदेश से अगर भाजपा को हटाना है तो उसे बड़ा दिल दिखाना पड़ेगा। यह कतई नहीं चलेगा कि जहां आप मजबूत है वहां तो आप एक भी सीट अपने सहयोगियों के लिए न छोड़े।

# आयुर्वेद से बन सकते हैं शतायुः डॉ. हरबंश

**● जनस्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद पर हुआ कार्यक्रम**

**●औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में किया जागरूक**

**●10 को कलेक्ट्रेट परिसर में होगा वृहद आयुष चिकित्सा शिविर**



**लखीमपुर खीरी।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉण् हरबंश कुमार के मार्गदर्शन में अष्टम आयुर्वेद दिवस 2023 के उपलक्ष्य में पूरे जिले के आयुर्वेदिक अस्पतालों प्रभारी चिकित्साधिकारियों द्वारा स्कूलों, कालेजों में अलग.अलग कार्यक्रम जैसे पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिताओं के साथ छात्रों के लिए आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान किये जा रहे हैं। हर दिन हर किसी के लिए आयुर्वेद कार्यक्रमों के अंतर्गत जन स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद को लेकर आयुर्वेद से चिकित्सा एवं शरीर में होने वाले रोगों से बचने के लिए आयुर्वेद में कई उपचार विधियां हैंए जिसमें जड़ी बूटियां, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग प्राणायाम को अपना कर जीवेम शरदः शतम स्वस्थ रह सकते हैं ।

इस विषय पर डॉ. हरबंश कुमार द्वारा योग वेलनेस सेंटर राइफल एसो. हॉल में जन सामान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच आयुर्वेद औषधियों की उपयोगिता के बारे में बताते हुए आयुर्वेद से सतायु होने के प्रति जागरूक किया। एवं अश्वगंधा, मीठी नीम, एलोवेरा एपत्थरचट्टा एसहजन आदि औषधीय पौधों की जानकारी एवं उपयोगिता बताई। साथ ही योग वैलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा योग को दैनिक जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया एवं योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके लाभ भी बताए। इस दौरान नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# तीर्थ नगरी में पांच दिवसीय दीपदान मेले की तैयारियों में जुटा प्रशासन



रतन पटेल, चित्रकूट

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर बसे विश्व के प्रमुख तीर्थ चित्रकूट की मंदाकिनी नदी और कामदगिरि पर्वत पर भगवान श्रीराम ने लंका विजय के बाद दीपदान किया था। त्रेतायुग में हुए इस प्रथम दीपदान में ब्रह्माण्ड के सभी देवी-देवता सम्मिलित हुए थे। दीपदान की भव्य आभा से अमावस्या का अंधकार दूर होकर पूर्णिमा के प्रकाश में बदल गया था। तभी से धर्म नगरी में दीपदान मेले की शुरुआत हुई थी और यह परम्परा आज भी जारी है।

### ● लंका विजय के बाद श्रीराम ने मंदाकिनी और कामदगिरि पर्वत पर किया था दीपदान

अत्रि, सती अनुसुईया और वाल्मीकि जैसे महान ऋषियों के साथ-साथ भगवान श्रीराम की तपोस्थली होने के कारण समूचे विश्व में आदितीर्थ के रूप में विख्यात धर्म नगरी चित्रकूट में दीपावली (दीपदान) मेले का विशेष महत्व है। पांच दिनों तक चलने वाले विश्व के इस सबसे बड़े मेले में देश भर से करीब 50 लाख से अधिक लोग तपोभूमि चित्रकूट पहुंचकर माता सती अनुसुइया के तपोबल से निकली पतित पावनी मां मंदाकिनी और मनोकामनाओं के पूरक कामदगिरि पर्वत पर दीपदान कर अपने जीवन में फैले अमावस्या रूपी अंधकार को दूर कर पूर्णिमा रूपी सुख-समृद्धि के प्रकाश को प्रज्ज्वलित करते हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में पांच दिवसीय दीपदान मेला का शुभारंभ 9नवम्बर से होगा। इसे लेकर यूपी-एमपी प्रशासन तैयारियों में जुटा हैं। दीपदान मेला में करीब 30 से 40 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। दीपदान मेला में भारी भीड़ उमड़ने के मद्देनजर आवागमन के साधनों व सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारें अधिकारीः नरेंद्र गुप्ता



**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी में नगरीय समाधान दिवस में ढाई सौ फरियादियों की समस्याओं को अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता व ईओ ने सुना। समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें विद्युत विभाग की पहुंची। पालिका क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्रों में विद्युतीकरण न होने का मुद्दा छाया रहा।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता के समक्ष विद्युतीकरण का मुद्दा उठा। कहीं तारें जर्जर हो गई हैं, आए दिन फॉल्ट और तमाम तरह की समस्यायें होती हैं। घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अध्यक्ष ने विद्युत विभाग के एसडीओ को समस्या समाधान के कडे निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के भी फरियादी पहुंचे। संबंधित विभागों को सभी पत्रों पर कार्रवाई करके समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जल्द ही विशेष कैम्प का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को योजना का चेक और चाभी बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के हाथों वितरित कराया जायेगा।

# निःशुल्क बीज लेने को किसानों की उमड़ी भीड़



**जालौन, उरई।** चुर्खी रोड स्थित राजकीय कृषि बीज गोदाम पर लघु एवं सीमांत पात्र किसानों को निशुल्क बीज का वितरण किया जा रहा है। निशुल्क बीज मिलने से केंद्र पर किसानों का जमावड़ा लग रहा है। गोदाम पर सरसों व मसूर के पैकेटों का वितरण हो रहा है। सबसे अधिक डिमांड मसूर के बीज की है। किसान गोदाम से मसूर का निशुल्क बीज पाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। जबकि सरसों के बीज की डिमांड कम है। मंगलवार को गोदाम पर मसूर के बीज के 190 पैकेट का वितरण हुआ है। वहीं सरसों के मात्र 40 पैकेट का वितरण हुआ। वहीं, मसूर की किट लेने आए किसान कमलेश कुमार, सुरेश, परमात्मा आदि को ई पास मशीन में अंगूठा न आने के कारण वापस लौटना पड़ा।

# पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण के बाद नगर पालिका ने नहीं ली सुध



**जालौन, उरई।** नगर पालिका द्वारा पर्यावरण दिवस पर फोर लेन पर डिवाइडर पर पेड़ों को लगाया गया था। लेकिन देखरेख और पानी के अभाव में डिवाइडर के बीच में लगे पेड़ सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में हरित वातारण व पर्यावरण सुरक्षा की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

नगर पालिका परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बंबा से लेकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहा तक और औरैया रोड पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहा से चुंगी नंबर चार तक डिवाइडर पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधों का रोपण किया गया था। डिवाइडर के बीच पर लगे पेड़ों से मंशा थी कि वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण से राहत मिलेगी और हरियाली भी बनी रहेगी। क्योंकि पेड़ ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं और कार्बन डाई ऑक्साइड का अवशोषण करते हैं। लेकिन पालिका पेड़ों को लगाने के बाद भूल गई। बारिश के मौसम में पानी मिलने पर कुछ पेड़ तो लग चुके हैं। लेकिन उसके बाद देखरेख न होने से और पेड़ों को पर्याप्त पानी न मिलने से वह सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। यदि शीघ्र ही इसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई तो लाखों की लागत से लगे पौधे सूख जाएंगे और पर्यावरण सुरक्षा की मंशा पर पानी फिरा हुआ नजर आएगा।

# कोंच ब्लॉक में ग्राम प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**कोंच, जालौन।** खंड विकास अधिकारी कोंच की कार्यप्रणाली से नाराज और कई मांगों की पूर्ति के लिए पूर्व घोषणा के तहत मंगलवार को समस्त प्रधान खंड विकास कार्यालय पर एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए और खंड विकास अधिकारी के स्थानांतरण की आवाज बुलन्द करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रधानों के धरने पर बैठने की जानकारी मिलते ही मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय मौके पर आए और अगले 3 से 4 दिनों में पूरे मामले की जांच कर कड़ी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन नाराज प्रधानों को दिया तब कहीं जाकर प्रधानों ने अपना धरना समाप्त किया।

समस्याओं के समाधान होने से नाराज कोंच विकासखंड के किसानों द्वारा क्षेत्र पंचायत कार्यालय में हंगामी नारेबाजी करते हुये धरना देने के बारे में जब बीडीओ प्रतिभा शाल्य से जानकारी चाही तो उनका कहना था कि जो भी प्रधान अपनी समस्या लेकर उनके पास आता है उसको वह प्राथमिकता से समाधान कराने का प्रयास करती हैं। ग्राम प्रधानों द्वारा लगाए गए आरोप सच्चाई से कोसो दूर हैं। उनका यह भी कहना था कि चूंकि ग्राम प्रधान ग्रामीणांचल में विकास की मुख्य धुरी है लिहाजा थोड़ी बहुत समस्याये तो रहती है लेकिन उन्हें दूर करने का प्रयास भी किया जाता है।

# दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**जालौन, उरई।** दहेज में 20 लाख रुपये न मिलने पर पति ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी पूजा पुत्री बृजविहारी निवासी मोहल्ला खटीकान ने पुलिस को बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी पति रत्नेश उर्फ रतन निवासी मोनिकाबिहार माझावासा मानसरोवर जयपुर राजस्थान के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उनके पति व ससुरालवाले दहेज के रूप में 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उनकी ननद रचना, निशा व चचिया ससुर अशर्फीलाल निवासीगण शिकोहाबाद दहेज के लिए उसे परेशान करने लगे। महिला का आरोप है कि उनके पति तीन चार दिन घर से गायब थे। 31 अक्टूबर को जब वह घर आए तो उनसे गायब रहने का कारण पूछा। जिस पर उन्होंने उसके बाल पकड़कर कमरे से घसीटते हुए मारपीट कर दी। जान से मारने के इरादे से पत्थर सिर में मार दिया। इसके बाद भी जब उनका मन नहीं भरा तो उसे कार चढ़ाकर मारने का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप घटना के बाद किसी तरह उसने पास के थाना पहुंचकर अपनी व दो बच्चों की जान बचाई। पुलिस ने घटना के बाद महिला को सुरक्षा केंद्र भेजा। इसके बाद वह पिता के घर आ गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ननद व चचिया ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# चैयरमैन रामजी गुप्ता ने ओआरबी के निर्माण में तेजी लाने के दिये निर्देश

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**ओआरबी** के निर्माण की कछुआ गति पर चैयरमैन रामजी गुप्ता डीएफसी के अधिकारियों पर जमकर बिफरे, साथ ही मिनी अण्डरपास के खतरनाक अन्धे मोड़ की खामियों को दूर करने पर डीएफसी के अधिकारियों को नगर पंचायत द्वारा भरपूर मदद का आश्वासन दिया।



कस्बे में उत्तरी व दक्षिणी हिस्से को जोड़ने के लिये रेलवे लाइन के ऊपर ओवरब्रिज का काम निर्माणाधीन है, दक्षिणी हिस्से पर ओआरबी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है वहीं उत्तरी हिस्से में कुछ हिस्सा निर्माण का बाकी है, डीएफसी व पुरानी रेल लाइन के ऊपर के हिस्से पर निर्माण कार्य होना शेष है, इस हिस्से पर निर्माण कार्य के चलते पश्चिमी केबिन को बन्द कर दिया गया है, आवागमन के विकल्प के रूप में डीएफसी व नगर पॅचायत ने भागीरथी प्रयास कर नाले में तब्दील पुराने अण्डरपास को युद्धस्तर पर चालू किया, जिससे लोगों को सहुलियत मिली, परन्तु प्रतिबन्धित कारों के आवागमन से जाम की समस्या से भी लोगों को जूझना पडा। पश्चिमी केबिन पर पैदल आवागमन से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सदर एसडीएम के साथ डीएफसी अधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता के साथ बैरीकेटिंग कर जाली लगवायी। नगर पंचायत सभागार में दीपावली के बाद रेलवे लाइन के ऊपर ओआरबी के निर्माण में तेजी से काम किये जाने का आश्वासन डीएफसी अधिकारियों ने दिया, मिनी अण्डरपास से आवागमन पर अंधे खतरनाक मोड की समस्या का निस्तारण करने के लिये चैयरमैन रामजी गुप्ता ने इण्टरलॉकिंग लगाने का आश्वासन दिया।

डीएफसी अधिकारियों ने एक और अण्डरपास के निर्माण पर सकारात्मक जवाब दिया।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने प्रभारियों की तैनाती को कराई लिखित परीक्षा

**फर्रुखाबाद।** एसपी विकास कुमार ने पुलिस महकमे को कानूनी रूप से दुरस्त करने को एक नई पहल शुरू की है। जिले के थानाए चौकियों व पुलिस कार्यालयों एव विभिन्न शाखाओं में प्रभारियों की तैनाती को लेकर फतेहगढ़ पुलिस लाइन के आरटीसी प्रशिक्षण केंद्र पर लिखित परीक्षा कराई। जिसमे जनपद के 74 निरीक्षक व उपनिरीक्षक शामिल हुए। 100 अंक की एक घंटे की लिखित परीक्षा में पूछे गए कानूनी ज्ञान से संबंधित 27 लिखित व वैकल्पिक प्रश्न। लिखित परीक्षा पास करने बालों में से एसपी विकास कुमार करेगें कुशल व दक्ष पुलिस निरीक्षक व उपनिरीक्षकों को चिन्हित। परीक्षा के आधार पुलिस कर्मियों की दक्षता, जानकारी, बौद्धिक क्षमता का आंकलन। इसी आधार पर थाना, चौकियों व पुलिस कार्यालयों एवं विभिन्न शाखाओं में पुलिसकर्मियों की नियुक्ति होगी।

### जिलाधिकारी ने गौशाला कटरी धर्मपुर का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गौशाला कटरी धर्मपुर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गौवंश की सुरक्षा के दृष्टिगत चारदीवारी के ऊपर तार फेंसिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कल से अभियान के दौरान पकड़े गए नर गौवंश को कटरी धर्मपुर गौशाला में शिफ्ट किया जाए। भरण पोषण की पर्याप्त व्यवस्था पूर्व से ही कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेटए खंड विकास अधिकारी बढ़पुर आदि मौजूद रहे।

### युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के जयरामनगर निवासी शिव बहादुर पुत्र शिवपाल ने आज चांदमारी के समीप ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि उसने अपने पुत्र की शादी नौ मई 22 में स्व. सुखराम की पुत्री सुलेखा के साथ की थी। रक्षाबंधन को जब वह अपने मायके गई तो वापस नहीं लौटी। एक सप्ताह बाद जब उसका पुत्र पत्नी को लेने जब ससुराल पहुंचा तो सास, साला मनोज व होमगार्ड में तैनात मामा राम सवारे ने गाली-गलौज कर भगा दिया। उनका कहना है कि शादी के बाद से ही बहू ज्यादातर अपने मायके में रहती है जिसके चलते उसका पुत्र मानसिक तनाव में रहता था और उसने घटना को अंजाम दे दिया।

### पेंशन बैंक खातों में न आने से वृद्धजन परेशान

**जालौन, उरई।** वृद्ध महिलओं की महीनों से वृद्धा पेंशन न आने से वृद्धाएं परेशान हैं। महिलाओं ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर दीपावली से पेंशन उनके खाते में भेजे जाने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी जनकदुलारी, खंडेराव निवासी विमला देवी आदि ने एसडीएम सुरेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके नाम वृद्धापेंशन में दर्ज हैं। जनकदुलारी ने बताया कि उनकी एक सल से पेंशन नहीं आई है। वहीं विमला देवी ने बताया कि उनकी छह माह से पेंशन नहीं आई है। बताया कि दीपावली का पर्व है ऐसे में खर्च भी होना है। पेंशन से सहारा मिलता है। लेकिन पेंशन न आने से वह परेशान हैं। लगता है कि दीपावली का पर्व ऐसे ही निकल जाएगा। कई बार विभाग में भी संपर्क किया लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है।

### थाने-चौकी के सफाई कर्मियों ने उठाई मांगे

**फतेहपुर।** जिले के विभिन्न थानों व चौकियों में तैनात सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदर्शन किया। तत्पश्चात डीएम-एसपी को ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई।

# पराली न जलाने के कार्य में सहयोग करें प्रधान व किसान संगठनः डीएम

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद** में पराली जलाये जाने की घटनाओं में अंकुश लगाये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

उन्होंने जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों एवं किसान संगठनों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र में कृषकों को पराली न जलाये जाने हेतु जागरूक किये जाने एवं कृषकों द्वारा खेतों में पराली, सरपत एवं कूड़ा-करकट को किसी भी दशा में न जलाने की शपथ दिलाते हुए इस कार्य में सहयोग प्रदान किये जाने एवं पराली को जलाने वाले कृषकों के विरुद्ध शासनादेश में उल्लिखित प्रवर्तन/जुर्माना की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया। डीएम ने प्रधानों को निर्देशित किया कि अपनी ग्राम पंचायतों में कृषकों को फसल अवशेषों को खेतों में न जलाने हेतु जागरूक करें एवं अवगत करायें कि ऐसे कंबाइन हार्वेस्टर जिसमें सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगा हो उन्ही से धान फसल की कटाई करायें तथा कृषक फसल अवशेषों को खेतों डाकर इन सीटू प्रबंधन किये जाने हेतु वेस्ट डिकम्पोजर जो जनपद के समस्त राजकीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर निःशुल्क उपलब्ध है उसको प्राप्त कर फसल अवशेषों को सड़ाकर जैविक खाद बनाकर मृदा की उर्वरा शक्ति व जीवांश की मात्रा को बढ़ा सकते हैं इसके साथ ही कृषकों के पास उपयोग रहित पराली जो कृषकों के पास उपलब्ध है उसको अधिक से अधिक संख्या में जनपद की गौशालाओं को निःशुल्क दान किये जाने हेतु प्रेरित करें।

### ● कंबाइन हार्वेस्टर से ही करायें धान फसल की कटाई

# रेडक्रास चेयरमैन ने चलाया जल संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन व आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में बहुआ में जल संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया। रैली में मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चे पानी बचाओ जीवन बचाओ, जल है तो कल है के नारे लगाते हुए चल रहे थे। डॉ. अनुराग ने मुख्य बाजार में सभी व्यापारियों व दुकानदारों से निवेदन किया कि धूल से बचने के लिए पीने के पानी से सड़को को न सींचे बल्कि धूल रोकने के लिए प्लास्टिक के पर्दे इस्तेमाल करें क्योंकि पीने का पानी बहुमूल्य है।

# पेज एक का शेष

## प्रदूषण से...

दिन बाद आई। दिवाली के बाद प्रदूषण का स्तर और भी बढ़ने की आशंका है। मंगलवार को सुनवाई के बाद, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार सम-विषम कार योजना को अंतिम रूप देते समय प्रदूषण पर शीर्ष अदालत के निर्देशों को ध्यान में रखेगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब होने पर मंत्री ने सोमवार को घोषणा की थी कि दिल्ली में 13 से 20 नवंबर तक सम-विषम योजना लागू की जाएगी। मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिवाली के बाद दिल्ली में सम-विषम योजना लागू होगी, जो 13 नवंबर से 20 नवंबर तक चलेगी। योजना को आगे बढ़ाने का निर्णय 20 नवंबर के बाद किया जाएगा। अदालत ने इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को सूचीबद्ध कर दी। लगातार पांच दिनों तक गंभीर वायु गुणवत्ता के बाद मंगलवार को सुबह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। पीएम2.5 की सांद्रता राजधानी में सरकार द्वारा निर्धारित 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सुरक्षित सीमा से सात से आठ गुना अधिक है जो श्वसन प्रणाली में गहराई तक प्रवेश कर जाते हैं और स्वास्थ्य समस्याओं को गंभीर बनाते हैं। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की स्वस्थ सीमा से 30 से 40 गुना अधिक पाया गया है। हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में भी वायु गुणवत्ता के खतरनाक स्तर तक खराब होने की सूचना है। गाजियाबाद में एक्यूआई 338, गुरुग्राम में 364, नोएडा में 348, ग्रेटर नोएडा में 439 और फरीदाबाद में 382 दर्ज किया गया। अदालत ने टिप्पणी की कि कुछ दशक पहले तक यह दिल्ली के लिए बेहतर समय होता था लेकिन अब वायु गुणवत्ता खराब हो गई है और यहां तक घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

## जहरीली हवा...

वर्षों में सबसे अच्छी रही है। सीएक्यूएम डेटा से यह भी पता चलता है कि पंजाब में पराली जलाने में 50-67 प्रतिशत की कमी आई है। आप के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए, खट्टर ने अपने दिल्ली समकक्ष से राष्ट्रीय राजधानी में खराब वायु गुणवत्ता से लोगों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली के वायु प्रदूषण और पंजाब में पराली मुद्दे पर आम आदमी पार्टी को पूरी तरह बेनकाब करने, दिल्ली को पिछले 8 साल से गैस चैंबर बनाने और ताजी हवा में सांस लेने के हमारे अधिकार को चुराने के लिए अरविंद केजरीवाल को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के लिए दिवाली सहित दूसरों को दोषी ठहराया है। हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने भी राज्य में पराली जलाने की घटनाओं को लेकर भगवंत मान सरकार की आलोचना की थी। पंजाब में मंगलवार को 1,515 से अधिक पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि हरियाणा के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर और बहुत खराब श्रेणियों में देखा गया। लुधियाना स्थित पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर डेटा के अनुसार खेतों में आग लगने की मंगलवार के 1,515 मामले के साथ इसकी कुल संख्या बढ़कर 20,978 हो गई। इन 1,515 पराली जलाने की घटनाओं में से, संगरूर 397 मामलों के साथ सबसे आगे रहा, इसके बाद बरनाला में 147, मनसा में 137, बठिंडा में 129, फिरोजपुर में 97, मोगा में 93 और लुधियाना में 86 मामले थे। 2021 और 2022 में एक ही दिन में राज्य में क्रमशः 5,199 और 2,487 पराली को जलाया गया था। 15 सितंबर से 7 नवंबर तक दर्ज की गई कुल 20,978 खेतों में आग में से, संगरूर सबसे अधिक 3,604 पराली जलाने के मामलों में अग्रणी है, इसके बाद फिरोजपुर में 2,073, तरनतारन में 1,847, मनसा में 1,588, अमृतसर में 1,444, पटियाला में 1,418 और बठिंडा में 1,215 मामले हैं। इस बीच, हरियाणा के फतेहाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 421 दर्ज किया गया, इसके बाद हिसार में 403, जिंद में 384, सोनीपत में 381, कैथल में 377, फरीदाबाद में 374, गुरुग्राम में 364, भिवानी में 361, सिरसा में 334, पानीपत में 328 और रोहतक में 326 दर्ज किया गया। पंजाब में, बठिंडा में वायु गुणवत्ता सूचकांक 343 दर्ज किया गया, इसके बाद मंडी गोबिंदगढ़ में 299, जालंधर में 252, पटियाला में 250, लुधियाना में 239, अमृतसर में 205 और खन्ना में 203 दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर और नवंबर में वायु प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि के पीछे पंजाब और हरियाणा में धान की पराली जलाना प्रमुख कारणों में से एक माना जाता है। चूंकि रबी की एक प्रमुख फसल गेहूं के लिए धान की कटाई के बाद बहुत कम समय होता है, इसलिए कुछ किसान अगली फसल की बुआई के लिए फसल के अवशेषों को जल्दी से साफ करने के लिए अपने खेतों में आग लगा देते हैं।

## छत्तीसगढ़ में...

सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि 12 विधानसभा क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में मतदान के सुचारू संचालन के लिए लगभग 60,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे, जिनमें से 40,000 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के और 20,000 राज्य पुलिस के थे। चुनाव आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि बस्तर संभाग के 126 गांवों के निवासियों ने खुशी जताई क्योंकि आजादी के बाद सात वामपंथी उग्रवादी (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में उनके गांवों में पहली बार मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। 2018 में पुलिस बल में शामिल हुईं पूर्व नक्सली सुमित्रा साहू ने पहली बार मतदान किया। उन्होंने नारायणपुर निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किया। भाजपा नेता रतन दुबे के परिवार के सदस्यों ने भी वोट डाला, जिनकी पिछले सप्ताह नारायणपुर जिले में पार्टी के लिए प्रचार करते समय नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। एक और कार्यकाल चाह रही कांग्रेस और विपक्षी भाजपा, जिसने 2018 के चुनावों में भारी अंतर से हार जाने से पहले 15 वर्षों तक राज्य पर शासन किया था, सत्ता के मुख्य दावेदार हैं। नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा के बीच 10 सीटों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक और बाकी 10 सीटों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। एक चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ चुनाव के पहले चरण में शाम 5 बजे तक 70.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालाँकि, यह आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि कई बूथों से अंतिम डेटा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। मिजोरम में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच लियानजेला ने कहा कि यहां मतदान प्रतिशत 80 तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि दूर-दराज के जिलों से अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है। 2018 के राज्य चुनावों में, कुल मतदान 81.61 प्रतिशत था। अधिकारी ने बताया कि सभी 1,276 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा और 18 महिलाओं समेत 174 उम्मीदवार मैदान में हैं। 11 जिलों में से, मध्य मिजोरम के सेरछिप में सबसे अधिक 84.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, इसके बाद हनाथियाल (84.16) और ख्वाज़ावल (82.39) का स्थान रहा। आइजोल जिले में सबसे कम 73.09 प्रतिशत मतदान हुआ। ईसीआई डेटा के अनुसार, दक्षिण मिजोरम के सियाहा (76.41) और सैतुअल (75.12) में भी अन्य की तुलना में कम मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया। सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), मुख्य विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा 23 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने चार विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा 27 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आइजोल के एक मतदान केंद्र से ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना मिली थी, जहां मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा मतदान करने गए थे। मतदान से पहले म्यांमार के साथ 510 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा और बांग्लादेश के साथ 318 किलोमीटर लंबी सीमा को सील कर दिया गया था। 2018 के चुनावों में एमएनएफ ने 40 में से 26 सीटें जीतीं, बाद के उपचुनावों में दो और सीटें हासिल कीं, जबकि विपक्षी जेडपीएम ने आठ निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की, जिससे कांग्रेस, जिसने पांच विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी, तीसरे स्थान पर पहुंच गई। भाजपा ने ईसाई बहुल राज्य में एक सीट जीतकर अपना खाता खोला था। चुनावी पंडितों का कहना है कि इस साल का चुनाव एमएनएफ और जेडपीएम के बीच सीधी लड़ाई है। एनएनएफ केअध्यक्ष मुख्यमंत्री ज़ोरमथंगा ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पार्टी कम से कम 25 सीटें जीतेगी। कांग्रेस अध्यक्ष लालसावता और जेडपीएम नेता और पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा ने भी विश्वास जताया कि उनकी पार्टियाँ चुनाव जीतेंगी।

## सोशल मीडिया...

सभी उपाय करने चाहिए जो इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रतिरूपण की प्रकृति में है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया मध्यस्थों को नियमों और विनियमों, गोपनीयता नीति या उपयोगकर्ता समझौते को सुनिश्चित करने सहित उचित परिश्रम का पालन करना चाहिए और उपयोगकर्ताओं को किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण करने वाली किसी भी सामग्री को पोस्ट न करने के लिए सूचित करना चाहिए। सूत्र ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों के नियम के मुताबिक काम करने में विफल रहने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कार्रवाई करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अभिनेत्री के डीप फेक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि सोशल मीडिया कंपनियां किसी भी गलत सूचना को हटाने के लिए बाध्य हैं। मंत्री ने कहा था कि यदि प्लेटफॉर्म अप्रैल 2023 में अधिसूचित आईटी नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो नियम सात लागू होगा और भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत पीड़ित अदालत में जा सकता है। उन्होंने कहा था, डीप फेक, गलत सूचना का नवीनतम और उससे भी अधिक खतरनाक एवं हानिकारक स्वरूप है तथा सोशल मीडिया को इससे निपटने की जरूरत है।

## बंद होने...

भी ठप देखा होगा। सूत्र ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि केरल राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के ईंधन भरने वाले स्टेशनों ने अलर्ट जारी किया है कि उन्हें राजभवन के वाहनों को डीजल देने से इनकार करने के लिए मजबूर किया जा सकता है क्योंकि कई महीनों के बिल लंबित हैं। राज्यपाल द्वारा किया गया खर्च उनके पूर्ववर्तियों की तुलना में काफी कम है। राजभवन के बिलों और खर्चों के भुगतान में देरी को माकपा द्वारा आरिफ मोहम्मद खान के खिलाफ प्रतिशोध की कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पार्टी नेताओं और उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों के प्रति पक्षपात के खिलाफ उनका अडिग रुख है। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर यह घोषित करने की मांग की है कि आरिफ मोहम्मद खान राज्य के विश्वविद्यालयों में नियुक्ति के लिए चुने गए संकायों और कुलपतियों के नियुक्ति आदेशों पर हस्ताक्षर करने जैसी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं। विश्वविद्यालय बचाओ अभियान की ओर से सूचना के अधिकार के तहत दायर जवाब में चौंकाने वाले खुलासे हुए। इसमें यात्रा भत्ता, बैठने की फीस और केरल तकनीकी विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्यों को दिया जाने वाला मानदेय शामिल है। सेव यूनिवर्सिटी कैंपेन कमेटी के संयोजक आर एस शशिकुमार ने कहा कि इन व्यक्तियों को यात्रा भत्ता, बैठने की फीस और ऑनलाइन बैठकों के लिए मानदेय दिया गया, जो दुनिया में कहीं से रिपोर्ट किया गया अपनी तरह का एक कार्य था। जानकारी से पता चला कि मार्च 2021 से जुलाई 2023 की अवधि के दौरान माकपा नेता और पूर्व संसद सदस्य पी के बीजू को यात्रा भत्ते और मानदेय के रूप में 12, 20, 898 रुपये की प्रतिपूर्ति की गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि बीजू तिरुवनंतपुरम में ही रहते हैं लेकिन उन्होंने प्रतिपूर्ति का दावा किया था। केरल तकनीकी विश्वविद्यालय सिंडिकेट बैठक में भाग लेने के लिए बीजू द्वारा की गई प्रत्येक यात्रा के लिए बीजू ने त्रिशूर का पता देकर टीए का दावा किया। लेकिन उन्होंने राजधानी शहर में रहने के लिए होटलों के कमरे के किराए का दावा नहीं किया है। पेशे से वकील आई साजू ने 2021 से 2023 की अवधि के लिए 11 लाख रुपये का दावा किया। शशि कुमार ने कहा कि सिंडीकेट सदस्यों को परीक्षा शुल्क, पुनर्मूल्यांकन शुल्क और संबद्धता शुल्क से टीए, डीए, बैठक शुल्क और मानदेय का भुगतान किया जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है कि छात्र बिलों का भुगतान कर रहे हैं। सिंडिकेट सदस्यों को उपलब्ध कराए गए आधिकारिक वाहनों का खुलेआम दुरुपयोग किया गया, जिन्होंने उनका इस्तेमाल पार्टी मुख्यालय कार्यक्रम में भाग लेने आने के लिए किया। राजभवन के सूत्र ने कहा कि आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति में देरी को विधानमंडल द्वारा अधिनियमित विधेयकों में देरी के लिए केरल सरकार द्वारा उन्हें दी गई चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। शशि कुमार ने कहा कि हमारे लिए आशा की किरण स्वयं राज्यपाल हैं। राज्य ने किसी भी पिछले राज्यपाल को लोगों का प्रिय बनते नहीं देखा है। लेकिन आरिफ मोहम्मद खान अपनी सादगी और ईमानदारी के कारण उनसे अलग हैं।

# युद्ध थोड़े-थोड़े समय के लिए रोक सकते हैं, विराम नहीं होगा: नेतन्याहू

● हमास-इजराइल युद्ध का एक माह

भाषा। वाशिंगटन

**गाजा में** जारी युद्ध को मानवीय आधार पर थोड़े समय के लिए रोके जाने को लेकर अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनकी सरकार हमास पर जारी अपने हमलों को केवल थोड़ी-थोड़ी देर के लिए रोक सकती है। गाजा पर जारी इजराइल के हमलों में आम नागरिकों की मौत के लगातार बढ़ते मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का शिकार हो रहे इजराइली नेता की यह घोषणा वैश्विक स्तर पर अपने सबसे मुखर समर्थक अमेरिका को संतुष्ट करने की कोशिश प्रतीत होती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नेतन्याहू से बातचीत के दौरान अपील की थी कि मानवीय मदद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गाजा में जारी इजराइली हमलों को कुछ देर के लिए रोका जाए। अब तक अमेरिका का ध्यान लड़ाई को व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने से रोकने और आम नागरिकों की पीड़ा को कम करने के लिए सीमित कदम उठाने का दबाव बनाने पर केंद्रित है, लेकिन वह गाजा पर हमास का नियंत्रण समाप्त करने के इजराइल के लक्ष्य का समर्थन कर रहा है। हमास शासित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा में मृतकों की संख्या बढ़कर करीब 10,000 हो गई है। बाइडन ने पिछले आठ दिन में नेतन्याहू के साथ अपनी पहली बातचीत में युद्ध में मानवीय अल्प विराम की अपनी अपील दोहराई, ताकि आम नागरिकों को हमास को कुचलने के मकसद से जारी इजराइली हमलों से बचकर सुरक्षित स्थानों पर जाने का मौका मिल सके और जरूरतमंद हजारों आमजन को मानवीय मदद की आपूर्ति की जा सके अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने नेतन्याहू और बाइडन के बीच बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, हम मानना है कि यह वार्ता का अंत नहीं अपितु शुरुआत है। तो आप उम्मीद कर सकते हैं कि हम युद्ध में अस्थायी, स्थानीय स्तर के अल्प विरामों की वकालत करना जारी रखेंगे।



## इजराइल-हमास युद्ध संबंधी प्रस्ताव पर सहमति बनाने में फिर नाकाम हुई संरा सुरक्षा परिषद

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद महीने भर से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध पर किसी प्रस्ताव पर सहमति बनाने में सोमवार को फिर नाकाम रही। सोमवार को बंद कमरे में दो घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा के बावजूद मतभेद कायम रहे। अमेरिका मानवीय अल्प विराम का आह्वान कर रहा है जबकि परिषद के कई अन्य सदस्य गाजा में अति आवश्यक मदद पहुंचाने तथा और नागरिकों का जीवन बचाने के लिए मानवीय संघर्ष विराम की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, हमने मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए संघर्ष में विराम के बारे में बात की, लेकिन परिषद के भीतर असहमतियां हैं। इससे पहले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को पत्रकारों से कहा कि वह गाजा में तत्काल मानवीय संघर्षविराम और वेस्ट बैंक, लेबनान तथा सीरिया से लेकर इराक और यमन तक पहले ही बढ़ रहे तनाव को रोकना चाहते हैं।

## हमास ने पांच बंधकों को मुक्त किया

**यरुशलम।** हमास ने पांच बंधकों को मुक्त कर दिया है। ऐसे में 200 से अधिक अन्य बंधकों के परिवार वालों के मन में भी उम्मीद की किरण जगी है। सात अक्टूबर को दक्षिण इजराइल पर चरमपंथियों ने हमले के बाद सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया था। हालांकि, बंधकों के परिजनों के मन में ये भी सवाल है। उनका कहना है कि बंधकों को रिहा करने में इतनी देरी क्यों हो रही है और क्यों कुछ ही लोगों को रिहा किया जा रहा है? उनके मन में इस बात का भी डर है कि कहीं इजराइल की ओर से गाजा पट्टी पर की जा रही बमबारी उनके प्रियजनों के लिए खतरा न बन जाए। इजराइल ने 30 अक्टूबर को पहली बार एक बंधक को मुक्त कराए जाने की औपचारिक घोषणा की थी। हमास ने हाल ही में जिन लोगों को मुक्त किया उसमें 59 वर्षीय अमेरिकी जुडिथ रानान और उनकी 18 वर्षीय बेटी नताली शामिल है।

## इजराइल अनिश्चित काल तक गाजा की समग्र सुरक्षा करेगा

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। हमास के साथ युद्ध के एक महीना पूरा होने पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्ध के बाद इजराइल गाजा में अनिश्चित काल तक के लिए समग्र सुरक्षा जिम्मेदारी लेगा। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इजराइल की तटीय पट्टी पर कब्जा करने की योजना है। नेतन्याहू ने एबीसी न्यूज से साक्षात्कार में कहा कि वह हमलों को थोड़ी-थोड़ी देर के लिए रोकने को तैयार हैं, ताकि हमास द्वारा अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के दौरान बंधक बनाए गए करीब 240 से अधिक लोगों की रिहाई सुनिश्चित की जा सके। हमास के इसी हमले के बाद से यह ताजा संघर्ष शुरू हुआ था। नेतन्याहू ने सोमवार को प्रसारित साक्षात्कार में सभी बंधकों की रिहाई के बिना संघर्ष विराम की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और नेतन्याहू के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत में व्यापक मानवीय अल्प विराम के अमेरिकी आह्वान को लेकर कोई सहमति नहीं बनी।

## पीएमएल-एन, एमक्यूएम-पी पाकिस्तान के सिंध में पीपीपी के खिलाफ संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेंगे

लाहौर। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और कराची स्थित मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने सिंध प्रांत में आगामी आम चुनाव पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने की मंगलवार को घोषणा की। पीएमएल-एन और एमक्यूएम के शीर्ष नेताओं ने मंगलवार को लाहौर में अपनी बैठक के बाद घोषणा की कि वे आठ फरवरी 2024 का आम चुनाव संयुक्त रूप से लड़ेंगे। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ नीत पीएमएल-एन को भुट्टो के गढ़ में पीपीपी को कड़ी टक्कर देने के लिए एमक्यूएम की जरूरत है। एमक्यूएम का सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद जिलों में मजबूत आधार है। पीएमएल-एन और पीपीपी दोनों पिछली पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) गठबंधन सरकार में सहयोगी थे, जिसमें शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री थे। जीडीए (ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस) और मौलाना फजलुर रहमान की जेयूआई-एफ पहले ही पीएमएल-एन में शामिल होने की घोषणा कर चुकी है। पीएमएल-एन का मुकाबला करने के लिए पीपीपी जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के साथ चुनावी गठबंधन की संभावना तलाश रही है।

## पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धुंध के प्रभाव को कम करने के लिए चार दिन के अवकाश की घोषणा की

लाहौर। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने धुंध के प्रभाव को कम करने के लिए मंगलवार को प्रांतीय राजधानी लाहौर सहित सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत के कई जिलों में चार दिन के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नौ से 12 नवंबर तक इस सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नक्वी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, धुंध के प्रभाव को कम करने के लिए पंजाब के लाहौर, गुजरांवाला और हाफिजाबाद संभाग में चार दिन के अवकाश की घोषणा की गई है। इन संभागों में पर्यावरण और स्वास्थ्य आपातकाल लगाया गया है। नक्वी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक और निजी कार्यालय, रेस्तरां, सिनेमा, पार्क और जिम बृहस्पतिवार से रविवार तक बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाजार और व्यापारिक केंद्र शनिवार और रविवार को बंद रहेंगे। हालांकि, विवाह हॉल, फार्मेसी और बेकरियां खुली रहेंगी। उन्होंने कहा कि छुट्टियां सिर्फ इसी सप्ताह के लिए है।

## काबुल में मिनी बस में विस्फोट में सात लोगों की मौत, 20 घायल

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शिया बहुल इलाके में एक मिनी बस में हुए विस्फोट में कम से कम सात लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि विस्फोट शहर के पश्चिमी हिस्से दश्ती बारची इलाके में हुआ। जादरान ने कहा कि विस्फोट के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। किसी ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े संगठनों ने अतीत में इस क्षेत्र में शिया स्कूलों, अस्पतालों और मस्जिदों को निशाना बनाया है।

## पाकिस्तान में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने पर ध्यान है: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह पाकिस्तान में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाने पर ध्यान दे रहा है जिससे उस देश की जनता को फायदा हो। महीनों के असमंजस को खत्म करते हुए, पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने इस महीने ऐलान किया था कि वह आठ फरवरी को आम चुनाव कराएगा। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्त वेदांत पेटल ने पाकिस्तान में आगामी चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि पाकिस्तानी लोगों के लाभ के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं और हमें इसे ही अपना समर्थन दे रहे है।

## गोपनीय दस्तावेज लीक मामला : अदालत ने खान के खिलाफ सुनवाई शुक्रवार तक स्थगित की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक विशेष अदालत ने गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद मंगलवार को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ राजनयिक गोपनीय दस्तावेज लीक मामले की सुनवाई 10 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में मुकदमे की सुनवाई की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख 26 सितंबर से इस जेल मे बंद है। उन्हे अटक कारावास से अडियाला जेल में स्थानांतरित किया गया था। खान की पार्टी के मुताबिक, जेल परिसर मे विशेष गोपनीयता अधिनियम के तहत सुनवाई की गई। अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान दर्ज किए और मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार 10 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## जन्मदिन पर उपहार के तौर पर दिया गया ग्रेनेड फटने से यूक्रेन सेना के मेजर की मौत

**कीव।** यूक्रेन के कमांडर इन चीफ के एक सहयोगी को उपहार के तौर पर दिया गया ग्रेनेड फटने से उनकी मौत हो गई। गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार को हुई इस दर्दनाक दुर्घटना में मेजर एच. चस्तियाकोव की मौत हो गई जबकि उनका 13 साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। क्लाइमेंको ने बताया कि कमांडर इन चीफ जनरल वलेरी जालूजिनई के शीर्ष सहयोगी और करीबी मित्र चस्तियाकोव के 39वें जन्मदिन पर उनके एक साथी ने उन्हें उपहार के तौर पर छह नए ग्रेनेड दिए थे। उन्होंने कहा कि चस्तियाकोव घर में अपने परिवार को ग्रेनेड दिखा रहे थे तभी उनके बेटे ने एक ग्रेनेड लिया और उसमें लगे छल्ले को घुमाने लगा।

# जी-7 से इतर जापान तथा ब्रिटेन के मंत्री सुरक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर चर्चा करेंगे


**तोक्यो।** जापान और ब्रिटेन के विदेश एवं रक्षा मंत्री एक नए सुरक्षा समझौते के तहत मंगलवार को अपने सैन्य सहयोग को प्रगाढ़ करने को लेकर बातचीत करेंगे। इस समझौते से उनकी सेनाओं को संयुक्त अभ्यास के लिए एक दूसरे के क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल जाएगी। चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता के बीच जापान और ब्रिटेन ने हाल के वर्षों में अपने सहयोग का विस्तार किया है। जापान का एकमात्र संधि सहयोगी अमेरिका रहा है लेकिन अब उसने ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ पारस्परिक पहुंच समझौते (आरएए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे ए देश भी उसके अर्ध-सहयोगी बन गए हैं। जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा और रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा एवं ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली और रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के बीच तोक्यो में वार्ता अक्टूबर के मध्य में आरएए के प्रभावी होने के बाद पहली बातचीत है। वे मंगलवार और बुधवार को सात उन्नत देशों के समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर मुलाकात कर रहे हैं, जिसमें इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। जापान-ब्रिटेन सुरक्षा संबंधों पर चार मंत्रियों की चर्चा में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के बीच मई में हुए जापान-ब्रिटेन हिरोशिमा समझौते के आधार पर अंतरिक्ष और साइबर सुरक्षा जैसे नए क्षेत्रों में संयुक्त अभ्यास और सहयोग का विस्तार शामिल होना है।

## फिलाडेल्फिया ऑर्केस्ट्रा समूह एक बार फिर चीन पहुंचा

बीजिंग। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग की बहुप्रतीक्षित बैठक से पहले फिलाडेल्फिया ऑर्केस्ट्रा का दल मंगलवार को बीजिंग पहुंचा। 50 साल पहले भी इस संगीत समूह ने चीन मे अपना ऐतिहासिक कार्यक्रम पेश किया था। ऑर्केस्ट्रा दल ने पहली बार सितंबर 1973 मे चीन का दौरा किया था, जो अमेरिका-चीन संबंधो मे नरमी का एक प्रतीक था। उस वक्त रिचर्ड निक्सन चीन का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति थे और उन्होने दोनो देशो के संबंधो मे सुधार की क्वायद शुरू हुई थी।

# रूस शीत युद्धकालीन सुरक्षा समझौते से बाहर हुआ, अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया

भाषा। मास्को



**रूस शीत** युद्ध के दौर के एक अहम सुरक्षा समझौते से खुद के बाहर होने का इरादा जाहिर करने के आठ साल बाद मंगलवार को इससे अलग हो गया। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि की राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा निंदा करते हुए प्रस्तावित विधेयक को रूसी संसद ड्यूमा के दोनों सदनों द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद यह घटनाक्रम हुआ। संधि का लक्ष्य पारस्परिक सीमाओं पर या उसके पास सैनिकों को जमा करने से शीत युद्ध के प्रतिद्वंद्वी देशों को रोकना था। संधि पर नवंबर 1990 में हस्ताक्षर किए गए थे लेकिन इसके दो साल बाद तक इसका पूर्ण अनुमोदन नहीं किया गया था। रूस और अमेरिका की भागीदारी वाले शीत युद्ध के दौर की कई बड़ी संधियों में से यह एक है, जिन्हें हाल में समाप्त किया गया है। रूस ने 2007 में अपनी भागीदारी रोक दी थी, और समझौते से पूरी तरह से बाहर होने के अपने इरादे की 2015 में घोषणा की थी। फरवरी 2022 में, मास्को ने पड़ोसी देश यूक्रेन में हजारों सैनिक भेजे थे। यूक्रेन की सीमा उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों पोलैंड, स्लोवाकिया, रोमानिया और हंगरी से लगी हुई है। मंगलवार को, मंत्रालय ने कहा कि संधि से औपचारिक रूप से बाहर होने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसने अमेरिका और इसके सहयोगी देशों को अपने इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराया। इसने कहा, हमने यूरोप में पारंपरिक शस्त्र नियंत्रण की व्यवहार्यता को बहाल करने के तरीकों पर वार्ता के लिए द्वार खुले रखे थे। लेकिन हमारे विरोधियों ने इस अवसर का लाभ नहीं उठाया।

## नाटो ने शीत युद्धकालीन सुरक्षा संधि को स्थगित करने की घोषणा की

**ब्रसेल्स।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने शीत युद्धकालीन एक सुरक्षा संधि से रूस के बाहर होने के जवाब में इसे औपचारिक रूप से स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की। नाटो ने कहा कि संधि पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्य समझौते में अपनी भागीदारी अब स्थगित कर रहे है। नाटो के 31 सदस्य देशों ने यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बल संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका लक्ष्य शीत युद्ध के दौर के प्रतिद्वंद्वी देशों को आपसी सीमाओं के पास सैनिकों को जमा करने से रोकना था। नाटो ने कहा कि एक ऐसी स्थिति जिसमें अन्य देश संधि का पालन करेंगे और रूस नही करेगा, कायम नही रहेगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि मास्को संधि से अलग हो गया है। इसके जवाब में, नाटो ने कहा कि जिन सहयोगियो ने हस्ताक्षर किए थे वे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने अधिकारों के अनुसार, जब तक आवश्यक हो संधि के कार्यान्वयन को स्थगित करने का इरादा रखते है तथा यह नाटो के सभी सदस्यो द्वारा पूरी तरह से समर्थित निर्णय है। नाटो ने रेखांकित किया कि उसके सदस्य सैन्य खतरे को कम करने, और गलत धारणाओं तथा संघर्षो को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नेपालः भूकंप के बाद के झटकों में 16 और लोग घायल

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट में सोमवार को तीन बार चार से अधिक तीव्रता के भूकंप के झटके आने के बाद कम से कम 16 लोग घायल हो गए। नेपाल के इसी क्षेत्र में कुछ दिन पहले आए जबरदस्त भूकंप के बाद सोमवार को फिर से भूकंप के झटके आए। सुरक्षा एजेंसियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। देश में आठ साल पहले विनाशकारी भूकंप आया था जिसमें 153 लोगों की मौत हो गई थी और 266 लोग घायल हुए थे। सोमवार को भूकंप के बाद के झटकों में घायल हुए लोगों के साथ नेपाल में भूकंप में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 266 हो गई है। सुरक्षा एजेंसियों से अधिकारियों ने कहा, पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट में सोमवार दोपहर को तीन बार चार से अधिक तीव्रता के भूकंप के झटके आए जिसमे 16 लोग घायल हो गए। रुकुम पश्चिम मे 10 लोग घायल हुए और छह अन्य जाजरकोट में घायल हुए। नेपाल मे पिछले शुक्रवार आधी रात को 6.4 तीव्रता का भूकंप का झटका आया था।

## पूरे दक्षिण अफ्रीका में सप्ताहांत में आयोजित दिवाली समारोह में हजारों लोग पहुंचे

जोहानिसबर्ग। आगामी रविवार को रोशनी के त्योहार से पहले, देश भर मे आयोजित दिवाली समारोहो मे सभी समुदायों के हजारों दक्षिण अफ्रीकी लोगों ने हिस्सा लिया। दक्षिण अफ्रीकी हिंदू महासभा (एसएएचएमएस) द्वारा आयोजित डरबन दिवाली महोत्सव ने तीन दिनों में सबसे अधिक भीड़ को आकर्षित किया, जिसमे सांस्कृतिक गतिविधियो, खाद्य स्टॉल, भारतीय फिल्मो और युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए योग सत्र की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। एसएएचएमएस के अध्यक्ष अश्विन त्रिकमजी ने पीटीआई-भाषा को बताया, 1998 से डरबन दिवाली महोत्सव न केवल डरबन के लोग बल्कि पूरे दक्षिण अफ्रीका के लोग एक विश्वव्यापी त्योहार के रूप में मनाते रहे हैं। दिवाली समारोह मे एक दिन सभी भारतीय भाषाई समूहो के पंडितो और गुरुओं के साथ हवन का आयोजन किया गया।

## अफगान पत्रकारों को निर्वासित न करे पाकिस्तानः मीडिया निगरानी समूह

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मीडिया निगरानी समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने पाकिस्तान से कहा है कि वह बिना दस्तावेज वाले 200 से अधिक उन अफगान पत्रकारों को निर्वासित न करे जिन्होंने 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान शासन की वापसी के चलते अपनी मातृभूमि छोड़ दी थी। मीडिया निगरानी समूह ने यह आग्रह अपंजीकृत विदेशियों, जिनमें से ज्यादातर अनुमानित तौर पर 17 लाख अफगान नागरिक हैं, पर कार्वाई शुरू होने के एक हफ्ते बाद किया है। अपंजीकृत विदेशियों को स्वेच्छा से देश छोड़ने के लिए दी गई एक महीने की छूट की अवधि समाप्त होने के बाद एक नवंबर को पाकिस्तान ने कार्वाई शुरू कर दी थी। गिरफ्तारी और जबरन निष्कासन से बचने के लिए लगभग 2,70,000 अफगान वापस अपने देश लौट गए हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी हैं जो चार दशकों से पाकिस्तान में रह रहे थे।

# ब्रिटेन : चार्ल्स ने महाराजा के तौर पर पहली बार संसद को संबोधित किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की राजगद्दी संभालने के बाद महाराजा चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को राष्ट्राध्यक्ष के तौर पर संसद को संबोधित किया। वह शाही लिबास और धूमधाम के साथ संसद परिसर में दाखिल हुए और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक नीत सरकार की अगले संसदीय वर्ष की योजनाओं का रूपरेखा पेश किया। संसद सत्र की उद्घाटन बैठक को संबोधित करने के लिए 74 वर्षीय महाराजा के साथ महारानी कैमिला भी थीं। यह समारोह हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपने शाही समारोह के माध्यम से हाउस ऑफ कॉमन्स की स्वतंत्रता का प्रतीक है। चार्ल्स ने अपने भाषण की शुरुआत अपनी मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय



को श्रद्धांजलि देने के साथ की। उनका संबोधन कई मामलों में प्रथम है जैसे सत्र की शुरुआत सुनक के नेतृत्व में हुई जो भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री हैं। पिछले 70 साल में पहली बार है जब संसद सत्र की शुरुआत महाराजा द्वारा की गई, इससे पहले 1950 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पिता और चार्ल्स के नाना जॉर्ज षष्ठम ने संसद सत्र के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया था। संसद के उद्घाटन सत्र में महाराजा द्वारा भाषण दिया जाता है लेकिन यह वास्तव में प्रधानमंत्री के साथ मिलकर तैयार किया जाता है जिसमें वह आने वाले महीनों के लिए विधाई एजेंडे की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं।

## नाइजीरिया : इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या की, खाद्य आपूर्ति को लेकर संकट गहराया

**मैदुगुड़ी।** नाइजीरिया के उत्तरपूर्व में इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या कर दी और कई अन्य किसानों को अगवा कर लिया। स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने ऐसे हमलों की हालिया घटनाओं के मद्देनजर कहा कि ए घटनाएं पहले से ही बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इलाके के निवासी डौडा इब्राहिम के मुताबिक, विद्रोहियों ने रविवार शाम को बोरनो राज्य के एरे जिले में अपने खेतों पर काम कर रहे किसानों पर हमला कर दिया और उनके सर कलम कर दिए। फिर वे गोलबारी कर दूसरों को घायल करते हुए भाग गए। मारे गए किसानों में से करीब छह लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। बोरनो पुलिस के प्रवक्ता दासो नाहुम ने हमले की पुष्टि की लेकिन यह कहते हुए ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया कि हालात का जायजा लेने के लिए पुलिस प्रमुख राज्य के इलाके में मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के मुताबिक, इस तरह के हमलों ने संकटग्रस्त क्षेत्र में भुखमरी के खतरे को और बढ़ा दिया है। इस संकटग्रस्त क्षेत्र में 44 लाख लोग पहले से भुखमरी का सामना कर रहे हैं।

# ब्रिटेन में स्तन कैंसर की रोकथाम के लिए एक और दवा के उपयोग को मंजूरी मिली

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने मंगलवार को कहा कि स्तन कैंसर के बढ़ते खतरे का सामना कर रहीं हजारों महिलाओं को इसका जोखिम-कम करने वाली दवा से लाभ होगा क्योंकि बीमारी को रोकने में मदद के उद्देश्य से इसे उपयोग के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। स्तन कैंसर के उपचार के लिए वर्षों से उपयोग की जा रही एनास्ट्रोजोल को आज ब्रिटेन की औषधि एवं स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद नियामक एजेंसी (एमएचआरए) ने एहतियाती विकल्प के रूप में लाइसेंस प्रदान कर दिया है। यह उम्मीद की जा रही है कि इससे इंग्लेंड में कैंसर के हजारों मामलों को रोकने में मदद मिलेगी। यह दवा पेटेंट से बाहर है। इसने परीक्षणों में प्रदर्शित किया है कि महिलाओं में रोग का बढ़ा हुआ खतरा करीब 50 प्रतिशत तक घट गया। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री विल क्विंस ने कहा, स्तन कैंसर ब्रिटेन में, महिलाओं में आमतौर पर पाया जाने वाला कैंसर है। इसलिए, मैं खुश हूं कि इस रोग की रोकथाम में मदद के लिए एक और प्रभावकारी दवा को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा, हम देख चुके हैं कि महिलाओं में बीमारी का पता चलने पर एनास्ट्रोजोल का उपचार में सकारात्मक प्रभाव हो सकता है और अब हम इसका उपयोग कुछ महिलाओं में स्तन कैंसर को विकसित होने से रोकने के लिए कर सकते हैं। एनएचएस इंग्लैंड के इनोवेटिव मेडीसिंस रीपरपोजिंग प्रोगाम का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोगियों को मौजूदा उपचारों से लाभान्वित करने के नए तरीके ईजाद करने का समर्थन करता है।

## आयूथवेदा का विस्तार

आयूथवेदा ने भारत में अपना विस्तार करते हुए अपना पहला स्टोर यूपी में खोला। इस वैश्विक स्किन केयर ब्रांड ने भारत में अपना पांचवां ईबीओ एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट और लूलू लखनऊ में अपना पहला आउटलेट खोला। संस्थापकनिदेशक डॉ. संचित शर्मा ने हमें बताया कि आयूथवेदा एमिल के घराने से है जो 1984 से अपने उत्कृष्ट आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल उत्पादों के साथ मानव जाति की सेवा कर रहा है और इसे भारत सरकार से 3 गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त भी हैं। आयूथवेदा स्किन केयर, बाथ और बॉडी केयर, स्किन केयर,हेयर केयर,इंटीमेट केयर और एक प्रामाणिक क्लासिक रेंज पर ध्यान देते हुए प्रभावी स्किन केयर उत्पाद प्रदान करता है,जो वास्तविक,सुरक्षित और प्रामाणिक आयुर्वेदिक उत्पादों का व्यापक अनुभव देते हैं।

# केन्या-सोमालिया में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ में 40 लोगों की मौत, हजारों लोग विस्थापित

**नैरोबी।** केन्या और सोमालिया में भारी बारिश व अचानक आई बाढ़ में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और दस हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। राहत एवं बचाव एजेंसियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।सोमालिया में संघीय सरकार ने बिगड़े मौसम से हुई तबाही के बाद राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की। सोमालिया में आपदा की वजह से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में मकान, सड़कें और पुल तबाह हुए हैं। आपात एवं बचाव कर्मी दक्षिणी सोमालिया के जुबालैंड राज्य के लुक जिले में बाढ़ के पानी में फंसे करीब 2400 लोगों तक पहुंच बनाने के प्रयास में जुटे हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने जुबा और शबेले नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ की चेतावनी दी और सभी लोगों को वहां से निकालने का आदेश दिया। एजेंसी के प्रबंध निदेशक हसन इस्से ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया, सोमालिया आपदा प्रबंधन एजेंसी संकट से निपटने के लिए सुचारू रूप से काम कर रही है और लोगों को बाहर निकालने में मदद करने के लिए उसने डोलो के वास्ते एक विमान को रवाना करने, किसमायो से लुक तक दो नाव और बारधीरे तक एक नाव भेजने की योजना बनाई है। अगले कुछ दिनों में मौजूदा बाढ़ की स्थिति और बिगड़ने की संभावना है क्योंकि ऊंचाई पर स्थित इथियोपियाई हाइलैंड्स से ज्यादा पानी नीचे की ओर आ सकता है। सोमालिया में लगातार चार वर्षों तक पड़े सूखे के बाद इस साल हुई भारी बारिश ने देश को अकाल के कगार पर ला खड़ा किया है। पड़ोसी देश केन्या में केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हुई भारी बारिश से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

## PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Nalini Tripathi W/o Late Sh. Nagendra Kumar Pandey, Cont. 99990 82505, Email: someshpatitripathi@gmail.com, R/o. 28-B, MIG Flat, Sheikh Sarai, Phase-1, Malviya Nagar, Delhi-110017, has applied for the conversion of aforesaid property. The original document Demand cum Allotment letter, this is my vide File No. F48(5)83/H/3/MIG/GENERAL issued by DDA of aforesaid property has been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 02/11/2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact-Deputy Director (LAB housing) MIG, D- Block, 3rd Floor, DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Fakir Mohammad Gouri is in process to avail LAP against his Second Floor of Property Bearing No. T-807, Area Measuring 55.76 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 301, Situated at Sukhdev Nagar, Koltla Mubarakpur New Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited), who acquired the same vide Sale Deed dated 26.06.2013 executed by Charanjit Kaur @ Prem Lata All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)** Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

## Public Notice

This is to inform the general public that **Sh. Kuldeep Kumar Bhardwaj & Smt. Ratna Bhardwaj**are the sole owners of Upper Ground Floor without Roof Rights area measuring 70 sq. yds. built on property no. 364 out of Khasra No. 551/431/164 in village Dhirpur Near Nirankari Colony New Delhi 110009. This ownership was legally acquired through a Sale Deeddated 05.04.2016 doc. No. 4218, executed by Sh. Arun Tyagi, Sh. Kapil Tyagi and Smt. Munindra Tyagi. **Sh. Kuldeep Kumar Bhardwaj & Smt. Ratna Bhardwaj** are now selling the above said property to **Mr.Himanshu Mittal** and further**Mr.Himanshu Mittal**,is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **Suryoday Small Finance Bank, Our Client**. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 7 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 7-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 7-day period by contacting **Law Veritas:North (Advocates &LegalConsultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल। पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम् सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL9SQ9790, | DL5SZ3256, | UP14N5977, |
| DL4SBB7488, | DL9SK7840, | DL9SQ0442, |
| DL4SNC2416, | PB11AE4726, | HR26X4594, |
| HR26AF2470, | DL3SBF5651, | DL9SL1113, |
| DL9SE4930, | DL3SBB3489, | DL4SAH9157, |
| UP32X7607, | DL1CM7616, | DL1RE1936, |
| DAB5226, | DL9CM3229, | DL1RF7996, |
| DL2SL5619, | MH02JP9690, | DL8CL5494, |
| DL3SY1001, | DL9CQ6278, | DL8CS2518, |
| MP09JX1745, | JK02AB1473, | UP93U0511, |
| DL1SD6579, | HR26BQ0649, | DL7CF4339, |
| DL4SW8452, | DL2CAH9220, | DL9CQS1981, |
| MH31AB6318, | DL3CS2011, | DL4CAV1111, |
| PB13N6393, | DL1CAB9451, | JDH2798, |
| DL4SQ6352, | RJ05RA2521, | HR26AS5966, |
| DL3SAM2979, | DL8CZ3439, | HR26W0331, |
| CH01V7974, | HR140472, | DL4CS4069, |
| MH31AL4431, | HRU2109, | DL9CN7515, |
| DL9SJ4621, | DL3CBF3194, | DL6SD1665, |
| DL2CAD4616, | DL1LJ3341, | DL4SBJ0911, |
| DL9CJ5417, | DL6SR8834, | DL7SAJ0460, |
| DL6SZ8464, | DL5SX1975, | DL4SAQ0871, |
| DL7SBA5874, | 1L1452971, | DL9SR6080, |
| DL3SAA3510, | UP32B0861, | DL4SBC6909, |
| DL3SR7556, | MP198221, | DL9SP6026, |
| DL3SBA5459, | DL3SP9434, | DL1SA1362, |
| DL3SBF0659, | JK02Q1473, | 58629913141, |
| DL4SAA6363, | DL5SE0514, | DL9CR1003, |
| DL1K0798, | DL6SS7842, | DL8CQ3884, |
| DL5CA3975, | DL3SAP1887, | DL4CE1790, |
| DL9CR8435, | DL9SQ5849, | HR26CA9412, |
| DL2CAB1344, | DL3SC7671, | DL9CR5925, |
| DL7CH5012, | DL9SH4155, | DL8CP2259, |
| DL5CE2991, | DL3SAE7046, | DL5CD3884, |
| DL3CAU0441, | BR1AG8053, | DL2CAE1598, |
| HR38J0975, | DL9SU6825, | DL3CBD1588, |
| DL8CR1591, | GJ12C5841, | DL8CZ6277, |
| UP77C9178, | DL9SN6709, | DL8CS3457, |
| PB10BL3562, | DL9CT5773, | DL8CS2517, |
| CH03F5320, | MALC181RL- | DL8CS3245, |
| DL9SV3390, | KM619502, | DL9CS6048, |
| DL4SBB5478, | DL2CAD9508, | DL1LK2377, |
| DL9SV8061, | DL9CD6787, | DL9CS6272, |
| DL9SG9095, | HR26CA4472, | DL3CAL5868, |
| DL9SR6151, | DL8CQ1782, | DL9CS2613, |
| DL6SV4689, | DL9CF2637, | UP67A7170, |
| UP76F7891, | DL3CAL6684, | HR06J5746, |
| MP33MA8277 | DL6CM3429, | DL5SU9582, |
| DL8SW8190, | DL4SAS4408, | WB20J7161, |
| DL9SJ0476, | DL9SK4120, | OR02N1768, |
| DL4SAM9568, | DL4SW0413, | JH05P6881, |
| DL6ST5042, | DL7SAB1163, | CH3009370, |
| UP25AA8519, | DL9SN6699, | DL7SAC1096, |
| DL3CAK9026, | DL9CQ3631, | DL9SV2995, |
| HR26AM6093, | DL9CR5448, | DL4SAU7043, |
| DL12CG0481, | DL3CAZ2913, | DL5SZ2948, |
| DL9CN9280, | UP07J0152, | DL9SR5229, |
| DL3CAX2756, | DL9SN9828, | DL8SAK9649, |
| HR26AT4293, | DL3SAZ8799, | DL4SAA6401, |
| DL9CK9443, | DL4SAF8809, | DL9SC5255, |
| DL4SAL7417, | DL3SP7462, | DL3SAY7781, |
| MP23MA9441 | DL4SBJ1048, | DL3CAW3570, |
| DL6SR8563, | KA25V2298, | DL1CQ3084, |
| DL3SAS7850, | DL4SBB0324, | DL9CAF8357, |
| HR01N8288, | DL9SR7040, | DL4CND3193, |
| DL1SF5664, | DL1SR6780, | DL1SR7308, |
| DL9CM4693, | DL9SV0838, | DL1SN6298, |
| UA07A2070, | DL4SBB7852, | DL8SS5370, |
| DL9SS5362, | DL4SAC4884, | DL4SBJ1099, |
| UP15Y6849, | DL6ST1219, | DL7SN9462, |
| DL3SZ4174, | UP80AP5469, | DL8SAK7916, |
| HR51C6907, | DL9SU6363, | DL8SAA9190, |
| DL3SAM6736, | DL8SAE7745, | DL4SBL1827, |
| DL3SAS8420, | MH12DC7920 | DL9SU3950, |
| DL3SAV9907, | MH14AD188, | DL4SAY8633, |
| DL3SAJ0730, | DL9SR5908, | DL9SC6212, |
| DL3SAX9934, | DL1SN6266, | PB09E2550, |
| DL3SAR6735, | DL2CAC1410, | DL9CN1101, |
| DL9CN9791, | DL1LJ8993, | DL3CAY6895, |
| MAT608527- | DL9CL3550, | DL4SAR8965, |
| ELC06840, | DL3CAJ4172, | DL5SN4678, |
| DL3CAW3321, | DL9CM5789, | DL9SR5897, |
| DL9CR8815, | DL14C0109, | PB02AE5047, |
| DL3CAW8641, | HR51H0239, | BR1W0684, |
| DL4CAH7180, | DL3CAQ7970, | BR1B1843, |
| RJ14CF4446, | DL2CAH9428, | DL4CAG9166, |
| TN09S6769, | DL3CBC1291, | DL9CS5396, |
| DL13S0652, | DL9CAD1011, | DL4CAJ4002, |
| DL9SG3933, | DL9SS3346, | DL3CAL5877, |
| DL9S2517, | DL9SU8368, | DL3CBV1889, |
| DL9SE4725, | DL2SL9255, | DL9CQS8875, |
| HR51T4347, | DL9SX1290, | DL3SAM7819, |
| DL7SBB2546, | DDK9464, | DL8CP2700, |
| DL3SBA8786, | DL3ST8696, | DL3CBF1331, |
| DL3SBC2519, | DL3SBA0305, | MAKFD163- |
| DL6SV3863, | DL6SK4204, | E8N104141, |
| DL6SAA4101, | PB05J8009, | DL9SU7439, |
| DL3CAL7557, | BR14B7954, | DL4CAH5017, |
| HR51AC8411, | DL6SR7291, | DL3CBW2251, |
| DL3CAP4781, | DL8ST7841, | DL9CZ1799, |
| DL3CBJ0139, | DL3SL7817, | UP16N8756, |
| BN1696, | DL9CK7867, | HR26AR3333, |
| DL9CT5101, | DL9CP9365, | DL9CAB1900, |
| DL1CM7494, | DL3CAU1235, | DL3CAB9747, |
| DL3SB9562, | DL1LJ4691, | DL1LL5361, |
| DL7SL2946, | DL3CBB1027, | DL4CAH7430, |
| DL3SL2376, | DL4CH8773, | DL8CS3399, |
| DL3SAP2946, | DL4CAG1620, | DL1CX4793, |
| DL9SS5043, | DL3CAK7155, | DL7CK1217, |
| OR14F0165, | DL4SAZ8827, | DL4CNA0185, |
| DL3SAK5640, | DL4SBK6409, | DL9CP6835, |
| DL3SBC1185, | CIN8701, | DL3CAB6398 |
| DL3SAJ6042, | RJ14SW7717, | |

# नीतीश एससी-एसटी, ओबीसी के लिए कोटा बढ़ाने के पक्ष में

## मौजूदा सत्र में कानून बनने की संभावना



**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए कोटा (आरक्षण) बढ़ाने के अपने इरादे की घोषणा करते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा विधानसभा सत्र में इस आशय का कानून लाने की संभावना है। कुमार ने अपनी सरकार द्वारा कराए गए महत्वाकांक्षी जातिगत सर्वेक्षण पर एक विस्तृत रिपोर्ट बिहार विधानसभा के पटल पर पेश किए जाने के बाद हुई चर्चा में भाग लेते हुए यह बयान दिया। उन्होंने पांच दिवसीय बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन कहा, एससी और एसटी के लिए मिलाकर आरक्षण कुल 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए। इसी तरह ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। हम उचित परामर्श के बाद आवश्यक कदम उठाएंगे। हमारा चालू सत्र में इस संबंध में आवश्यक कानून लाने का इरादा है।

सर्वेक्षण के अनुसार अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) उपसमूह सहित ओबीसी, राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत है जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं। मुख्यमंत्री के बयान का राज्य की राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है और इससे देश के अन्य हिस्सों से आरक्षण बढ़ाने की मांग उठ सकती है। कुमार ने बिहार में जातिगत सर्वेक्षण को बोगस बताए जाने की भी निंदा की। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को प्रत्युत्तर देते हुए कहा, कुछ लोग कहते हैं कि अन्य जातियों के नुकसान के लिए कुछ समुदायों के आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। ए सब बोगस बात है, नहीं बोलना चाहिए था।

शाह ने दो दिन पहले मुजफ्फरपुर जिले में एक रैली में नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत राज्य के जातिगत सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों और यादवों की आबादी को बढ़ाकर दिखाने का आरोप लगाया था और कहा था कि इसका अन्य पिछड़े वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शाह ने नीतीश कुमार पर यह भी आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने सहयोगी दल राजद के प्रमुख लालू प्रसाद के दबाव में ऐसा किया। लालू प्रसाद इन दोनों समुदायों को अपना प्रबल समर्थक मानते हैं। कुमार ने लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मौजूदगी में सदन को संबोधित करते हुए कहा कि यहां तक कि उनकी अपनी जाति (कुर्मी) भी कुल आबादी का एक छोटा प्रतिशत है।

इस सर्वेक्षण से पहले हमारे पास केवल धारणाएँ थीं, संबंधित समूहों की जनसंख्या का अनुमान लगाने के लिए कोई ठोस डेटा नहीं था। आखिरी बार जातिगत गणना 1931 की जनगणना में की गई थी। इसके अलावा हमें यह भी समझना चाहिए कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के बाद प्रजनन दर में गिरावट आ रही है। सामाजिक क्षेत्रों में जहां यह परिवर्तन अधिक स्पष्ट है, वहां जनसंख्या अनुपात में गिरावट होगी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनकी सरकार रिपोर्ट की एक प्रति केंद्र को भेजेगी जिसमें समाज के कमजोर वर्गों पर लक्षित उपाय करने के लिए अतिरिक्त सहायता की मांग की जाएगी।

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता कुमार ने कहा, इस अवसर पर मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपने अनुरोध को फिर से दोहराना चाहूंगा। उन्होंने कहा, हमने अनुमान लगाया है कि गरीबों की स्थिति में सुधार के लिए राज्य को 2.51 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ उठाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वेक्षण के अनुसार बिहार में 94 लाख परिवार गरीब हैं जो 6000 रुपए या उससे कम की मासिक आय पर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा रखे गए प्रस्तावों में से एक गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से उत्पादक कार्य करने के लिए प्रत्एक को दो लाख रुपए की सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा उनकी सरकार ने आवास निर्माण के लिए ऐसे प्रत्एक परिवार को एक लाख रुपए देने की योजना बनाई है जिनके पास रहने के लिए कोई घर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर हमें विशेष दर्जा मिलता है, तो हम दो से तीन वर्षों में अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होंगे। अन्यथा इसमें अधिक समय लग सकता है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि यह सर्वेक्षण केंद्र को राष्ट्रव्यापी जनगणना के अनुरोध पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि इस मांग को लेकर उन्होंने बिहार के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करते हुए दो साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी।

# केसीआर का आरोप, कांग्रेस ने संसदीय चुनाव में आंबेडकर को हराया था

**चेन्नूरामंथनी (तेलंगाना)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने संसदीय चुनाव (1950 के दशक में) में डॉ बी आर आंबेडकर को हराया था तथा उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) दलितों के कल्याण के लिए खड़ी है। राव ने यहां एक चुनावी रैली में कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने राजधानी हैदराबाद में राज्य सचिवालय के पास आंबेडकर की दुनिया की सबसे ऊंची 125 फुट की प्रतिमा स्थापित की और अनुसूचित जाति के उत्थान के लिए दलित बंधु जैसी योजनाएं भी शुरू कीं।

केसीआर ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगते हुए लोगों से कहा कि वे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से पहले राजनीतिक दलों के कार्य निष्पादन रिकॉर्ड से अवगत रहें, क्योंकि वोट अगले पांच वर्षों के भाग्य का फैसला करेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, दलितों को (अन्य दलों द्वारा) वोट-बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया। बीआरएस सरकार अंतिम दलित परिवार को दलित बंधु का लाभ मिलने तक काम करेगी। आंबेडकर ने दलितों के लिए बहुत संघर्ष किया। यह कांग्रेस पार्टी ही थी जिसने (पहले) संसदीय चुनाव में उनकी (आंबेडकर की) हार सुनिश्चित की थी। संसदीय चुनाव में आंबेडकर को किसने हराया, इसका इतिहास आपको जानना चाहिए। कांग्रेस ने उन्हें हराया और उनकी विचारधारा को लागू नहीं किया। भाजपा पर निशाना साधते हुए राव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार हवाई अड्डों, बंदरगाहों, रेलवे और कोयला खदानों को भी बेच रही है। राव ने कहा कि यह उनकी सरकार थी जिसने एससीसीएल के मुनाफे को बढ़ाया। जनसभा में ज्यादातर सिंगरेनी कोइलीरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के श्रमिक और कर्मचारी शामिल थे।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं की शिक्षा के महत्व पर नीतीश की टिप्पणी से विवाद

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनसंख्या नियंत्रण के लिए महिलाओं की शिक्षा के महत्व पर टिप्पणी को लेकर मंगलवार को विवाद उत्पन्न हो गया और राज्य की विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर निशाना साधा। जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए महिलाओं के बीच शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए, कुमार ने सदन में इसका विवरण दिया कि कैसे एक शिक्षित महिला अपने पति को संभोग के दौरान रोक सकती है।

उन्होंने कहा, पति के कृत्यों के कारण अधिक बच्चे पैदा होते हैं। हालांकि शिक्षा हासिल करने के बाद एक महिला जानती है कि उसे कैसे रोकना है... यही कारण है कि (जन्म की) संख्या में कमी आ रही है। उन्होंने कहा, आप, पत्रकार भी इसे अच्छी तरह समझते हैं। पहले यह (प्रजनन दर) 4.3 थी, लेकिन अब यह घटकर 2.9 हो गई है। और, जल्द ही हम 2 तक पहुंच जाएंगे।

बिहार में विपक्षी दल भाजपा ने नीतीश कुमार पर प्रजनन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बोलकर राज्य की महिलाओं को शर्मिंदा करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक गायत्री देवी और स्वीटी हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री पर उम्र हावी हो गई है और ऐसा लगता है कि उन्होंने मर्यादा खो दी है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सम्राट चौधरी ने कहा, नीतीश कुमार ने बिहार की 6.5 करोड़ महिलाओं को शर्मसार किया है। मैं उनसे हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूं कि कोई भी बात बोलने से पहले उन्हें इसका ध्यान रखना चाहिए कि वे क्या बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया, यह पहली बार नहीं है जब सार्वजनिक रूप से मुख्यमंत्री का व्यवहार अविवेकपूर्ण रहा है। मुझे लगता है कि बिहार में मां-बहनें अब नीतीश कुमार की सभा में जाने से कतराएंगीं।

हालांकि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बचाव करते हुए कहा, मुख्यमंत्री ने जो भी कहा है, उसे सही परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। ये बातें स्कूलों में बच्चों को यौन शिक्षा के हिस्से के रूप में बताई जाती हैं। कांग्रेस विधायक नीतू देवी ने भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुरे इरादे से नहीं बोला। उन्होंने कहा, वह (कुमार) एक साधारण बात कहने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन भाजपा इसको लेकर शरारत कर रही है।

# कांग्रेस चाहती है कि समाजवादी विचारधारा खत्म हो जाए: अखिलेश यादव

**भाषा।** भोपाल



**सपा प्रमुख** अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस चाहती है कि समाजवादी विचारधारा खत्म हो जाए, लेकिन उनकी पार्टी का संकल्प इसे और अधिक फैलाने का है। यादव मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में निवाड़ी जिले के ओरछा में रामराजा मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सपा और कांग्रेस द्वारा गठबंधन नहीं करने के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, "हम राजनीति में हैं क्योंकि हमारी विचारधारा उनसे अलग है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा , कुछ परिस्थितियों के कारण हम कांग्रेस के साथ थे लेकिन कांग्रेसियों को एहसास हुआ कि समाजवादियों की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए हमें लौटा दिया गया। सपा प्रमुख ने कहा, हम समाजवादी अपनी ही पार्टी को खत्म नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इसी विचारधारा को नेता जी (उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव) ने आगे बढ़ाया था, जिसके लिए राम मनोहर लोहिया ने नेहरू (जवाहरलाल नेहरू) के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा, हम समाजवादी विचारधारा को खत्म नहीं होने देंगे। कांग्रेस चाहती है कि समाजवादी विचारधारा खत्म हो जाए। हमारा संकल्प इस विचारधारा को और अधिक फैलाने का है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर सपा और कांग्रेस में मतभेद हो गया। विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा होने के बावजूद दोनों दल मध्यप्रदेश में अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता कांग्रेस और भाजपा से परे बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि इस क्षेत्र (बुंदेलखंड) के 90 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं और जिनके पास खेती की जमीन नहीं है वे नौकरियों के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या यहां (मध्य प्रदेश) और दिल्ली (केंद्र) में डबल इंजन सरकार बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने के लिए बनाई गई थी?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में गरीब लोगों के लिए केंद्र की मुफ्त राशन योजना को अगले पांच वर्षों तक बढ़ाने की घोषणा की। यादव ने कहा कि भाजपा ने दावा किया है कि लोग गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी से बाहर आ गए हैं, अगर लोग बीपीएल श्रेणी से बाहर आ गए हैं, अगर ऐसा हुआ है तो पांच साल तक मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारी अर्थव्यवस्था की कमजोरी को दर्शाता है। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में सपा के लिए गुंजाइश है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीट के लिए 17 नवंबर को चुनाव होंगे।

# ईडी कार्यालय पहुंचे पवन कुमार बंसल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पवन कुमार बंसल मंगलवार को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। यह तत्काल पता नहीं चला है कि क्या वह किसी जांच के सिलसिले में ईडी अधिकारियों से मिले। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल (75) से एजेंसी ने आखिरी बार अप्रैल, 2022 में कांग्रेस पार्टी से संबंधित यंग इंडियन कंपनी में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ की थी। यंग इंडियन के पास नेशनल हेराल्ड अखबार का स्वामित्व है। पूर्व केंद्रीय मंत्री से एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के प्रबंध निदेशक और कांग्रेस के अंतरिम कोषाध्यक्ष के रूप में पूछताछ की गई थी। नेशनल हेराल्ड एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

# उमर ने अमरनाथ मंदिर तक वाहन पहुंचने योग्य सड़क के निर्माण की आलोचना की

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को अमरनाथ गुफा मंदिर तक वाहन पहुंचने योग्य सड़क के निर्माण पर सवाल उठाया और कहा कि इस तरह से पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करना अच्छा नहीं है और यह इसे नष्ट करने के समान है। उमर ने कहा कि वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा वर्षों से चल रही है और वहां वाहन ले जाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कुछ आसान व्यवस्था प्रदान करना एक बात है, लेकिन इस मामले पर दोबारा विचार करने की सख्त जरूरत है। ऐसी जगहों पर वाहन ले जाना उन्हें नष्ट करने के समान है। जब से यात्रा शुरू हुई है, यहां के लोग (अमरनाथ) यात्रियों को अपने कंधों पर उठाकर ले गए हैं, और ऐसा करना जारी रखेंगे। हमारे पर्यावरण के साथ इस तरह से खिलवाड़ करना अच्छा नहीं है। उमर ने कहा कि अमरनाथ यात्रा के दौरान कुछ कठिनाइयों का सामना करना आम है।

# पोकरण के चुनावी समर में हिंदू महंत का मुकाबला मुस्लिम धर्मगुरुके बेटे से

**पोकरण (राजस्थान)।** राजस्थान में 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में पोकरण विधानसभा सीट पर हार जीत का फैसला सिर्फ 872 वोट के अंतर से हुआ था जहां इस बार मुकाबला एक हिंदू महंत और मुस्लिम धर्म गुरु के बेटे के बीच है। कांग्रेस के मौजूदा विधायक सालेह मोहम्मद को उम्मीद है कि लोग उनके विकास कार्यों के लिए वोट करेंगे, न कि धार्मिक आधार पर। सालेह मोहम्मद ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस बार चुनाव विकास के बारे में है। कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं और धर्म कोई मुद्दा नहीं है। चुनाव में हिंदू-मुस्लिम कोई कारक नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके या सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है।

राज्य की अशोक गहलोत सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सालेह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बड़े बड़े नेता प्रचार के लिए आएंगे तो धर्म के आधार पर भाषण देंगे, लेकिन इसका अब लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार एवं महंत स्वामी प्रताप पुरी जोर देकर कहते हैं कि विकास कार्यों पर कांग्रेस पार्टी के दावे मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनाव से पहले की गई घोषणाएं हैं। पुरी ने पीटीआई भाषा से कहा, मैं पिछले पांच वर्षों से लोगों से जुड़ा हुआ हूं। कांग्रेस अपने काम की बात तो कर रही है लेकिन उनमें से ज्यादातर सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित हैं और चुनाव से ठीक पहले की गई घोषणाएं केवल लोगों को लुभाने का प्रयास भर है।

भाजपा नेता ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए "मामूली" काम की तुलना केंद्र के काम से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार काम तो शुरू करती है लेकिन वह काम पूरा होगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। पुरी और सालेह मोहम्मद दोनों का अपने अपने समाज पर प्रभाव है। पुरी राजपूत समाज के नेता और बाड़मेर जिले में तारातारा मठ के धार्मिक प्रमुख यानी महंत हैं जबकि सालेह मोहम्मद के भारत में और सीमा पार पाकिस्तान में बड़ी संख्या में समर्थक हैं। अपने पिता गाजी फकीर की मृत्यु के बाद वह अब पाकिस्तान में सिंधी मुसलमानों के धार्मिक प्रमुख पीर पगारो के प्रतिनिधि हैं।

राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर में पोकरण निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 2.22 लाख मतदाता हैं जिनमें से अधिकांश मुस्लिम या राजपूत हैं। यहां करीब 60,000 मुस्लिम, 40,000 राजपूत, 35,000 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, 10,000 जाट, 6,000 बिश्नोई, 5,000 माली और 3,000 ब्राह्मण मतदाता हैं। वैसे तो दोनों नेता अपने धार्मिक वोट बैंकों पर भरोसा कर रहे है जबकि अन्य समुदायों का समर्थन उम्मीदवारों का भाग्य तय कर सकता है। स्थानीय मुद्दे और पिछले पांच वर्षों में लोगों के साथ नेताओं के व्यक्तिगत संबंध भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

पोकरण के स्थानीय निवासी जाकिर खान ने कहा, निस्संदेह, निर्वाचन क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों में विकास कार्य हुए हैं। लेकिन ऐसे भी उदाहरण रहे जब विधायक ने अपने समुदाय के लोगों पर ध्यान नहीं दिया लेकिन दूसरों के लिए काम किया। एक अन्य स्थानीय निवासी अकबर खान ने कहा, लोग धार्मिक आधार पर वोट करते हैं लेकिन हमेशा धर्म पर वोट नहीं दिए जाते है। जब मतदान की बात आती है तो समाज के मुद्दे और लोगों से जुड़ाव भी मायने रखता है। वहीं चाय विक्रेता मनोहर सिंह ने कहा कि यह बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदाय के बीच स्पष्ट लड़ाई है। उन्होंने कहा, हिंदू भाजपा को वोट देंगे जबकि मुस्लिम कांग्रेस को वोट देंगे। अन्य समुदाय परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एक निवासी गीतू देवी ने कहा, हम उस उम्मीदवार को वोट देंगे जिसका लोगों से बेहतर जुड़ाव होगा। उन्होंने गहलोत सरकार के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया और इसकी कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक मनोहर जोशी ने कहा कि क्षेत्र में चुनाव आमतौर पर सिर्फ उम्मीदवारों के प्रदर्शन के बारे में नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि पोकरण को कॉलेज मिले हैं, गांवों के लिए बेहतर सड़क संपर्क, एक बेहतर जिला अस्पताल, एक परिवहन पंजीकरण कार्यालय और अन्य चीजें मिली हैं।

# भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र है, ऐसा बनाने की कोई जरूरत नहीं : होसबाले

**भुज (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ का मानना है कि भारत को हिंदू राष्ट्र में परिवर्तित करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश हमेशा से ऐसा है। उन्होंने गुजरात में कच्छ जिले के भुज में संघ के तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के अंतिम दिन संवाददाताओं से यह कहा। होसबाले ने कहा, भारत पहले से हिंदू राष्ट्र है और भविष्य में भी ऐसा बना रहेगा। डॉ हेडगेवार ने कभी कहा था कि देश में जब तक हिंदू हैं, यह देश हिंदू राष्ट्र है। संविधान, राज्य व्यवस्था के बारे में बात करता है, जो अलग चीज है। एक राष्ट्र के रूप में, भारत हिंदू राष्ट्र था, है और बना रहेगा।

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि भारत हिंदू राष्ट्र कब बनेगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता के बारे में सोचना और समाज की बेहतरी के लिए कुछ वक्त देना हिंदुत्व है। उन्होंने कहा, आरएसएस लोगों को यह महसूस कराने के लिए काम करता है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। इस तरह, हिंदू राष्ट्र बनाने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि भारत पहले से ऐसा है। आरएसएस यही मानता है। आरएसएस महासचिव (सरकार्यवाह) ने दावा किया कि देश के समक्ष एक मुख्य चुनौती इसे उत्तर बनाम दक्षिण के आधार पर बांटना है। उन्होंने कहा, कुछ लोग अब कह रहे हैं कि दक्षिण भारत, उत्तर भारत से अलग है। दक्षिण (को शेष भारत) से अलग करने के लिए यह दावा करते हुए राजनीतिक और बौद्धिक स्तर पर साजिश रची जा रही है कि वे द्रविड़ हैं और उनकी भाषा भी अलग है। लोगों को इसका विरोध करने के लिए आगे आना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसे लोग सफल ना हों।

होसबाले ने कहा कि जैसा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले महीने विजयादशमी पर अपने भाषण में उल्लेख किया था कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद और सामाजिक व राजनीतिक अन्याय के प्रति संवेदनशील लोगों का व्यवहार एवं रुख देश के समक्ष एक और चुनौती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के 22 जनवरी को उद्घाटन से पहले, आरएसएस कार्यकर्ता इस अवसर पर देश के लोगों को वहां आमंत्रित करने के लिए एक जनवरी से 15 जनवरी तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएंगे, जिसके तहत वे घर-घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां आरएसएस की बैठक में, पाकिस्तान से लगी सीमा वाले कच्छ जिले के गांवों सहित सीमावर्ती गांवों से हिंदुओं के पलायन पर भी चर्चा किया गया। उन्होंने कहा, हमने सीमावर्ती गांवों में विकास और सुरक्षा पर चर्चा की। लोग इन गांवों में सुविधाओं का अभाव होने के चलते कहीं और पलायन कर रहे हैं। धर्मांतरण भी वहां रहे हैं। हम इन मुद्दों पर गौर कर रहे हैं।

# नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर राजनीति न हो : वेंकैया नायडू

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मंगलवार को कहा कि राज्यों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। नायडू ने छात्रों और उनके अभिभावकों को घर में अपनी मातृभाषा में बात करने की सलाह दी, साथ ही इस बात पर जोर भी दिया कि किसी पर कोई भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए। वह इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 वर्तमान शैक्षिक प्रणाली में बहुत सारे बदलाव ला रही है। प्रत्एक विश्वविद्यालय और शिक्षक को नीति को पढ़ना चाहिए और इसे अच्छी भावना से लागू करना चाहिए।

नायडू ने अपने संबोधन में कहा, यह सभी राज्य सरकारों से मेरी अपील है। एनईपी के क्रियान्वयन पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए क्योंकि यह देश के पक्ष में है। दीक्षांत समारोह का उद्घाटन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया, जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।

दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 552 स्नातक, 172 स्नातकोत्तर और 15 डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गई। भारत के दक्षिणी हिस्सों में हिंदी के विरोध का उदाहरण लेते हुए नायडू ने कहा कि व्यक्ति को अधिक से अधिक भाषाएं सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा, दक्षिण में तमिलनाडु जैसे राज्यों में, हिंदी को लेकर कुछ विरोध है...सभी भारतीय भाषाएं महान हैं, आप हिंदी सीखे बिना जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते क्योंकि यह बड़ी संख्या में लोगों द्वारा बोली जाती है। स्नातकों को बधाई देते हुए, उपराज्यपाल सक्सेना ने छात्रों को अपने जुनून को आगे बढ़ाने और देश के विकास में योगदान देकर हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की सलाह दी।

# बिहार में एक तिहाई से अधिक परिवारों की मासिक आय छह हजार रुपए से कम: सर्वेक्षण रिपोर्ट

**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को पेश की गई जाति सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में रहने वाले एक तिहाई से अधिक परिवार गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं और उनकी मासिक आय छह हजार रुपए या उससे कम है। रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया कि सवर्ण जातियों में काफी गरीबी है। हालांकि, पिछड़े वर्गों, दलितों और आदिवासियों में यह प्रतिशत अनुमानतः काफी अधिक है। बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार राज्य में लगभग 2.97 करोड़ परिवार हैं जिनमें से 94 लाख से अधिक (34.13 प्रतिशत) परिवार गरीब हैं। चौधरी ने राज्य सरकार द्वारा कराई गई जाति आधारित गणना की एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की गई जिसके प्रारंभिक निष्कर्ष दो अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य की उपस्थिति में सार्वजनिक किए गए थे।

चौधरी ने इस प्रक्रिया को ऐतिहासिक करार दिया और आंकड़ों के प्रमाणिक होने का दावा किया। उन्होंने राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा सत्तारूढ़ महागठबंधन पर राजनीतिक हित के लिए आंकड़ों में हेरफेर करने के आरोपों का खंडन करते हुए कहा, हमें याद रखना चाहिए कि किसी जाति की जनसंख्या प्रतिशत में वृद्धि कोई उपलब्धि नहीं है। इसी तरह प्रतिशत में गिरावट का मतलब नुकसान नहीं है। मंत्री ने विभिन्न आधारों पर सर्वेक्षण को चुनौती देने के पटना उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में पूर्व में दायर किए गए मुकदमों पर भी नाराजगी व्यक्त की। हालांकि, शीर्ष अदालत ने प्रक्रिया को वैध करार दिया था। मंत्री ने भारत के सॉलिसिटर जनरल द्वारा सर्वेक्षण को लेकर जताई गई चिंता का संदर्भ देते हुए परोक्ष रूप से केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने इस अवसर पर यह भी दोहराया कि इस मांग को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित दो प्रस्तावों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से व्यक्तिगत अनुरोध के बावजूद जाति सर्वेक्षण करने के प्रति केंद्र ने अनिच्छा जताई जिसके राज्य सरकार ने अपने स्तर पर सर्वेक्षण करवाया। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वेक्षण के निष्कर्षों ने कई सकारात्मक पहलुओं का संकेत मिला है। उन्होंने कहा कि साक्षरता की दर में सुधार हुआ है और यह 2011 की जनगणना के अनुसार 69.8 प्रतिशत से बढ़कर 79.8 प्रतिशत हो गई और महिलाओं ने शिक्षा के मामले में अपेक्षाकृत लंबी छलांग लगाई हैं।

मंत्री ने कहा, इसमें आश्चर्य की बात नहीं है कि राज्य में लिंगानुपात में भी सुधार हुआ है, जहां प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 918 से बढ़कर 953 हो गई है। रिपोर्ट के अन्य महत्वपूर्ण निष्कर्षों के अनुसार 50 लाख से अधिक बिहारवासी आजीविका या बेहतर शिक्षा के अवसरों की तलाश में राज्य से बाहर रह रहे हैं। बिहार के बाहर दूसरे राज्यों में जीविकोपार्जन करने वालों की संख्या लगभग 46 लाख है जबकि अन्य 2.17 लाख लोग विदेशों में रह रहे हैं।

दूसरे राज्यों में पढ़ाई करने वालों की संख्या लगभग 5.52 लाख है जबकि लगभग 27,000 विदेश में भी पढ़ाई कर रहे हैं। रिपोर्ट के प्रारंभिक निष्कर्षों के मुताबिक राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की राज्य की कुल आबादी में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से अधिक है जबकि सवर्ण जातियों की आबादी में हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत है। बिहार विधानसभा के समक्ष पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में सवर्ण जातियों के बीच गरीबी की दर (25 प्रतिशत से अधिक) अधिक है। हिंदू समुदाय में सबसे समृद्ध सवर्ण जाति संख्यात्मक रूप से छोटे कायस्थ हैं। बड़े पैमाने पर शहरीकृत समुदाय के केवल 13.83 प्रतिशत परिवार गरीब हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक भूमिहार समुदाय में आश्चर्यजनक रूप से गरीबी दर 27.58 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि माना जाता है कि बिहार में सबसे अधिक भूमि इसी समुदाय के पास है। इस सर्वेक्षण के प्रारंभिक निष्कर्षों के मुताबिक यादव सबसे प्रमुख ओबीसी समूह है जिसकी कुल आबादी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 1931 की जनगणना में विभिन्न सामाजिक वर्गों की गणना की गई थी और तब से सबसे अधिक आबादी वाले समुदाय के रूप में उनकी स्थिति बरकरार है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह तुष्टिकरण की राजनीति के तहत राज्य के जाति सर्वेक्षण में जानबूझकर मुस्लिमों और यादवों की आबादी बढ़ाकर दिखा रही है। अमित शाह ने नीतीश पर अपने सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। इन दोनों समुदायों को लालू प्रसाद का प्रबल समर्थक माना जाता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विवरण में कहा गया है कि राजनीतिक रूप से आगे बढ़ने के बावजूद यादव काफी हद तक गरीबी से उबर नहीं पाए हैं और समुदाय के 35 प्रतिशत से अधिक लोग गरीब हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुर्मी समुदाय से आते हैं और सर्वेक्षण के मुताबिक उनकी आबादी में करीब 30 प्रतिशत लोग गरीब हैं। सर्वेक्षण में मुसलमानों के बीच जाति विभाजन को भी ध्यान में रखा गया जो कुल मिलाकर राज्य की आबादी का 17 प्रतिशत से अधिक है। सैय्यद में गरीबी की दर सबसे कम 17.61 प्रतिशत है। सर्वेक्षण के मुताबिक अनुसूचित जातियों में 42.91 प्रतिशत परिवार गरीब हैं जबकि अनुसूचित जनजातियों में गरीबों की संख्या 42.78 प्रतिशत हैं।

# मैक्सवेल के तूफान में उड़ा अफगानिस्तान

● ऑस्ट्रेलिया शान से सेमीफाइनल में

भाषा। मुंबई




**पैर में जकड़न** के बावजूद ग्लेन मैक्सवेल के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और कप्तान पैट कमिंस के साथ उनकी रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने बेहद विषम परिस्थितियों से उबरते हुए मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को तीन विकेट से हराकर लगातार छठी जीत के साथ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अफगानिस्तान के 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैक्सवेल (128 गेंद में 201 रन, 21 चौके, 10 छक्के) ने दोहरा शतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर सात विकेट गंवाने के बावजूद 46.5 ओवर में सात विकेट पर 293 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैक्सवेल ने कमिंस (68 गेंद में नाबाद 12) के साथ आठवें विकेट के लिए 202 रन की अटूट साझेदारी की जो एकदिवसीय क्रिकेट के इतिहास में अंतिम तीन विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इस साझेदारी में मैक्सवेल के दबदबे का अंदाजा इससे लगता है कि उनका योगदान इसमें 179 रन का रहा। मैक्सवेल ने मुजीब उर रहमान पर लगातार तीन छक्के और एक चौका जड़कर ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले मुजीब ने ही उनका कैच टपकाया था। मैक्सवेल इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकदिवसीय क्रिकेट में शीर्ष स्कोरर बने। उन्होंने शेन वाटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने अप्रैल 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 185 रन बनाए थे। साथ ही यह लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप में सबसे बड़ी जीत भी है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया के आठ मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं और टीम तीसरे स्थान पर है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर की हौसलाअफजाई से प्रेरित इक्कीस साल के सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने 143 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 129 रन की पारी खेली जिससे अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 291 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की टीम अंतिम पांच ओवर में 64 रन जोड़ने में सफल रही। राशिद खान ने डेथ ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंद में नाबाद 35 रन बनाए।

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तानः** गुरबाज का स्टार्क बो हेजलवुड 21, जादरान नाबाद 129, शाह का हेजलवुड बो मैक्सवेल 30, शाहिदी बो स्टार्क 26, उमरजई का मैक्सवेल बो जंपा 22, नबी बो हेजलवुड 12, खान नाबाद 35, **अतिरिक्तः** 16, **कुलः** 50 ओवर में पांच विकेट पर: 291 रन, **विकेट पतनः** 1-38, 2-121, 3-173, 4-210, 5-233, **गेंदबाजीः** स्टार्क 9-0-70-1, हेजलवुड 9-0-39-2, मैक्सवेल 10-0-55-1, कमिंस 8-0-47-0, जंपा 10-0-58-1, हेड 3-0-15-0, स्टोइनिस 1-0-2-0

**ऑस्ट्रेलियाः** वार्नर बो अजमतुल्लाह 18, हेड का इकराम बो नवीन 00, मार्श पगबाधा बो नवीन 24, लाबुशेन रन आउट 14, इंग्लिस का इकराम बो अजमतुल्लाह 00, मैक्सवेल नाबाद 201, स्टोइनिस पगबाधा बो राशिद 06, स्टार्क का इकराम बो राशिद 03, कमिंस नाबाद 12, **अतिरिक्तः** 15, **कुलः** 46.5 ओवर में सात विकेट पर: 293 रन, **विकेट पतनः** 1-4, 2-43, 3-49, 4-49, 5-69, 6-87, 7-91, **गेंदबाजीः** मुजीब 8.5-1-72-0, नवीन 9-0-47-2, अजमतुल्लाह 7-1-52-2, राशिद 10-0-44-2, नूर 10-1-53-0, नबी 2-0-20-0

# इंग्लैंड की नजरें चैम्पियंस ट्रॉफी की दावेदारी मजबूत करने पर

● नीदरलैंड पर जीत के साथ मिलेगी सफलता

भाषा। पुणे



**विश्व कप में** बेहद निराशाजनक प्रदर्शन कर खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी गत चैम्पियन इंग्लैंड की टीम बुधवार को जब नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने जीत के साथ चैम्पियंस ट्रॉफी में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने की चुनौती होगी। इंग्लैंड सात मैचों में महज एक जीत के साथ 10 टीमों की तालिका में आखिरी पायदान पर है जबकि नीदरलैंड की स्थिति उससे थोड़ी बेहतर है। टीम इतने ही मैचों में दो जीत और चार अंक के साथ नौवें स्थान पर है। दोनों टीमें आधिकारिक तौर पर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर है। इंग्लैंड शनिवार को चिर-प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया से 33 रन की हार का सामना करना पड़ा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट के दौरान बताया कि मेजबान पाकिस्तान के अलावा विश्व कप की शीर्ष सात टीमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। इसके बाद से सभी टीमों ने इसमें जगह बनाने के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया। चार साल बाद चैम्पियन बनी इंग्लैंड की टीम के लिए इस बार विश्व कप में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। इससे पहले इंग्लैंड की कोई भी टीम विश्व कप में इतने अधिक मैच नहीं हारी है। हालात यह है कि नीदरलैंड के खिलाफ भी टीम को तगड़ा दावेदार नहीं माना जा रहा है। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड को नीदरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि कागजों पर मजबूत दिखने वाली थ्री लायन्स की टीम का आत्मविश्वास काफी नीचे गिर गया है।

## एएफसी कपः ओडिशा एफसी ने मालदीव की टीम माजिया को हराया

माले (मालदीव)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम ओडिशा एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए एएफसी कप के ग्रुप डी मैच में मंगलवार को यहां माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन को 3-2 से शिकस्त दी। ओडिशा की टीम माजिया को उनके घरेलू मैदान पर हराने से पहले अपने घरेलू मैदान पर 6-1 से जीत दर्ज की थी। इस जीत से ओडिशा एफसी कप (महाद्वीप की दूसरी स्तरीय क्लब प्रतियोगिता) के अंतर-क्षेत्रीय सेमीफाइनल में आगे बढ़ने की उम्मीदें को जीवित रखा है, जबकि हार से माजिया की मुश्किलें बढ़ गई।

## ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए 17 साल के एंड्रिक को टीम में शामिल किया

रियो डी जिनेरियो। ब्राजील ने इस महीने कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच के लिए पहली बार 17 साल के स्ट्राइकर एंड्रिक को टीम में शामिल किया है। चोट के कारण टीम में विनीसियस और नेमार जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा नही है। एंड्रिक ने घरेलू लीग मे पाल्मेरास को ब्राजीलियाई चैंपियनशिप जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह अगले साल रियाल मैड्रिड से जुड़ेंगे। ब्राज़ील 16 नवंबर को बैरेंक्विला में कोलंबिया से भिड़ेगा और पांच दिन बाद माराकाना स्टेडियम में विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना की मेजबानी करेगा। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में अर्जेंटीना 12 अंकों के साथ तालिका मे शीर्ष पर है।

## इस साल के आखिर में नंबर वन रहेंगी स्वियातेक

**केंकुन (मैक्सिको)।** दो महीने पहले नंबर वन का ताज गंवाने वाली इगा स्वियातेक ने यहां जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स और शीर्ष रैंकिंग फिर हासिल कर ली। पोलैंड की स्वियातेक ने सत्र की आखिरी इस चैम्पियनशिप में 5-0 रिकॉर्ड रखा। उनका 2023 में रिकॉर्ड 68-11 का हो गया जिसमें छह खिताब शामिल है। उन्होंने जून में फ्रेंच ओपन जीता जो उनके कैरियर का चौथा खिताब था। अमेरिका की पेगुला ने ग्रुप चरण मे नंबर एक एरिना सबालेंका को और चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को हराया। इसके बाद सेमीफाइनल मे तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉ को मात दी। इसकेबाद फाइनल में स्वियातेकसे हार गई।


# कोई पछतावा नही, अगर खेल भावना के अनुसार नही है तो नियम बदलें : शाकिब



भाषा। नई दिल्ली

**बांग्लादेश** के कप्तान शाकिब अल हसन ने आईसीसी विश्व कप मुकाबले में सोमवार को यहां श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज के टाइम आउट होने को लेकर हुए विवाद पर कहा कि उन्हें इसका कोई पछतावा नहीं है और अगर यह खेल भावना के विपरीत है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को इस पर गौर करना चाहिए और नियमों में बदलाव करना चाहिए। मैथ्यूज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बने। मैथ्यूज जैसे ही क्रीज पहुंचे और हेलमेट लगाने लगे तो उसका स्ट्रैप टूट गया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम से दूसरा हेलमेट लाने का इशारा किया लेकिन इसमें दो मिनट से अधिक का समय लग गया। इस बीच शाकिब ने मैथ्यूज के खिलाफ टाइम आउट की अपील की और अंपायर मराइस इरासमस ने उन्हें आउट करार दे दिया। शाकिब से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें इस पर कोई पछतावा है तो उन्होंने टीम की तीन विकेट की जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बिल्कुल नहीं। हमारा एक क्षेत्ररक्षक मेरे पास आया और कहा कि यदि आप अपील करते हैं, तो नियम कहता है कि वह आउट है क्योंकि उसने समय सीमा के भीतर अपना गार्ड नहीं लिया है। तो फिर मैंने अंपायरों से अपील की, अंपायर ने मुझसे कहा कि आप उसे वापस बुलाएंगे या नहीं। मैंने कहा कि अगर वह आउट है, तो आप उसे वापस बुलाएं, यह अच्छा नहीं लगता। मैंने कहा कि मैं उसे वापस नहीं बुलाऊंगा। उन्होंने कहा, हम अंडर-19 विश्व कप से साथ खेल रहे हैं इसलिए मैं एंजेलो को 2006 से जानता हूं। हां, यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन नियमों के अनुसार है। हमने श्रीलंका के खिलाफ काफी मैच खेले हैं। मैथ्यूज और मैं एक दूसरे को अच्छे से जानते हैं उन्होंने आकर मुझसे पूछा कि क्या मैं अपनी अपील वापस लेना चाहता हूं या नहीं। मैंने कहा कि मैं आपकी स्थिति को समझता हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता। अगर उनका यह कदम खेल भावना के अनुसार नहीं है तो फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को नियम बदलना चाहिए। अगर ऐसा है तो फिर आईसीसी को इस पर गौर करना चाहिए और नियमों में बदलाव करना चाहिए। शाकिब से जब यह पूछा गया कि अगर वह एक बल्लेबाज के रूप में मैथ्यूज की जगह खुद को रखते हैं तो कैसा महसूस करेंगे।

## यह शर्मनाक, खेल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाः एंजेलो मैथ्यूज



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने बांग्लादेश के खिलाफ उनके टाइम आउट के लिए विरोधी टीम और कप्तान शाकिब अल हसन की अपील को शर्मनाक करार दिया और कहा कि इससे खेल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। मैथ्यूज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट होने वाले पहले बल्लेबाज बने। मैथ्यूज जैसे ही क्रीज पहुंचे और हेलमेट लगाने लगे तो उसका स्ट्रैप टूट गया। उन्होने ड्रेसिंग रूम से दूसरा हेलमेट लाने का इशारा किया लेकिन इसमें दो मिनट से अधिक का समय लग गया। इस बीच शाकिब ने मैथ्यूज के खिलाफ टाइम आउट की अपील की और अंपायर मराइस इरासमस ने उन्हें आउट करार दे दिया। मैथ्यूज ने कहा कि उन्होने कुछ भी गलत नही किया था और यह सिर्फ साजो सामान के खराब होने से जुड़ी समस्या थी। मैथ्यूज ने श्रीलंका की तीन विकेट की हार के बाद संवाददाताओं से कहा, मैंने कुछ भी गलत नही किया था। मेरे पास क्रीज पर पहुंचने और खुद को तैयार करने के लिए दो मिनट का समय था, जो मैने किया। और फिर यह एक उपकरण की खराबी थी। और मुझे नही पता कि सामान्य समझ कहां गई। अगर वे इस तरह क्रिकेट खेलना चाहते है तो जाहिर तौर पर यह शाकिब और बांग्लादेश के लिए शर्मनाक है। अगर वे उस स्तर तक गिर गए है तो मुझे लगता है कि कुछ बहुत गलत है। नियम कहता है कि आपको दो मिनट के भीतर तैयार रहना होगा और मै वहां दो मिनट 45 या 50 सेकेंड तक था। मेरा हेलमेट टूटने के बाद भी मेरे पास पांच सेकेंड और थे और अंपायरो ने भी हमारे कोच से कहा है कि उन्होंने मेरा हेलमेट टूटते नही देखा। मै सिर्फ अपना हेलमेट मांग रहा था। यह सिर्फ सामान्य समझ है। मै मांकडिग या क्षेत्ररक्षण मे बाधा डालने की बात नही कर रहा हूं। यह बिल्कुल सामान्य समझ है। खेल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया। यह बेहद शर्मनाक है। मैच के बाद श्रीलंका के खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाड़ियों के साथ हाथ नही मिलाया, टीम के इस बर्ताव के बारे मे पूछे जाने पर मैथ्यूज ने कहा, आपको उन लोगों का सम्मान करना होगा जो हमारा सम्मान करते है। मेरा मतलब है कि हम सभी इस खूबसूरत खेल के दूत है जिनमे अंपायर भी शामिल हैं। तो फिर यदि आप सम्मान नही करते है और यदि आप अपनी सामान्य समझ का उपयोग नही करते है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करना हमारा लक्ष्यः इंग्लैंड के सहायक कोच होपकिंसन

**पुणे।** विश्व कप मे बेहद निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गत चैम्पियन इंग्लैंड खिताबी दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन सहायक कोच कार्ल होपकिंसन ने कहा कि टीम पाकिस्तान मे 2025 मे खेले जाने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए आखिरी दो मैचों मे पूरा दमखम लगाएगी। मेजबान पाकिस्तान के साथ विश्व कप मे शीर्ष आठ स्थानों पर रहने वाली टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। इंग्लैड विश्व कप मे सात मैचो मे एक जीत के साथ तालिका मे 10वें और अंतिम स्थान पर है। टीम को बुधवार को नीदरलैंड और फिर शनिवार (11 नवंबर) को पाकिस्तान का सामना करना है। नीदरलैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर होपकिंसन ने कहा, जाहिर है, ईमानदारी से कहूं तो, मुझे नही लगता कि जब आप इंग्लैड के लिए खेलते है तो कभी भी कोई मुकाबला महत्वहीन होता है। मुझे लगता है कि आने वाले मैचों के लिए पूरी तरह से इसके लिए तैयार है। हमारे पास दो मैच है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने के लिए हमे दोनों मैच जीतने होंगे। होपकिंसन ने इस बात से इनकार किया कि टीम मुख्य ध्यान टेस्ट मैचों पर है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी कर टेस्ट मे बड़ी कामयाबी हासिल की है। नही, ऐसा बिल्कुल नही है।

## मैंने मैच से पहले कहा था कि मैं सचिन तेंदुलकर की तरह बल्लेबाजी करूंगाः इब्राहिम जादरान

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान ने भारतीय दिग्गज सचिन तेंदुलकर से बल्लेबाजी के गुर सीखे, जिसका असर तुरंत ही देखने को मिला और वह अफगानिस्तान की तरफ से विश्व कप मे शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। जादरान ने नाबाद 129 रन बनाए जिससे अफगानिस्तान पांच विकेट पर 291 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा करने मे सफल रहा। जादरान ने इसके बाद तेंदुलकर का आभार व्यक्त किया। जादरान ने रिकार्ड पारी खेलने के बाद कहा, मेरी सचिन तेंदुलकर के साथ अच्छी बातचीत हुई थी। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए तथा मैने मैच से पहले कहा था कि मै सचिन तेंदुलकर की तरह बल्लेबाजी करूंगा। उनसे बात करके मुझे ऊर्जा और आत्मविश्वास मिला। मै अफगानिस्तान की तरफ से विश्व कप मे पहला शतक लगाकर बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैने वास्तव मे इस टूर्नामेंट के लिए काफी कड़ी मेहनत की थी। पाकिस्तान के खिलाफ मै शतक से चूक गया था लेकिन आज सफल रहा।

## शाकिब चोट के कारण विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन उंगली मे फ्रैक्चर के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप मे आखिरी मुकाबले से मंगलवार को बाहर हो गए। इस हरफनमौला खिलाड़ी को सोमवार को फिरोज शाह कोटला मे श्रीलंका पर बांग्लादेश की तीन विकेट की जीत के दौरान बल्लेबाजी करते समय बाई तर्जनी मे चोट लग गई थी। मैच के बाद एक्स-रे जांच मे फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को पुणे मे खेले जाने वाले मैच से बाहर हो गए। आईसीसी ने बांग्लादेश टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान के हवाले से मंगलवार को कहा, शाकिब को अपनी पारी की शुरुआत मे बाई तर्जनी पर चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने टेप और दर्द निवारक दवाओं के साथ बल्लेबाजी करना जारी रखा। मैच के बाद दिल्ली मे उनका आपातकालीन एक्स-रे हुआ जिसमे बाएं पीआईपी जोड़ मे फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस चोट के तीन से चार सप्ताह मे ठीक होने का अनुमान है। वह अपने रिहैबिलिटेशन (चोट से उपचार और उबरने की प्रक्रिया) के लिए आज बांग्लादेश रवाना होगे। अनामुल हक बिजॉय को शाकिब के स्थान पर बांग्लादेश टीम मे शामिल किया गया है।

## अदालत ने बर्खास्त श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बहाल किया

**कोलंबो।** मौजूदा विश्व कप मे मेजबान भारत के हाथो बड़ी हार के बाद सरकार द्वारा बर्खास्त किए जाने के एक दिन बाद अदालत ने मंगलवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) प्रशासन को बहाल कर दिया। भारत ने मुंबई मे श्रीलंका को 302 रन के बड़े अंतर से हराया था। इसके बाद बड़े पैमाने पर लोगो मे आक्रोश को देखते हुए खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने सोमवार को पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा की अध्यक्षता मे सात सदस्ईय अंतरिम समिति नियुक्त की। शम्मी सिल्वा के नेतृत्व वाले एसएलसी ने अदालत मे इसके खिलाफ अर्जी दी। अदालत ने उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए रणसिंघे द्वारा जारी अधिसूचना को 14 दिनो के लिए निलंबित कर दिया। सिल्वा प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि अदालत का आदेश एसएलसी को बहाल करने के समान है और बोर्ड पहले की तरह काम करना जारी रखेगा। रणतुंगा ने प्रशासन संभालने के लिए सोमवार को एसएलसी मुख्यालय का दौरा किया। इससे पहले सोमवार को राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अध्यक्षता मे मंत्रिमंडल की बैठक मे एसएलसी को बर्खास्त करने की चर्चा हुई। विक्रमसिंघे ने एसएलसी प्रशासन पर विवाद की जांच के लिए विदेश मंत्री अली साबरी की अध्यक्षता मे मंत्रिमंडल उप समिति का गठन किया। रणतुंगा इससे पहले राष्ट्रीय खेल परिषद के प्रमुख रह चुके है। वह एसएलसी मे सिल्वा प्रशासन पर सवाल उठाते रहे है।

## फिंच ने जंपा को सफेद गेंद का शीर्ष स्पिनर आंका

**मुंबई।** पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि बल्लेबाज का दिमाग पढ़ने की क्षमता ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को फिलहाल सफेद गेद के दो प्रारूप मे शीर्ष स्पिनर बनाती है। जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले पांच मैचो मे कम से कम तीन विकेट चटकाकर विश्व कप मे टीम के अभियान को पटरी पर लौटाया है और टीम लगातार पांच जीत दर्ज करने मे सफल रही है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट पर अपने कॉलम मे लिखा, जब आप किसी टीम या खिलाड़ी के खिलाफ अधिक खेलते है तो आप अपनी तैयारी मे काफी सहज हो जाते है लेकिन जंपा प्रत्एक मैच मे कोई कसर नही छोड़ता। उन्होंने कहा, यह उसके प्रदर्शन की अविश्वसनीय निरंतरता से जाहिर होता है। पिछले कुछ वर्षो मे दुनिया भर मे सफेद गेद के दो प्रारूप मे वह संभवतः शीर्ष स्पिनर है। यह उसके कौशल की अच्छी पहचान है। मोटेरा पर ओस के बीच जंपा 12वें ओवर मे गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने इंग्लैंड के जोस बटलर, बेन स्टोक्स और मोईन अली को आउट किया। जंपा ने 10 ओवर मे 21 रन देकर तीन विकेट चटकाए जो उनके करियर का सबसे किफायती स्पैल है। ऑस्ट्रेलिया के 287 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गत चैंपियन टीम 48.1 ओवर मे 253 रन पर सिमट गई और उसकी सेमीफाइनल मे जगह बनाने की रही सही उम्मीद भी टूट गई।

## सेंटनेर, रविंद्र बांग्लादेश दौरे के लिए न्यूजीलैंड टीम में

**क्राइस्टचर्च।** बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर को बांग्लादेश के खिलाफ इस महीने के आखिर मे होने वाली दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम मे शामिल किया गया है। सेंटनेर ने अपने कैरियर के 24 टेस्ट मे से आखिरी टेस्ट जून 2021 मे इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स पर खेला था। वह ऐजाज पटेल और ईश सोढी के साथ स्पिन का जिम्मा संभालेगे। इसके अलावा आफ स्पिन हरफनमौला रचिन रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स भी टीम मे है। तेज गेंदबाज काइल जैमीसन भी फिट होकर टीम में लौटे है जो कप्तान टिम साउदी और मैट हेनरी के साथ तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। पहला टेस्ट 28 नवंबर से सिलहट में और दूसरा छह दिसंबर से ढाका में खेला जाएगा।

# बीसीसीआई महिला अंतर क्षेत्रीय टूर्नामेंटः उत्तर क्षेत्र की अगुवाई करेंगी शेफाली




भाषा। नई दिल्ली

भारत की युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा 24 नवंबर से 4 दिसंबर के बीच लखनऊमें होने वाले अंतर क्षेत्रीय महिला टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर क्षेत्र की टीम की अगुवाई करेंगी। शेफाली के साथ हरलीन देओल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज तान्या भाटिया और भारतीय टीम से बाहर चल रही सुषमा वर्मा को भी टीम में जगह दी गई है। तेज गेंदबाज अमनजोत कौर और अंडर-19 स्टार श्वेता सहरावत, काशवी गौतम और मन्नत कश्यप भी 15 सदस्ईय टीम का हिस्सा हैं। टीम इस प्रकार है: शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत, पारुशी प्रभाकर, हरलीन देओल (उपकप्तान), सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), तान्या भाटिया (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, काशवी गौतम, नीलम बिष्ट, मन्नत कश्यप, पारुनिका सिसौदिया, अमनदीप कौर, चित्रा सिंह जम्वाल, सुमन गुलिया, मधु धामा।

# अब तक संन्यास पर फैसला नहीं : छेत्री

भाषा। नई दिल्ली



**भारत के** करिश्माई फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने स्वीकार किया है कि वह अपने करियर के बोनस पीरियड में हैं लेकिन उन्होंने संन्यास लेने की कोई तारीख तय नहीं की है। हालांकि यह तय है कि 39 साल के छेत्री 2026 में नहीं खेलेंगे जब फुटबॉल विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। छेत्री ने इस महीने होने वाले भारत के विश्व कप 2026 के दूसरे दौर के क्वालीफायर से पूर्व कहा, मुझे खुशी है कि मैं यहां हूं। यह मेरे लिए बोनस पीरियड है, मैं सिर्फ इसका लुत्फ उठा रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह कब समाप्त होगा। मैं सिर्फ इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं। फीफा.कॉम ने छेत्री के हवाले से कहा, मैं 39 बरस का हूं इसलिए जहां तक मैदान पर उतरने का सवाल है तो मेरे कोई दीर्घकालीन लक्ष्य नहीं हैं। मैं अगले तीन महीने के बारे में सोचता हूं और फिर अगले तीन महीने के बारे में और फिर देखते हैं कि क्या होता है। भारत को ग्रुप ए में कतर, कुवैत और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। टीम 16 नवंबर को कुवैत से उसकी सरजमीं पर खेलेगी जबकि 21 नवंबर को भुवनेश्वर में कतर से भिड़ेगी। प्रत्एक नौ ग्रुप का विजेता और उप विजेता 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाएगा। तीसरे दौर में 18 टीमों को छह टीम के तीन ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम 2026 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी जबकि तीसरे और चौथे स्थान की टीम चौथे दौर में जगह बनाएंगी जहां से एशियाई क्षेत्र से दो और क्वालीफायर का फैसला होगा। जून 2026 में जब अगला विश्व कप होगा तो छेत्री 42 साल के होने वाले होंगे और उन्होंने स्वीकार किया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलना शायद उनके लिए संभव नहीं हो। जब मैं सपने देखता हूं, तो मैं एक भारतीय के रूप में, एक प्रशंसक के रूप में अधिक सपने देखता हूं। मैं किसी भी क्षमता में वहां मौजूद हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मुझे पता है कि मैं एक प्रशंसक बनूंगा। मैं भारत द्वारा खेले जाने वाले हर मैच को देखूंगा और अपने देश की हौसलाअफजाई करूंगा।

# ऑक्सफोर्ड अकादमी के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण सहित जीते 14 पदक



**लखनऊ।** ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने जयपुर में स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित चतुर्थ इंडीपेंडेंस कप ताइक्कांडो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए 6 स्वर्ण, 7 रजत, 1कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। गत 4 व 5 नवंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अकादमी के निदेशक मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव ने बधाई दी। पदक विजेता- क्योरगी इवेंट स्वर्ण पदक-अनुभव तिवारी सब जूनियर अंडर-29 किग्रा- कुणाल यादव सब जूनियरअंडर. 32 किग्रा अनुराज मौर्या ,कैडेट अंडर 32.किग्रा, रजत पदक यशवर्धन सिंह-कैडेट अंडर-37 किग्रा। कांस्य पदकरू सिद्धार्थ सिंह-सब जूनियर अंडर-29 किग्रा पूमसे इवेंट-स्वर्ण पदक -अनुराज मौर्या कैडेट, सिद्धार्थ सिंह,सब जूनियर श्रेयांश नायक, सब जूनियर। रजत पदक-मयंक तिवारी, कुणाल यादव,आशुतोष मिश्रा, अनुभव तिवारी, आनंद तिवारी, अभय शर्मा सभी सब जूनियर। कांस्य पदक - संस्कार शुक्ला सब जुनियर।

## अंकित व दीपक ने ब्रेवर्स क्लब को दिलाई जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच अंकित कुमार व दीपक यादव 3-3 विकेट की गेंदबाजी से ब्रेवर्स क्लब ने 19वीं बीबीडी सी डिवीजन क्रिकेट लीग में तारिक क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से पराजित किया। डीजीआई स्टेडियम पर तारिक क्लब निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 24.3 ओवर में 61 रन ही बना सका। अभिनव कुमार-14 व राजवीर प्रताप 11 ही टिक कर खेल सके। अंकित कुमार व दीपक यादव ने 3-3 विकेट चटकाए। जवाब में ब्रेवर्स क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 9-4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 62 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत में मनमोहन यादव ने 14,आदित्य कुशवाह ने नाबाद 18 और ओंकार सिंह ने नाबाद 13 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

# उत्तर क्षेत्र-2 व कॉरपोरेट सेंटर का दबदबा जारी

● पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट



**लखनऊ।** कॉरपोरेट सेंटर ने पावरग्रिड टी-20 अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में वरुण सिंह -47,की उम्दा पारी के बाद मैन ऑफ द मैच अमनदीप की गेंदबाजी से पूर्व क्षेत्र-1 को 77 रन से हराया। दूसरी ओर उत्तर क्षेत्र-2 ने मैन ऑफ द मैच निखिल झा 77 के अर्धशतक से पूर्व क्षेत्र-2 को 17 रन से शिकस्त दी। भारत सरकार की महारत्न कंपनी पावरग्रिड उत्तरी क्षेत्र-3 द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में पूल बी में कॉरपोरेट सेंटर ने चार मैचों में चार जीत के चलते आठ अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। पश्चिम क्षेत्र-2 के तीन मैचों में तीन जीत और पूर्व क्षेत्र-1 के पांच मैचों में तीन जीत के चलते 6-6 अंक रहे लेकिन नेट रन रेट के चलते क्रमश दूसरे व तीसरे स्थान पर चल रहे है। पूल ए में उत्तर क्षेत्र-2 के तीन मैचों में तीन जीत और उत्तर क्षेत्र-1 के चार मैचों में तीन जीत के साथ 6-6 अंक रहे लेकिन नेट रन रेट के चलते उत्तर क्षेत्र दृ 2 पहले और उत्तर क्षेत्र-1 दूसरे स्थान पर चल रहा है। इस पूल में पूर्व क्षेत्र -2 चार मैचों में दो जीत के चलते 4 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। लार्ड बालाजी ग्राउंड पर कॉरपोरेट सेंटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 183 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज वरुण सिंह-47 व उदित देसवाल 26 ने पारी की शुरुआत की। जवाब में पूर्व क्षेत्र-1 निर्धारित ओवर में 4 गेंद शेष रहते हुए 106 रन पर सिमट गया। गुंजन गगन 43 ने पूरी कोशिश की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कॉरपोरेट सेंटर से अमनदीप ने 4 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट हासिल किए। जयपुरिया ग्राउंड पर उत्तर क्षेत्र-2 ने मैन ऑफ द मैच निखिल झा-77 के अर्धशतक से पूर्व क्षेत्र -2 को 17 रन से हराया। एनआर-2 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में पूर्व क्षेत्र-2 की टीम निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। लार्ड बालाजी ग्राउंड पर दक्षिण क्षेत्र -1 ने मैन ऑफ द मैच उपेंद्र 4 विकेटए 29 रन के आलराउंड प्रदर्शन से पूर्वोत्तर क्षेत्र को 6 विकेट से हराया। एनईआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में दक्षिण क्षेत्र-1 ने 19.5 ओवर में 4 विकेट पर जीत के लिए जरूरी 147 रन बना लिए। जीत में तिरुपति ने 31ए उपेंद्र ने 29 एवं एसपवाजी ने नाबाद 39 रन का योगदान किया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में छठे नंबर पर

*नई दिल्ली।* हांगझोउ एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छठे नंबर पर पहुंच गई। भारत अब इंग्लैंड से ऊपर 2368 . 83 रेटिंग अंक के साथ छठे स्थान पर है। भारतीय महिला टीम एशियाई खेलों से पहले आठवें स्थान पर थी। हांगझोउ में भारत ने कांस्य पदक जीता और रांची में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में अपराजेय रहते हुए खिताब हासिल किया। भारतीय टीम पिछले साल भी एफआईएच प्रो लीग के दौरान रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची थी। नीदरलैंड रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज है जबकि आस्ट्रेलिया दूसरे और अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम चौथे और जर्मनी पांचवें स्थान पर है। भारतीय टीम रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेलेगी। इसमें उसका सामना जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली, अमेरिका, इटली और चेक गणराज्य से होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गांगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।